e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 116
# प्रभात मंत्र
शनिवार
29.04.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

आप हमेशा खुद से प्रश्न करिये कि मैं ऐसा क्यों हूं? सफ़लता आपके कदम चूमेगी।

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 30°
न्यूनतम 18°

## मुख्यमंत्री ने झारखंड की जनता के लिए पहली बार एयर एंबुलेंस सेवा का किया शुभारंभ

# गंभीर मरीजों के लिए वरदान साबित होगा एयर एंबुलेंस सेवा : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य के आम नागरिकों को आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एयर एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया गया है। राज्य में स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ करने की दिशा में यह एक महत्त्वपूर्ण कदम है। आज जहाँ एक तरफ हम विकास के नये आयाम को छू रहें हैं, वहीं दूसरी तरफ कोरोना जैसी महामारी हमारे सामने आपदा के रूप में चुनौती बनकर आई है। कोरोना ने हमें आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ करने की अहमियत को बताया है। कोरोना के अलावा भी आज हमें कई नई एवं गंभीर बीमारियों के बारे में विभिन्न श्रोतों से जानकारी मिलती रहती है। इन बीमारियों से लड़ने के लिए हम राज्य में स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं कई ऐसी बीमारियाँ भी हैं जिनमें बेहतर ईलाज के लिए राज्य से बाहर जाना जरूरी हो जाता है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बिरसा मुंडा हवाईअड्डा स्थित स्टेट हैंगर में झारखंड की जनता के लिए पहली बार एयर एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सेवा का उपयोग सिर्फ जो पैसे दे सकते वही कर पाएंगे ऐसा नहीं है, इसमें आवश्यकतानुसार जो पैसे नहीं भी दे सकता है, उसको भी एयर एंबुलेंस के माध्यम से ले जाने और स्वास्थ सेवा उपलब्ध कराने की मंशा हमारी सरकार की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनेता हो, सरकारी कर्मचारी हो या आम नागरिक सबके लिए स्वास्थ्य सेवा एक समान होना चाहिए। यहां बड़े पैमाने पर लोग एयर एंबुलेंस का उपयोग कर दूसरे राज्यों में बेहतर चिकित्सा के लिए जाते हैं।

### हेल्थ इमरजेंसी में सस्ती एवं सर्वसुलभ एयर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराना लक्ष्य

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि अभी तक राज्य के आम नागरिकों को आपातकालीन स्थिति में एयर एम्बुलेंस सेवा प्राप्त करने के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ता था। कोई ऐसा डेडिकेटेड सेल नहीं था, जहाँ सम्पर्क स्थापित कर आसानी से एयर एम्बुलेंस की सेवा प्राप्त की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली, मुम्बई, हैदराबाद, चेन्नई जैसे महानगरों में एयर एम्बुलेंस सेवा प्रदाता से सम्पर्क स्थापित कर काफी मशक्कत के बाद राज्य में एयर एम्बुलेंस उपलब्ध हो पाता था। साथ ही इसकी लागत इतनी अधिक थी कि वो आम जनता की पहुँच के लगभग बाहर ही था। इन्हीं समस्याओं के समाधान तथा राज्य की जनता को हेल्थ इमरजेंसी में सस्ती एवं सर्वसुलभ एयर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराने की सोंच के साथ इस सेवा का शुभारम्भ किया गया है।




**रांची के अलावा राज्य के देवघर, बोकारो, जमशेदपुर, धनबाद, गिरिडीह एवं दुमका में भी यह सेवा उपलब्ध होगी।**

**मुख्यमंत्री ने बिरसा मुंडा हवाई अड्डा स्थित स्टेट हैंगर में एयर एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया।**

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री श्री बादल पत्रलेख, विधायक इरफान अंसारी, विधायक राजेश कच्छप, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, एयरपोर्ट अथॉरिटी के निदेशक के.एल.अग्रवाल, कैप्टन एस.पी. सिन्हा सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सिर्फ पैसे वालों को नहीं बल्कि गरीबों को भी एयर एंबुलेंस सेवा प्रदान करने का प्रयास

### दूरभाष पर सम्पर्क कर अथवा ई-मेल के माध्यम से एयर एम्बुलेंस की सेवा प्राप्त कर सकेंगे

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि नागर विमानन प्रभाग द्वारा एयर एम्बुलेंस सेवा के लिए राज्य स्तरीय एक सेल का गठन किया गया है।

अब राज्य की जनता दूरभाष पर सम्पर्क कर अथवा ई-मेल के माध्यम से एयर एम्बुलेंस की सेवा प्राप्त कर सकती है। सीएम ने कहा कि वर्त्तमान में राँची से नई दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, वाराणसी, लखनऊ एवं तिरूपति प्रमुख गंतव्य के रूप में निर्धारित किए गए हैं। राँची के अलावा देवघर, बोकारो, जमशेदपुर, धनबाद, गिरिडीह एवं दुमका में भी यह सेवा उपलब्ध होगी।

**अभी यह सेवा नई दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, वाराणसी, लखनऊ एवं तिरूपति प्रमुख के रूप में निर्धारित किए गए हैं।**

### जल्द सैकड़ों एंबुलेंस सेवा राज्य को मिलेगी

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज आपकी सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कड़ी जोड़ने का प्रयास किया है। झारखण्ड की भगौलिक संरचना विषम है। ऐसी स्थिति में स्वास्थ सेवा उपलब्ध कराना एक चुनौती कहीं-कहीं आकर खड़ी होती है। इस क्रम में लोगों को सैकड़ों एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई गई है। इन परिस्थितियों को देखते, समझते हुए स्वास्थ्य सेवाओं पर कई बदलाव होता रहा है। आज हम लोगों ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में जहां बड़े वाहन नहीं जा सकते हैं। वहां मोटरसाइकिल एंबुलेंस सेवा भी देना प्रारंभ कर दिया है। बहुत जल्द सैकड़ों एंबुलेंस राज्य को मिलने जा रही है।

## क्विक न्यूज

### चाईबासा : आईईडी ब्लास्ट होने से महिला की मौत

**चाईबासा** : गोइलकेरा थाना क्षेत्र के मारीदिरी के समीप नक्सलियों के द्वारा लगाया गया आईईडी बम ब्लास्ट हो गया. इस ब्लास्ट की चपेट में एक महिला आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है. घटना शुक्रवार अहले सुबह की है. महिला की पहचान पताहातु गांव निवासी गांगी सुरीन के रूप पर हुई है. सुबह वो जंगल जाने के दौरान नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आ गई और उसके शरीर के चिथड़े उड़ गए. जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई. ग्रामीणों के द्वारा घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी गई. जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल के लिए रवाना हो गई. दरअसल इलाका घोर नक्सल प्रभावित है. नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण पुलिस सतर्क है. बता दें कि चाईबासा में सारंडा के जंगलों में पुलिस लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रही है. जिसके तहत पुलिस को सफलता भी मिली है. हालांकि इस अभियान के दौरान कई बार आईईडी ब्लास्ट हुए हैं. जिसमें कई जवान घायल हुए हैं. जिनमें से कुछ को इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया था. वहीं नक्सलियों के बिछाए आईईडी के जाल की चपेट में अक्सर जंगल के आस-पास रहने वाले ग्रामीण भी आ जाते हैं.

### उत्तर बंगाल बंद के दौरान लाठीचार्ज

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल में खास तौर पर उत्तर बंगाल में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था, हत्या और दुष्कर्म की घटनाओं के विरोध में भाजपा का 12 घंटे का बंद शुक्रवार सुबह से शुरू है। उत्तर बंगाल में जगह-जगह लोग सड़कों पर उतर आए। वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिली। कई जगह प्रदर्शनकारियों ने रेल सेवाएं वाधित कीं। लगभग उत्तर बंगाल पूरी तरह से बंद है। दूसरी ओर पुलिस और प्रशासन प्रदर्शनकारियों के बीच में झड़प हो गई। कई जगह पुलिस ने लाठीचार्ज किया। भारी मात्रा में पुलिसबलों को तैनात किया गया है। कालियागंज की घटना के बाद उत्तर बंगाल में हालात लगातार खराब हो रहे हैं। कई जगह भाजपा नेताओं को हिरासत में लिए जाने की भी खबर है।उल्लेखनीय है कि बंगाल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर के कालियागंज में हुई हत्या के विरोध में भाजपा ने उत्तर बंगाल में शुक्रवार को 12 घंटे बंद का एलान किया था। सुकांत ने गुरुवार को शाम को यहां हत्या के विरोध में भाजपा कल यानी शुक्रवार को पूरे उत्तर बंगाल में 12घंटे बंद का आह्वान किया था।

### सुप्रीम कोर्ट का यूपी सरकार से सवाल

## अतीक-अशरफ की गाड़ी को सीधे अस्पताल क्यों नहीं ले जाया गया?



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या की जांच की मांग से जुड़ी एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट तीन हफ्ते बाद सुनवाई करेगा। याचिका में पुलिस की मौजूदगी में अतीक-अशरफ की हत्या की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति गठित करने की मांग की गई है। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से पूछा कि माफिया भाइयों अतीक और अशरफ को ले जा रही गाड़ी को सीधे अस्पताल क्यों नहीं ले जाया गया?

इस पर उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया कि उन्होंने इस मामले की जांच के लिए एक आयोग नियुक्त किया है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मुकुल रोहतगी ने कोर्ट में पक्ष रखा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने घटना टीवी पर देखी है। दोनों को गाड़ी से सीधे अस्पताल क्यों नहीं ले जाया गया। उनकी परेड क्यों कराई जा रही थी। जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने झांसी में अहमद के बेटे असद की पुलिस मुठभेड़ पर भी यूपी सरकार से रिपोर्ट मांगी। असद को 13 अप्रैल को यूपी पुलिस की एक विशेष टास्क फोर्स (एसटी) टीम ने एक मुठभेड़ में मार गिराया था। दो दिन बाद अतीक अहमद और अशरफ को मीडियाकर्मी बनकर आए तीन लोगों ने गोली मार दी थी।

घटना उस वक्त हुई, जब उन्हें पुलिस सुरक्षा के बीच स्वास्थ्य जांच के लिए प्रयागराज के एक मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था। शीर्ष कोर्ट के वकील अधिवक्ता विशाल तिवारी ने याचिका दायर की है। याचिका में 2017 से उत्तर प्रदेश में हुई 183 मुठभेड़ों की जांच की मांग की गई है। अब मामले में तीन हफ्ते बाद सुनवाई होगी।

## 18 राज्य के 84 जिलों में 91 एफएम रेडियो का पीएम ने किया उद्घाटन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भारत में रेडियो कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 91 एफएम ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया। इससे 18 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 84 जिलों को फायदा मिलेगा। इससे सीमावर्ती क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों में एफएम रेडियो संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 100वीं कड़ी के प्रसारण से दो दिन पूर्व रेडियो सेवाओं का यह विस्तार किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज ऑल इंडिया रेडियो की एफएम सेवा का ये विस्तार ऑल इंडिया एफएम बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऑल इंडिया रेडियो के 91 एफएम ट्रांसमिशन की




ये शुरूआत देश के 85 जिलों के 2 करोड़ लोगों के लिए उपहार की तरह है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अभी कुछ दिन बाद ही मैं रेडियो पर मन की बात का 100वां एपिसोड करने जा रहा हूं। मन की बात का ये अनुभव, देशवासियों से इस तरह का भावनात्मक जुड़ाव केवल रेडियो से ही संभव था। मैं इसके जरिए देशवासियों के सामर्थ्य से और सामूहिक कर्तव्यशक्ति से जुड़ा रहा।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार निरंतर तकनीक के लोकतंत्रीकरण के लिए काम कर रही है। भारत अपने सामर्थ्य का पूरा इस्तेमाल कर पाए, इसके लिए जरूरी है कि किसी भी भारतीय के पास अवसरों की कमी ना हो। आधुनिक तकनीक तो सभी के लिए उपयोगात्मक और अफोर्डेबल बनाना, इसका एक बड़ा माध्यम है। पीएम मोदी ने कहा कि बीते वर्षों में देश में जो तकनीकी क्रांति हुआ है, उसने रेडियो और विशेषकर एफएम को नए अवतार में गढ़ा है।

### ये राज्य शामिल

पीएमओ बयान में कहा गया है कि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, नगालैंड, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, लद्दाख और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह शामिल हैं।।पीएमओ ने कहा कि आकाशवाणी की एफएम सेवा के इस विस्तार के बाद करीब ऐसे दो करोड़ लोगों तक रेडियो सेवाओं की पहुंच हो सकेगी।

अब नहीं तो कब ?
झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
पंचायती राज, ग्रामीण विकास और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा
राज्य स्तरीय
स्वच्छता पखवाड़ा
अभियान का आयोजन
दिनांक : 29.04.2023 से 15.05.2023
मुख्य उद्देश्य
■ राज्य स्तर पर सभी गांवों को वर्ष 2023-24 में ODF PLUS (ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन एवं अन्य) कराना
मुख्य गतिविधि
■ जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला
■ श्रमदान, संग्रहण, पृथक्कीकरण, स्वच्छता रैली एवं रात्रि चौपाल
■ ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन
■ विशेष ग्राम सभा का आयोजन
■ विद्यालय स्तर पर स्वच्छता/ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन विषयों पर प्रतियोगिता
■ ODF PLUS गांव घोषणा के साथ "स्वच्छता पखवाड़ा" अभियान का समापन
PR NO-296200 (IPRD) 23-24 सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार



# विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता ने किया हाई स्कूल भवन निर्माण का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शुक्रवार को पांकी प्रखंड के परसिया गांव में हाई स्कूल भवन निर्माण का आधारशिला रखी। सगालीम पंचायत के मुखिया सुनील कुमार प्रजापति के अलावे दर्जनों कार्यकर्ताओं ने विधायक डॉ मेहता को माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। विधायक डॉ. मेहता ने पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ने के साथ भवन निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि विद्यालय भवन का निर्माण होने से बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल पाएगा। परसिया जैसे पिछड़े इलाकों में हाई स्कूल होना गर्व की बात है। भवन के अभाव में स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़



रहा था। स्कूल भवन बन जाने से ग्रामीण इलाके के बच्चों को आसानी से बेहतर शिक्षा मिल पाएगा। विधायक डॉ. मेहता ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना ही उनकी पहली प्राथमिकता है। बताते चलें कि परसिया में 1970 ई.में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना हुई थी। वर्ष 2008 में मध्य विद्यालय दर्जा मिला। स्थानीय लोगों के संघर्ष के बाद वर्ष 2016 में हाईस्कूल का दर्जा मिला है। हाई स्कूल भवन निर्माण का शिलान्यास होने के बाद स्थानीय लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है। मौके पर सगालीम पंचायत के मुखिया सुनील कुमार प्रजापति, पंचायत समिति सदस्य रीता देवी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण राम, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक मांझी, युवा समाजसेवी विजय कुमार सिंह, स्कूल के शिक्षक रामचंद्र चंद्रवंशी, आईसीटी लैब के शिक्षक पूनम कुमारी, सतन कुमार, छठ चौहान, पवन कुमार, उप मुखिया पति दिलीप साव, राम किशोर राम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में दो नाबालिक सहित सात घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी-नगर उंटारी मुख्य मार्ग पर शारदा ग्राम के निकट अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो पलटने से दो नाबालिग सहित 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिये अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने सभी घायलो का इलाज किया.चिकित्सक के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर है। घायलों में नसीमा खातून, नसिर अंसारी, रुखसाना खातून, मुनिफ अंसारी, मैमन खातून, नाजिया खातून (8वर्ष), नकीब अंसारी (10वर्ष) के नाम शामिल है.घटना के संबंध में घायल मुनिफ अंसारी ने बताया कि हम लोग धुरकी प्रखंड के टाटीदीरी ग्राम से भवनाथपुर में अपने बहन के घर जा रहे थे.सड़क पर जोर से हवा चलने के कारण धूल का गुब्बार उठा जिससे सामने कुछ नही दिखाई दिया जिससे स्कार्पियो अनियंत्रित हो कर पलट गई। हम सभी घायल हो गये। ज्ञात हो कि धुरकी-नगर उंटारी मार्ग पर कालीकरण का कार्य हो रहा है जिसमे संवेदक द्वारा रोड पर मिट्टी डाल कर महीनों से छोड़ दिया गया है। धूल उड़ने के कारण आये दिन दुर्घटना की संभावना बना रहता है।

## हाईवा ट्रक के धक्के से बाइक सवार की मौत

**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के ममरखा एचपी पेट्रोल पंप के समीप एनएच 98 पर शुक्रवार को हाईवा ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिले के नबीनगर एनटीपीसी केरका गांव निवासी जमुना राय के 42 वर्षीय पुत्र प्रकाश सिंह के रूप में हुई है। हादसे में कमर से नीचे के भाग सहित उसके दोनों पैर बुरी तरह से कुचल गये थे। बताया जाता है कि बाइक सवार हरिहरगंज से छतरपुर की ओर जा रहा था तभी वह तेज रफ्तार में विपरीत दिशा से आ रहे हाईवा की चपेट में आ गया। आनन फानन में इलाज के लिए उसे सीएचसी ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। जहां औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं पुलिस ने हाईवा ट्रक बीआर 01 जीएल 9910 को जब्त कर लिया है।

## ट्रेन से कटकर अज्ञात महिला की मौत



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर दो पर मालगाड़ी की चपेट में आकर एक अज्ञात महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महिला गुरुवार की रात रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर दो पर कबाड़ा चुनने उतरी थी। इसी बीच मालगाड़ी की चपेट में आकर घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह रेलवे स्टेशन पर बैठे यात्रियों ने इस घटना की जानकारी जीआरपी थाना को दी। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी थाना के एएसआई साधु बोदरा और रविंद्र उरांव घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर।शव को अपने कब्जे में लेकर उसे अपने वाहन से पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। वही इस घटना के बाद से जीआरपी थाना की पुलिस अज्ञात महिला के परिजनों का पता लगाने में जुट गई है।

## बेनी खुर्द गांव मे महादेव प्राण प्रतिष्ठा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद अनुमंडल के बेनी खुर्द गाँव मे साम्बसदा बागेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई।यात्रा की शुरुआत बेनी खुर्द गाँव स्थित नवनिर्मित महादेव मंदिर से की गई। इस जल यात्रा में हजारों की संख्या मे महिलाएं पुरुष, व बच्चे व श्र्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओ को देवरी सोन नदी से संत श्री विष्णु चित स्वामी जी महाराज ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर कलश मे जल भरी करवाया। जल भरी के बाद लोगों ने कलश के साथ पुनः नगर भ्रमन करते हुए यज्ञ स्थल पर पहुँचा। यज्ञ समिति के सचिव रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह ने बताया महायज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम महान महषि संत श्री श्री, 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य व श्री वैष्णव



संप्रदाय के प्रचारक श्रीमणनारायण चिन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य मे संपन्न किया जायेगा, इसके साथ शनिवार से यज्ञ विधिवत आरंभ हो जायेगा और और हजारों श्र्धालु भक्त यज्ञ मंडप का परिकरमा कर स्वामी जी आशीर्वाद लेंगे। यज्ञ का समापन 2 मई को पूर्णाहुत्ति सह महाभंडारा के साथ किया जायेगा। इस दौरान स्वामी जी का प्रतिदिन धार्मिक अध्यात्मिक प्रवचन होगा। यात्रा के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता सह यज्ञ समिति के संरक्षक विनोद कुमार सिंह, अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, महासचिव प्रभात कुमार सिंह, ललन कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, ज़िप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटु सिंह,कामेश्वर कुशवाहा, अजय प्रसाद गुप्ता, राजीव सिंह उर्फ छोटू सिंह, रणविजय सिंह, चंदन सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, रामेश्वर राम, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, श्र्वन अग्रवाल, उदय विश्वकर्मा, चंदन सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, गोलू सिंह, समेत हजारों की संख्या मे लोग मौजूद थे।

## पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है झुमरी ग्राम के ग्रामीणों को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के भोजपुर पंचायत अंतर्गत झुमरी ग्राम में इन दिनों ग्रामीणों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। गांव में लगे कई चापानल खराब है वहीं ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिये विद्यालय परिसर में पंचायत द्वारा 14 वें वित्त की राशि से लगाये गये जलमीनार भी एक वर्ष से खराब है। प्रत्येक वर्ष गर्मी के दिनों में पेयजल संकट उतपन्न होता है, लेकिन इस समस्या के स्थायी समाधान के लिये स्वच्छता पेयजल विभाग या पंचायत स्तर पर कोई ठोस कदम नही उठाया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार बोर कम होने के कारण भी पेयजल संकट होता है। ग्रामीण **रमेश विश्वकर्मा** ने बताया कि विद्यालय परिसर में लगा जलमीनार विगत एक वर्ष से खराब है। जलमीनार के निकट स्थित चापानल ठीक है,इसी चापानल से विद्यालय आने वाले बच्चे व ग्रामीण पानी पीते हैत्र उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं की ओर किसी भी प्रतिनिधियों का ध्यान नही



है। ग्रामीण **उखमजी यादव** के घर के निकट स्थित जल मीनार के बोर में पानी नही है। श्री यादव ने बताया कि उन्होंने विधायक से कहकर अपने घर के निकट जलमीनार लगवाया था,लेकिन बोर कम होने के कारण उसमे पानी नही है। उन्होंने कहा कि पानी को लेकर काफी परेशानी है। **संतोष यादव** के घर के निकट लगा चापानल खराब है, जिसके कारण आस पास के लोगो को पेयजल के लिये काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में कई चापानल खराब है। ग्रामीणों ने बताया कि बबलू यादव, विनोद यादव, लोचन यादव, नथुनी यादव के घर के निकट स्थित चापानल भी खराब है, जिसके कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिये काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में स्वच्छता पेयजल विभाग के कनीय अभियंता **भरत प्रसाद** ने इस सम्बंध में कहा कि चापानल खराब होने की जानकारी नही थी। आपसे जानकारी मिली, अब खराब चापानल को देखकर मरम्मति करा दिया जायेगा।

## जेएसएलपीएस की ओर से बघमनवा में किया गया वित्तीय साक्षरता अभियान कार्यक्रम का आयोजन



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर प्रखंड के बघमनवा पंचायत सचिवालय में वित्तीय साक्षरता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेएसएलपीएस के एफटीसी राजेश्वर राम व संचालन मनीष कुमार ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन स्वयं सहायता समूह के द्वारा किया गया था। जेएसएलपीएस के एफटीसी राजेश्वर राम ने बताया कि अभियान में बीसी सखी के द्वारा लेन-देन व कौशल विकाश योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से संस्था द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर पंचायत समिति प्रीति देवी, सुमन कुमार सहित सभी वार्ड सदस्य व कई अन्य लोग मौजूद थे।

## लाखों रुपए खर्च के बावजूद भी जल मीनार है अधूरा

➲पानी के बूंद बूंद के लिए तड़प रहे है कजरूवासी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत कजरुकला में पीएचडी विभाग द्वारा निर्मित सोलर युक्त जल मीनार आज भी अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों की मानें तो यह जल मीनार वर्ष 2017 में पीएचडी विभाग द्वारा बनवाया गया था परंतु संवेदक के द्वारा आधा अधूरा कार्य छोड़कर चले जाने के कारण आज भी लोग इसे चालू होने का इंतजार कर रहे हैं. बताते चलें कि पांडू प्रखंड में कजरू कला एक ऐसा गांव है जहां पानी की किलत फरवरी माह से हीं शुरू हो जाती है, यहां के लोग गर्मियों में पानी नहीं होने के कारण बूंद - बूंद के लिए तरसते हैं. ग्रामीणों ने विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल



इसे चालू कराने का आग्रह किया है। इस जल मीनार को चालू हो जाने से आसपास के लोगों काफी सहूलियत मिलेगी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य हसनैन आलम, जग नारायण शर्मा पन्नालाल गुप्ता शेर अहमद के साथ सरकार ने कई लोग उपस्थित रहे।

## विधायक ने बिश्रामपुर नप मुख्यालय में मान्या वस्त्रालय का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** विश्रामपुर नप मुख्यालय में शुक्रवार को एक और नया प्रतिष्ठान मान्या वस्त्रालय खुला.वस्त्रालय का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि नित नये प्रतिष्ठान खुलना क्षेत्र के विकास का प्रतीक है। बिश्रामपुर शिक्षा का हब तो बन ही चुका है और अब यह शहर व्यवसाय का भी हब बनने की ओर अग्रसर है.उन्होंने कहा कि बेरोजगारी को कम करने हेतु क्षेत्र के शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जुड़ने की जरूरत है। विशिष्ठ अतिथि विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने कहा कि कोई भी सरकार सभी को रोजगार मुहैया नहीं करा सकती। इसलिए लोगों को रोजगार से जुड़ना होगा। मौके पर स्वच्छ भारत मिशन के प्रांतीय सह संयोजक रवींद्र नाथ उपाध्याय, वरीय भाजपा नेता दुर्गा जौहरी, विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, मनीष कुमार, विजय कुमार रवि, संस्थान के प्रो.गोपाल सोनी, विगन सोनी, सत्यम सोनी सहित कई लोग मौजूद थे।


## जिला परिषद ने नलजल योजना का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड के पंचायत मधुबाना के ग्राम बरदाग मे दिन शुक्रवार को जिला परिषद ददन पासवान ने नल जल योजना का शिलान्यास किया। जिससे वहां के स्थानीय लोगों के चेहरे पर हल्की मुस्कान आई। बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बरदाग के लोग पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं माइनिंग एवं गर्मी के चलते जलस्तर काफी नीचे जा चुका है आने वाले वर्षों में वहां के लोग लगता है गांव से पलायन को मजबूर हो जाएंगे। जिला परिषद ददन पासवान ने कहा कि मेरे कार्यकाल का अभी शुरुआती दौर है अगर सरकार का सहयोग रहा तो मूलभूत समस्याओं से लोगों को निजात दिलाने की कोशिश करूंगा। इस योजना से लगभग 25 घर लाभान्वित होंगे।

## प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष पार्टी को कमजोर करने के लिये करते हैं गुटबाजी



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा जिले में पार्टी को कमजोर करने के लिये गुटबाजी करते हैं। उक्त बातें कांग्रेस सेवा दल के कार्यवाहक जिला मुख्य संगठक ईश्वरी चौधरी ने शुक्रवार को स्थानीय जलक्रांति भवन में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि गुटबाजी से पार्टी संगठन को नुकसान होगा.उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र लिखकर प्रदेश नेतृत्व पर आरोप लगाने से पूर्व उन्हें पार्टी के अंदर उचित प्लेटफॉर्म पर अपनी बात रखना चाहिये था.लेकिन हमेशा उनके मन मे पार्टी के प्रति नकारात्मक सोच रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी के फैसले के विरुद्ध श्री सिन्हा ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिये तीन सेट में अपना नामांकन पत्र भी दाखिल किया था, लेकिन इसके बाद क्यो चुनाव नही लड़े उन्हें खुद पता है। वे झारखण्ड बोर्ड निगम को लेकर दबाव बनाने के लिये राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र प्रेषित कर रहे है। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस इस तरह की बातों में आनेवाली नही है। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व से ऐसे नेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग किया है। प्रेसवार्ता में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद, कांग्रेस प्रखंड सेवादल के अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी, महिला प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष शांति देवी उपस्थित थे।

## पिपरा में होते रहती है समीक्षा बैठक-धरातल पर कार्य शून्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड के सभागार में शुक्रवार को पंचायत स्तरीय समीक्षा बैठक के आयोजन के साथ-साथ प्रखंड बीस सूत्री का भी बैठक हुआ। इस बैठक में मुख्य रूप से शिक्षा, मध्यानभोजन पेयजल मनरेगा योजना सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा किया गया। मुख्य रूप से शिक्षा के ऊपर चर्चा की गई जिसमें शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचे विद्यालय ससमय खुले बच्चों को मध्यान्ह भोजन मीनू के हिसाब से ही मिले अगर विद्यालय प्रबंधन के द्वारा इन बिंदुओं पर लापरवाही की गई तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी साथ ही साथ पेयजल के ऊपर भी विशेष रूप से चर्चा किया गया। इस प्रकार का बैठक कुछ कुछ समय अंतराल पर प्रखंड सभागार में होते रहता है ऐसी चर्चाएं पहले भी कई दफा हो चुकी है। लेकिन प्रखंड सभागार से बाहर निकलते ही बैठक की एक खबर बनकर रह जाती है। धरातल पर कार्य इन सभी बिंदुओं को ध्यान से देखा जाए तो शुन्य नजर आता हैं। गर्मी एवं नियम को ताक पर रखकर हो रहे माइनिंग के चलते प्रखंड क्षेत्र का जलस्तर गिरते जा रहा है जो एक गंभीर समस्या बनते हुए दिखाई पड़ रहा है। जिसमें स्थानीय लोगों का मिलीभगत साफ प्रतीत होता है। प्रखंड क्षेत्र में किसी भी समस्या के खिलाफ तभी तक आवाज उठाया जाता है जब तक व्यक्तिगत लाभ कार्य सिद्ध नहीं हो जाते। क्षेत्र में जनता के हमदर्द ही वर्षो से उन्हें गुमराह करते हैं। जब प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह से पूछा गया की इस प्रकार की बैठक का जनता को क्या लाभ मिल रहा है धरातल पर इन सभी बिंदुओं पर कार्य शून्य है। जवाब देते हुए उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही धरातल पर कार्य दिखाई देंगे। यह देखना काफी दिलचस्प होगा। वादों एवं आश्वासनों के प्रखंड पिपरा में। इस बैठक में पिपरा प्रखंड विकास पदाधिकारी पंचायत समिति सदस्य प्रखंड कर्मी विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे एवं बैठक में अनुपस्थित रहे कर्मियों को स्पष्टीकरण भी भेजा गया है।

## नौडीहा बाजार प्रखंड विकास समिति की बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**नौडीहा बाजार (पलामू) :** प्रखंड सभागार मे शुक्रवार की प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी के अध्यक्षता सभी पंचायत प्रखंड विकास समिति की गई। इस बैठक मे पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय और अनुपालन के विषयों पर चर्चा किया गया, इसके पश्चात् सभी विभागों की एक एक कर समीक्षा किया गया। गर्मी के भीष्म संकट की देखते हुए पेयजल विभाग अगाह कराया की प्रखंड के सभी पंचायत मे बंद पड़े सभी हैंडपम्प को जल्द से जल्द मरम्मती कराया जाए ताकि पेयजल की समस्या न हो लेकिन इस बैठक मे प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के बीईईओं,पेयजल स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता ने अनुपस्थित रहे। प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी ने काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अनुपस्थित अधिकारी से स्पष्टीकरण पूछने की बात कहा। पंचायत समिति सदस्य शत्रुध्न साव ने कहा विशुनपुर पंचायत के ग्राम झलदाग मे



उत्क्रमित मध्य विद्यालय मे प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश दास थे और उनकी मृत्यु वर्ष 2021 हो गया, फिर लगातार राशि का निकासी विधालय के सचिव सह हेड मास्टर व बैंक और शिक्षा विभाग के अधिकारी के मिलीभगत से किया जा रहा है जबकि अध्यक्ष के चुनाव होने के बाद भी इस सिलसिला चल रहा है। इस बैठक मे प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार मंडल, उप प्रमुख मीरा कुमारी, बीपीओ दीपक कुमार, प्रखंड समन्यवक चितरंजन कुमार, सहायक तकनीक प्रबन्धक जयगोविंद कुमार यादव, बीपीआरओ विनोद कुमार राम के अलावा प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्य और अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## 60 माह बीत जाने के बाद हाईमास्ट लाइट के खंभे पर चस्पा किया गया अतिक्रमण हटाओ का नोटिस

**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के मुख्य बाजार स्थित हाईमास्ट के खंभे पर अंचल पदाधिकारी के आदेश पर अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस चस्पा किया गया है बताते चलें कि पूर्ण हैदरनगर में वर्षो से लंबित अतिक्रमण का मुद्दा पर उपायुक्त पलामू द्वारा 2018 में अतिक्रमण मुक्त करने को आदेश पारित किया था। 60 माह बीत जाने के बाद भी हैदरनगर मुख्य पथ जवाहर पथ समेत संपूर्ण हैदरनगर में किए गए सरकारी भूमि का अतिक्रमण को मुक्त करना था।परंतु हैदर नगर के अंचलाधिकारी राजीव नीरज ने आम जनता को नोटिस चिपका कर दहशत तो फैलाया दिया है पर आदेश पर करवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों से जानकारी प्राप्त करने पर पता चला कि नोटिस की गई है मगर अतिक्रमण कारी अपना अपना ओटा देहारी को अतिक्रमण मुक्त करना नहीं चाहते हैं और ना ही हैदरनगर अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी किसी प्रकार की रूचि ले रहे हैं जिससे माननीय महोदय के आदेश की अवहेलना हो रही है देखना दिलचस्प होगा की हैदरनगर संपूर्ण बाजार क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण भूमि को अंचलाधिकारी हैदरनगर द्वारा भूमि मुक्त कराई जाती है अथवा ठंडे बस्ते में डालकर छोड़ दी।



# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

राजधानी

रांची, शनिवार, 29 अप्रैल 2023 | पेज 3


## संक्षिप्त खबरें

### योजनाओं के लिए 30 अप्रैल तक राशि का आवंटन करें विभाग मुख्य सचिव

**रांची :** राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने वित्तीय वर्ष 2023 -24 में विभिन्न विभागों की योजनाओं के लिए प्रावधानित बजट राशि का आवंटन बिना विलंब 30 अप्रैल तक जरूरत अनुसार करने का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव ने इस संबंध में सभी विभागों के प्रमुख सचिव प्रधान सचिव सचिव को पत्र लिखा है। मुख्य सचिव ने कहा है कि वर्तमान वित्त वर्ष के ढाई महीने एक अप्रैल 2023 से 15 जून 2023 मानसून प्रारंभ होने तक की अवधि में विकास की चालू योजना के कार्य करने में तेजी लाई जा सकती है, बशर्ते इसके लिए बिना विलंब राशि आवंटित कर दी जाए। मुख्य सचिव ने चालू योजनाओं की समीक्षा कर हर हाल में प्राची आवंटन शुरू करने का निर्देश दिया है।


### रांची के कैंब्रियन स्कूल में वार्षिक पत्रिका विजनेक्स्ट का विमोचन

**रांची :** रांची के कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को स्कूल की वार्षिक पत्रिका विजनेक्स्ट के दसवें अंक का विमोचन हुआ। साथ ही सत्र 2022-23 के टॉपर्स को पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने कहा कि स्कूल मैगजीन विद्यालय में बच्चों को दी जा रही शिक्षा, संस्कार और संस्कृति सहित अन्य गतिविधियों का दर्पण है। विद्यालय पत्रिका से बच्चों में लेखन प्रतिभा निखरती है। प्राचार्या ने सेक्शन टॉपर्स और सौ फीसदी उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। पत्रिका का संपादन सिराजुद्दीन पंडित ने किया है। पत्रिका के प्रकाशन में संपादक मंडल सदस्य सह चीफ एक्टिविटी कॉर्डिनेटर आशा राज, गौतम कुमार नायक, डॉ अभयनाथ मिश्र, मीनू सहाय, विनिता वर्मा, ममता कुमारी एवं मीनाक्षी शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन विनीत कौर ने किया।

# मानवीय संवेदनाओं से भरे होते हैं चिकित्सकः बन्ना गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि डॉक्टर मानवीय संवेदनाओं से भरे होते हैं। इसलिए सेवा के इस क्षेत्र में आते हैं। गुप्ता शुक्रवार को नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान में आयोजित नवनियुक्त पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारियों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।



मंत्री ने नव नियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियों को संवेदनशीलता, कर्तव्यपरायणता का पाठ पढ़ाया और मजबूती के साथ मरीजों की सेवा के लिए खड़े रहने के लिए जोश भरा। उन्होंने कहा कि नव नियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियों से राज्य की जनता उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। मातृत्व स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, बच्चों के स्वास्थ्य सूचकांक में सुधार जैसे गंभीर दायित्व आप पर है। हमारे सरकारी अस्पताल कैसे मजबूत हो। इसी सोच के साथ काम करने की आवश्यकता है। सरकारी अस्पताल में आमतौर पर गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोग इस विश्वास के साथ आते हैं कि उनकी जान बच जाएगी। इसलिए अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाएं। मौके पर प्रशिक्षणोपरांत 133 चिकित्सा पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है। नव नियुक्त चिकित्सकों को तकनीकी जानकारी के साथ-साथ व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। प्रशिक्षण में प्रशासनिक और वित्तीय प्रशिक्षण भी दिए गए ताकि अस्पताल में कार्य के दौरान किसी तरह की परेशानी ना हो।

उन्होंने कहा कि नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियों को ऐसे स्थान पर पदस्थापित किया गया है, जहां पर डॉक्टरों की नितांत आवश्यकता है। यदि मानव बल की अतिरिक्त आवश्यकता हो तो इसका आकलन कर विभाग को सूचित करें ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक डॉ भुवनेश प्रताप सिंह, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ बीरेंद्र प्रसाद सिंह, आईपीएच के डायरेक्टर डॉ जॉन एफ केनेडी, डॉ आरएन शर्मा सहित सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# राज्यस्तरीय सामाजिक न्याय मार्च की तैयारियां अंतिम चरण में : देवशरण भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि अबुआ राज की बात करने वाली सरकार की असल मंशा बबुआ राज स्थापित करने की है। उन्होंने कहा कि सरकार निर्वाचित प्रतिनिधियों का अधिकार छीन कर अफसर राज स्थापित करने में जुटी हुई है। पंचायत प्रतिनिधियों को लेकर भी इन्होंने यही किया और अब निकाय परिषद के निर्वाचित प्रतिनिधियों को लेकर भी यही हुआ। भगत शुक्रवार को रांची स्थित आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रथम कैबिनेट में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ों को आरक्षण सुनिश्चित करने का दंभ भरने वाली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को भी दरकिनार कर दिया। आजसू पार्टी द्वारा दायर किए गए याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से सरकार को यह आदेश दिया कि निकाय चुनाव से पहले राज्य में



ट्रिपल टेस्ट सुनिश्चित हो। इसके बावजूद भी सरकार ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। यह समझ से परे है। दरअसल सरकार ने कभी भी इस विषय पर गंभीरता नहीं दिखाई, जिसका खामियाजा राज्य की बड़ी आबादी को भुगतना पड़ रहा है।

30 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डॉ. भगत ने कहा कि सामाजिक न्याय मार्च में राज्य के कोने-कोने से हजारों कार्यकर्ता रांची कूच करेंगे तथा बापू वाटिका, मोरहाबादी से हरमू मैदान तक पैदल मार्च करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे सात सूत्री मांगों में खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति, जातीय जनगणना एवं पिछड़ों को आबादी अनुसार आरक्षण, पूर्व में जो जातियां अनुसूचित जनजाति की सूची में थे, उन्हें पुनः अनुसूचित जनजाति में शामिल करना, सरना धर्म कोड, बेरोजगारों को रोजगार, झारखंड के संसाधनों की लूट बंद करना तथा झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान देना मुख्य रूप से शामिल हैं।

# निः शुल्क डेंटल केयर चेकअप का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के गोस्सनर कॉलेज के बीबीए डिपार्टमेंट में शुक्रवार को निशुल्क डेंटल हेल्थ केयर का आयोजन किया गया। इसमें डॉक्टर सरिता ने कॉलेज के विद्यार्थियों एवं प्रोफेसर्स का डेंटल चेकअप किया। इस दौरान डॉ. सरिता ने बताया कि निःशुल्क डेंटल चेकअप के पीछे का एकमात्र उद्देश्य है। लोगों को डेंटल केयर के प्रति जागरूक करना, क्योंकि इस दौड़ भाग से भरी जिंदगी में लोग अपनी सेहत का तो ख्याल रख लेते हैं पर अपने दांतों का ख्याल रखना भूल जाते हैं।

वहीं, दूसरी ओर बीबीए डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष ने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थियों ने डेंटल चेक अप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने आगे कहा कि आगे भी इस तरह के शिविर का आयोजन किया जाएगा। मौके पर बीबीए विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर विनय और प्रोफेसर सुरेन्द्र प्रजापति, विद्यार्थी सहित अन्य मौजूद थे।

# बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद मिले झारखंड के सुजीत उपाध्याय से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सुजीत उपाध्याय इन दिनों हिंदी सिनेमा और कोरोना के समय मददगार के रुप चर्चित रहे सोनू सूद से भेंट की। सुजीत 2010 में झामुमो रांची महानगर के सह-सचिव, 2016 में जिला उपाध्यक्ष, 2019 में पार्टी प्रवक्ता की जिम्मेवारी संभाली। यहीं नहीं ये कई धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़े हैं। जैसे - रांची दुर्गा पूजा-रामनवमी की विभिन्न कमेटियों में संयोजक, प्रदेश डीजल ऑटोचालक महासंघ के संयोजक, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के झारखण्ड प्रभारी आदि। फिलहाल वे राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश



अध्यक्ष भी है। मतलब, इतनी जिम्मेदारियों के बावजूद भी सुजीत ने स्वयं को मानव-सेवा से कभी दूर नहीं होने दिया। कोरोना काल में रांची के कोकर तिरिल बस्ती में एक असहाय व्यक्ति, जिसके पैर में प्लास्टर चढ़ा था, जो कही चल-फिर नहीं सकता था, तीन दिनों से सड़क पर पड़ा था। जब सुजीत को इस बात की जानकारी मिली। उन्होंने तुरन्त उसे अस्पताल पहुंचाकर कोरोना की जांच कराई, उसका इलाज करवाया और फिर उसे घर पहुंचाया।

# रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन का परिचालन अब मई में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** वंदे भारत ट्रेन का तोहफा कई राज्यों को मिल चुका है। लेकिन रांची के लोगों को इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि अप्रैल में इसका परिचालन होना संभव नहीं है। रांची से पटना वंदे भारत ट्रेन महज 5-6 घंटे में सफर पूरा करने वाला है। इस लिहाजा लोगों को इसका बेसब्री से इंतजार है।

जानकारी के अनुसार वंदे भारत ट्रेन का परिचालन अप्रैल में ना होकर अब मई के अंतिम सप्ताह में होने की उम्मीद है। इस ट्रेन को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह देश की 15वीं वंदे भारत ट्रेन होगी। रांची रेल मंडल के सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने बताया फिलहाल इस बारे में कुछ नहीं बोल सकते। लेकिन हमारी कोशिश है कि जल्द से जल्द लोगों को वंदेभारत की सौगात मिल पाए।

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन आने से रांची से पटना की दूरी में करीब 6 घंटे की कटौती होगी। साथ ही वंदे भारत ट्रेन टाटीसिलवे, बीआईटी मेसरा, बरकाकाना और हजारीबाग शहरों से होते हुए पटना और रांची को कवर करेगी और अन्य वंदे भारत ट्रेनों की तरह सप्ताह में 6 दिन चलेगी। इस ट्रेन के लॉन्च होने के बाद यह भारत की 15वीं वंदे भारत एक्सप्रेस होगी।

# घूस लेने के दोषी प्रधान लिपिक को दो साल की सजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने शुक्रवार को पांच हजार घूस लेने के दोषी सदर अस्पताल के प्रधान लिपिक बिरेश प्रसाद को दो साल की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक एके गुप्ता ने 10 गवाह पेश की। इसके आधार पर




सजा सुनाई गई। मामला वर्ष 2010 का है। इस संबंध में सदर अस्पताल की सीनियर नर्स द्रोपदिया कुजूर के बयान पर 27 अक्टूबर 2010 को प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। सीनियर नर्स सेवानिवृत हुई थी। सेवानिवृति के बाद पीएफ, ग्रेच्युटी और अन्य लाभ के लिए उन्होंने आवेदन दिया था। आवेदन को पास करने के लिए क्लर्क धर्मशीला देवी ने 10 हजार रुपये घूस की मांग की। उन्होंने कहा कि दस हजार में से पांच हजार प्रधान लिपिक बिरेश प्रसाद को देगी और पांच हजार स्वयं रखेगी। बाद में द्रोपदिया कुजूर इसकी जानकारी निगरानी विभाग को दी। निगरानी ने टीम का गठन कर 29 अक्टूबर 2010 को प्रधान लिपिक बिरेश प्रसाद और धर्मशीला देवी को 10 हजार घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया था।

# अखिल झारखंड छात्र संघ ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सदस्यों डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रभारी अभिषेक झा के नेतृत्व में कई मांगों को लेकर को कुलपति को ज्ञापन सौंपा जिसमें मुख्य मांगे इस प्रकार है।

1. आइटी सेशन 2021-24 सेमेस्टर 1 मैथ जीइ पेपर में 70त्न छात्र फेल होगा जिसका कारण सेमेस्टर वन में मैथ की पढ़ाई ना होना। सीएम आइटी विषय में 40 प्रतिशत से अधिक छात्रों का ईयर बैक लग जाने कारण क्या है इसकी जांच की जाए। 3. आइटी सेशन 2021-24 सेम 10 महीने से पीछे चल रहे हैं जिसके कारण छात्रों को दिसंबर महीने में होने वाले हैं प्लेसमेंट ड्राइव में भी दिखाते हैं आने वाली हैं। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक झा ने कहा विश्वविद्यालय प्रशासन यहां के छात्र छात्राओं एवं उनके भविष्य से किसी भी तरह का मतलब नहीं है, विश्वविद्यालय के कई विभागों में सही तरीके से कक्षाएं संचालित नहीं की जा रही है, प्लेसमेंट सेल जीरो है।

आजसू मांग करती है कि किसी भी छात्रों का ईयर बैक नहीं हो क्यूकी कक्षाएं संचालित ना होना विश्वविद्यालय की कमजोरी है साथ ही सभी छात्रों को सेमेस्टर मैथ जीइ पेपर का एग्जामिनेशन जल्द से जल्द करवाई जाए और किसी भी छात्रों से रिएग्जामिनेशन फीस ना ली जाए एवं सेमेस्टर एग्जामिनेशन में हो देरी को खत्म की जाए। कुलपति तपन कुमार सांडिलय ने आजसू के सदस्यों को पूरा भरोसा दिलाया की जल्द ही आजसू के सभी मांगों को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। मौके पर प्रेम, जगत मुरारी, कैलाश महतो, हिमांशु, मुकेश, असफाख, राज सिंह, मंटू, मंजीत, सुशिल , अतुल मिश्रा के अलावा कई सदस्य एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# 30 को यादव महासम्मेलन में शामिल होंगे साधु यादव : कैलाश यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्रीकृष्ण विकास परिषद झारखण्ड द्वारा आयोजित यादव समाज का 8 वां स्थापना वर्ष सह वार्षिक सम्मेलन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान के तहत जगरनाथपुर बड़ा खटाल में यादव समाज के प्रमुख लोगो के साथ बैठक कर 30/4/23 रविवार को वाईबीएन स्कूल धुर्वा में आयोजित यादव महासम्मेलन कार्यक्रम में हजारों लोगो को आने का निमंत्रण दिया गया ।श्रीकृष्ण विकास परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव ने लोगो को बताया कि सामाजिक एकजुटता सामाजिक विकास तथा राजनैतिक विरासत हासिल करने एवं यादव समाज के संघर्ष साम्राज्य बलिदान पर परिचर्चा किया जाएगा । 29 अप्रैल से हीं रांची आगमन शुरू हो जाएगा । मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, सांसद गिरधारी यादव,सुखराम सिंह यादव, पूर्व सांसद साधु यादव, बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष काजल यादव, विशिष्ट अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप,यूपी बीजेपी नेता मोहित यादव, पूर्व मंत्री यूपी राजेश यादव, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कुलदीप यादव,नेपाली प्रधानमंत्री के राजनीतिक सचिव पूनम यादव के अलावा कई अन्य गणमान्य एवं प्रबुद्ध लोगों का शामिल होने की उम्मीद है।

जागरूकता अभियान में राजद नेता गौरीशंकर यादव,नंदन यादव, सुधीर गोप,बबन यादव, उमेश यादव , रंजन यादव , गौतम यादव, सुनील यादव, चंदन यादव, कुंदन यादव, सन्नी यादव, संदीप यादव ,सुरेश यादव, रामकुमार यादव, मैनेजर राय सहित कई लोग मौजूद थे।

### ऑटो पलटने से एक की मौत, पांच घायल

**रांची :** पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित कटहलमोड़-अरगोड़ा रोड में गुरुवार की रात एक ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ऑटो में सवार सन्नी लोहरा कई लोग घायल गए। सभी को रिंची अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुंदाग ओपी प्रभारी विवेक कुमार वहां पहुंचे और घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा । जानकारी अनुसार ऑटो के आगे अचानक एक जानवर आ गया, उसे बचाने के दौरान ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। मृतक सन्नी लोहरा को सिर में गंभीर चोट लगने और अत्यधिक रक्तस्राव की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

# रांची में लॉज और बैंक्वेट के लाइसेंस नहीं लेने पर पांच मई के बाद संचालकों पर होगी कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची में अब पांच मई के बाद लॉज और बैंक्वेट के लाइसेंस नहीं लेने पर संचालकों पर कार्रवाई होगी। रांची नगर निगम ने पांच मई तक लाइसेंस के लिए आवेदन जमा करने को कहा है। इसके बाद नगर निगम की ओर से संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी। पकड़े जाने पर 25 हजार फाइन लगाया जाएगा। दूसरी बार पकड़े जाने पर हॉस्टल, लॉज, बैंक्वेट को सील कर दिया जाएगा। इतना ही नहीं पांच मई के बाद वेरिफिकेशन के लिए टीम जाएगी तब ही लाइसेंस जारी किया




जाएगा। संचालकों को नगर निगम से लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया है। सिटी में अब भी हजारों हॉस्टल लॉज बिना रजिस्ट्रेशन के लिए चल रहे हैं। इतना ही नहीं, वहां पर मानकों का भी पालन नहीं किया जा रहा है। अब इन हॉस्टल्स पर पहले फाइन लगाया जाएगा। इसके बाद भी वे रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन नहीं करते है तो उनपर कार्रवाई की जाएगी। बिना लाइसेंस के चल रहे अवैध हॉस्टल-लॉज पर शिकंजा कसने के लिए रांची नगर निगम ने योजना बनाई है। इसके तहत अवैध रूप से संचालन कर रहे संचालकों से लाइसेंस नहीं दिखाने पर 25-25 हजार रुपये फाइन वसूला जाएगा। उन्हें एप्लीकेशन भी जमा करना होगा। इसके बाद टीम के विजिट में दोबारा लाइसेंस नहीं मिलेगा तो कैंपस को सील कर दिया जाएगा, जिससे संचालक किसी भी तरह का कारोबार नहीं कर सकेंगे।

# सांसद ने की प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने की अपील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के 78 सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संस्थाओं से सांसद संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात का 100वां एपिसोड 30 अप्रैल को प्रसारित होगा। यह देशवासियों के लिए गौरव का क्षण होगा।

सेठ शुक्रवार को रांची के महेश्वरी धर्मशाला में प्रधानमंत्री के मन की बात के 100 वां एपिसोड को लेकर प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मन की बात से जल संरक्षण, स्वच्छता ,बेटियों के संरक्षण, सर्वधन जैसे कार्यक्रमों को नई दिशा मिली है। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश में सामाजिक परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात देश के लोगों के लिए प्रेरणादायक है। देश के सभी 146 करोड़ देशवासी प्रधानमंत्री के मन की बात के 100वां एपिसोड को उत्सव के रूप में मनाएंगे। प्रधानमंत्री मन की बात के माध्यम से जनता से संवाद स्थापित करते हैं। वह मन की



**मन की बात का 100वां एपिसोड उत्सव के रूप में मनाया जाएगा**

बात में जनता के मन की बात करते हैं। प्रधानमंत्री के मन की बात में उनसे बात करना उन को प्रोत्साहित करना उनके किए गए कार्य को बताना यह अपने आप में बड़ी बात है। प्रेस वार्ता में रांची के प्रमुख संस्थाओं के लोगों ने भी भाग लिया। इसमें महेश्वरी सभा, अग्रवाल सभा, ब्राह्मण सभा, मारवाड़ी युवा मंच, रांची थोक वस्त्र विक्रेता संघ, चडरी सरना समिति, झारखंड साहित्य मंच, गौशाला न्याय समिति, श्री महावीर मंडल रांची, श्री रांची दुर्गा पूजा समिति, श्री महावीर मंडल, डोरंडा पंजाबी हिंदू बिरादरी, विश्व हिंदू परिषद, कॉस्मो क्लब, श्री सिंगार समिति, श्री गुजराती समाज, झारखंड ट्रक मालिक संघ, इब्राहिमियां मोहर्रम कमेटी सहित 78 संस्था के लोग शामिल थे।

# राज्य जनसेवक संघ ने किया प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ के आह्वान पर राज्य के सभी जनसेवक कृषि निदेशालय, कृषि भवन, कांके रोड, राँची के समक्ष पूर्वाह्न 10:00 बजे से धरना पर बैठे । धरना के अंत में अपराहन 4:00 बजे संघ के कार्यक्रम अनुसार सभी जनसेवक झारखण्ड के कृषि मंत्री, कृषि सचिव और कृषि निदेशक का पुतला जलाने को बाध्य हुए हैं । इस विरोध और आन्दोलन का कारण जनसेवक संवर्ग के ग्रेड-पे को षड़यंत्र के तहत 2400/- से घटाकर 2000/- करना रहा । आज नियुक्ति के 10 वर्ष पूर्ण कर चुके और सेवा संपुष्टि प्राप्त जनसेवक प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी और समक्ष पदों में प्रोन्नति की अहर्ता पूर्ण करने वाले हैं, ऐसे में कृषि विभाग की जनसेवक संवर्ग के खिलाफ साजिश और हिटलरशाही से सरकार और जनता को परिचित और आगाह कराने के लिए जनसेवक आन्दोलन कर रहे हैं । इस कार्यक्रम का आगाज विगत 26.04.2023 को राज्य के सभी जिलों में एक साथ सभी जिला मुख्यालयों में कृषि मंत्री का पुतला जला कर किया गया था।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरीय मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेलवे, गोमो सुयोग्य एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों या ठेकेदारों से ई.निविदा सं. ई.एल.एस_401_ए.एम._ओ.एच._22-23_21 हेतु खुला ई.निविदा आमंत्रित करती है। विवरण निम्नलिखित हैः (1) कार्य का नाम तथा स्थानः विद्युत लोको रोड, गोमो में 2 (दो) वर्षों के लिए टी. ओ.एच. / आई.ओ.एच. के दौरान विद्युत लोको के ऑग्जीलरी मोटर का ओवरहॉलिंग – 273 अदद | स्थानः विद्युत लोको शेड, गोमो। (2) कार्य का अनुमानित लागतः 3,62,29,234.86 रू. (तीन करोड़ बासठ लाख उनतीस हजार दो सौ चौतीस रूपये छियासी पैसे मात्र) (3) अग्रधन राशिः 3,31,200/– रू. (तीन लाख एकतीस हजार दो सौ रूपये मात्र) (4) निविदा जमा करने तथा बंद होने की तिथि तथा समयः 02.05.2023 से 16.05.2023 को 11:30 बजे निविदा बंद होने तक। (5) वेबसाइट का विवरण, जहाँ निविदा दस्तावेज उपलब्ध है सम्पूर्ण विस्तृत निविदा देखने के लिए सूचना पट्ट की स्थितिः आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट www.ireps.gov.in। निविदा भरने वाले उनका मूल या परिशोधित बिड (निविदा प्रस्ताव) केवल इसी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुवल (हस्तनिर्मित) निविदा प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है तथा ऐसे किसी भी मैनुवल निविदा प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा। विद्युत लोकोशेड, गोमो का सूचना पट्ट।

वरीय मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेल, गोमो

पीआर/00191/डीएचएन/ईटीआरएस/टी/23–24/32

## सोमरी देवी बनी सिल्ली प्रखंड आजसू पार्टी महिल अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिल्ली :** आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने गुरुवार को सोमरी देवी को सिल्ली प्रखंड आजसू पार्टी महिला अध्यक्ष मनोनीत किया । प्रखंड के हाकेदाग पंचायत के बनवाडीह निवासी सोमारी देवी एक सक्रिय महिला, पार्टी के ग्राम प्रभारी के साथ ही राजनीतिक कार्यों में काफी सक्रिय हैं। ये बनुवाडीह पंचायत के उप मुखिया भी रह चुकी हैं। इनका महिला समुह में खासा प्रभाव है। प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर समरी देवी ने कहा कि पार्टी ने क्षेत्रीय स्तर पर प्रखंड अध्यक्ष के रुप में एक बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। पार्टी का सम्मान बढ़ाने के लिए कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करुंगी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए सूदेश कुमार महतो एवं पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार जताया है। वहीं उनके प्रखंड अध्यक्ष बनने पर आजसू के केंद्रीय एवं स्थानीय नेताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, सुनील सिंह, गौतम कृष्ण साहू, संजय सिद्धार्थ सुशील महतो जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, सविता रानी, पूर्व पमुख रेखा देवी, पुर्व उप प्रमुख शिला साहू, चंचला भोगता, उर्मिला देवी, शर्मिला कुमारी, शेखा देवी, मामुनु देवी आदि शामिल हैं।

## बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत् गड्ढा खोदो अभियान



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेड़ो प्रखड के नेहलु कपरिया पंचायत के रोगो गांव में शुक्रवार को बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत् 10.50 एकड़ में लगाये जाने वाला आम बागवानी के लिए गड्ढा खोदो अभियान चलाया गया। अभियान बीडीओ डॉ. प्रवीण कुमार, बीपीओ संजय तिर्की, पंचायत मुखिया बिरेंदर भगत द्वारा चलाया गया। इस मौके पर बीडीओ डॉ. प्रवीण कुमार ने मुखिया वार्ड सदस्य और ग्रामीणो को बधाई देते हुए कहा की बागवानी अधिक से अधिक लगाये और किसान अपनी आय को दुगुनी तरीका से बढ़ाये इसके अलावे और भी विभिन्न योजनाओ के लिए लाभुक आगे आये और लाभान्वित हो और ग्राम में रोजगार बढ़ाये। मुखिया बिरेंदर भगत ने कहा कि नेहलु कपरिया पंचायत में टोटल 50 एकड़ में बागवानी करने का तय किया गया है। साथ ही लाभुक को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में वार्ड सदस्य बबलू लोहरा,उप मुखिया जितिया उरांव, रोजगार सेवक करमू गोप, कनीय अभियन्ता सुरेश लिंडा, ग्राम प्रधान सुरजा मुंडा, सक्रिय महिला राधा भगताइन,जल साहिया सरिता खलखो, कोटवार मनोहर कुजूर,सविता उरांव, पार्वती भगत, बसंत लोहरा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे ।

## भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष के द्वारा जारी धरना स्थगित

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खलारी मंडल भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष सरोजनी देवी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि खालरी प्रखंड सह अंचल प्रांगण में विगत चार दिनों से जारी धरना प्रदर्शन में खलारी डीएसपी के आश्वासन के बाद 28 अप्रैल को स्थगित करने का निर्णय लिया गया. खलारी थाना के विरुद्ध चल रहे तेल का खेल का जारी धरना प्रदर्शन पुलिस उपाधीक्षक खालरी के आश्वासन के बाद धरना स्थगित करने का निर्णय लिया गया. उन्होंने बताया कि खालरी डीएसपी के द्वारा मिली अश्वाशन में एक सप्ताह का समय मांगा गया है. अथवा जांच में घोटाले पाये जाने पर थाना प्रभारी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई करने की बात कही. डीएसपी के द्वारा मांगी गई तय समय पर जांच कर कार्रवाई नही होने पर भाजपा महिला मोर्चा खलारी के द्वारा पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) कार्यलय के समक्ष धरना देने का निर्णय लिया गया. वही इस मामले को लेकर एसीबी अथवा सीआईडी के द्वारा उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की बात कही. बताना चाहते है कि खलारी थाना को प्रत्येक माह एनके एरिया में संचालित प्रोजेक्ट से पेट्रोलिंग के नाम पर डीजल मुहैया कराया जाता है.यही नही डीजल पिपरवार एरिया से भी प्रति माह डीजल पुलिस पेट्रोलिंग के नाम पर लिया जाता है. जारी दस्तेवेज के अनुसार सीसीएल एनके एरिया व पिपरवार एरिया से खलारी पुलिस को अब तक हजारो लीटर डीजल का मुहैया कर चुकी है.

## सैलून संचालक मनोज शर्मा के हत्या मामले का उद्भेदन अपराधी गिरफ्तार

**सतगावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना क्षेत्र के पंचायत माधोपुर,ग्राम धर्मपुर निवासी सैलून संचालक मनोज शर्मा को दिनांक 21/04/23 की रात्रि में हत्याकर बालू में दबा दिया गया था एवं दिनांक 22/04/23 को मृतक की पत्नी रिंकू देवी ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या करने का आवेदन दिया था एवं थाना प्रभारी आनंद कु.साह के द्वारा केस सं. 20/23 दिनांक 22/04/23 धारा 302/201 भा.द.वि. अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हत्याकर साक्ष्य छुपाने के मामला में प्राथमिकी दर्ज करते हुए अनुसंधान करना शुरू किये अनुसंधान क्रम में आसूचना संग्रह एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर संदेहात्मक व्यक्ति का लोकेशन ग्राम भोराई,जिला जमुई(बिहार) पाया गया एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा इस कांड का उद्भेदन के लिए विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था जिसमे थाना प्रभारी आनन्द कु.साह,पुअनि अशोक कुमार,आरक्षी संत कुमार पांडेय,आरक्षी रामजीत मुंडा,महिला चौकीदार निर्मला के द्वारा ग्राम भोराई, जिला जमुई(बिहार) से छोटी राय,पिता स्व.जीवलाल राय,ग्राम-पालमो(भुराई),थाना-तिसरी, जिला गिरिडीह को पूछताछ के लिए सतगावां थाना लाया गया एवं पूछताछ करने पर अभियुक्त अपना अपराध कबूल करते हुए बताया कि मृतक एवं अभियुक्त दोनों एक सैलून में साथ काम करते थे एवं मृतक,अभियुक्त की पत्नी के बारे में हमेशा अभद्र टिप्पणी करते रहता था और इसी कारण उत्तेजना में आकर हाथापाई,मारपीट कर जख्मी कर गमछा से गला दबाकर हत्या करने की बात को स्वीकार किया,जिसके बाद थाना प्रभारी अभियुक्त को न्यायिक हिरासत भेज दिया,अभियुक्त का आपराधिक इतिहास से पता चला कि इससे पूर्व में भी 2016 में दिल्ली में हत्या के जुर्म में जेल जा चुका है।

वहीं इस मामले का त्वरित उद्भेदन और कार्यशैली को लेकर थाना प्रभारी आनंद कु.साह का चौक चौराहों पर चर्चा के साथ साथ प्रशंसा भी किया जा रहा है।

## दो दिवसीय खूंटी मिलेट्स प्रदर्शनी सह सम्मेलन का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खूंटी :** मोपफी और पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित झारखंड के खूंटी जिले में दो दिवसीय झारखंड मिलेट्स प्रदर्शनी सह सम्मेलन 28अप्रैल को संपन्न हुआ। आज के कार्यक्रम के अतिथि प्रणव पाल, संयुक्त निदेशक उद्योग विभाग झारखंड थे। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि यह बड़े सम्मान की बात है कि खूंटी बाजरा तथा मरूआ उत्पादन में अग्रणी क्षेत्र है। उन्होंने आगे बताया कि शहरी लोगों तक मोटे अनाज आधारित आहार का महत्व कैसे पहुंच रहा है और मौर्य जैसे बड़े आतिथ्य समूह भी अपने मेनू में बाजरा आधारित व्यंजन परोस रहे हैं। दिन के एजेंडे में तकनीकी सत्र थे, ÷मिलेट एग्रीटेक एंड स्टार्टअप मीट इसकी आवश्यकता और यह एक लाभदायक व्यवसाय कैसे है और बाजरा के लिए निर्यात, रसद और सरकारी हस्तक्षेप।

तकनीकी सत्रों के दौरान, पीएमएफएमई डिवीजन, एमओएफपीआई, जिला उद्योग केंद्र, एमएसएमई, जिला कृषि केंद्र, जिला विकास केंद्र, विशेषज्ञ उनके संगठनों द्वारा प्रदान की गई महत्वपूर्ण योजनाओं को उजागर करने के लिए शामिल हुए। बैठक एक इंटरैक्टिव सत्र के साथ संपन्न हुई जहां स्थानीय उद्योगों, एफपीओ, एसएचजी, बैंकों, स्टार्टअप और किसानों के विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने बेहतर आउटरीच के लिए इन योजनाओं के अभिसरण के बारे में उद्योग, बागवानी और कृषि विभाग के साथ बातचीत की। कॉन्क्लेव का समापन मिली दुबे, निदेशक, खाद्य और कृषि पीएचडीसीसीआई के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। एचडी सीसीआई के सीनियर रीजनल डायरेक्टर मंतोष कुमार ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर जिला प्रशासन का धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीएचडीसीसीआई दिल्ली की डॉक्टर शेफाली भसीन, राहुल लाल, शिवानी कुमारी के साथ कई लोगों ने सहयोग किया।

## 5 टन ढिबरा लदा 709 वाहन जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** वन विभाग की टीम ने रेंजर के नेतृत्व में गुरुवार की देर रात ढिबरा लदा 709 वाहन को जब्त किया गया। बताया जाता है कि विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लोकाई गांव के पास से उक्त वाहन को जप्त किया गया। हलांकि इस मामले में किसी के गिरफ्तारी नहीं किया गया। इस बाबत रेंजर ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी। कि लोकाई गांव मे 709 वाहन पर ढिबरा लोड करके खडा है । जिसकी सूचना पर उक्त वाहन 709 वाहन जप्त कर लिया गया।इस दौरान वाहन चालक व मजदूर गाड़ी को छोडकर भागने में सफल रहे। जिसके बाद वाहन को जब्त करके वन परिसर लाया गया। 709 वाहन में 5 टन ढिबरा लोड था। जिसकी कीमत उसकी लगभ 1 लाख रुपया से ज्यादा बताई जा रही है। मौके पर वंरक्षी छत्रपति शिवाजी, किशोर यादव, गोपाल यादव, शंकर महतो, आदि मैजूद थे।

## परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआई एस) की ओर आज भारतीय मानक ब्यूरो के संबंध में एक परीक्षण कार्यक्रम समाहरणालय सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम मे भारतीय मानक ब्यूरो, जमशेदपुर की ओर से संयुक्त निदेशक सुभाष चंद्र नायक (साइंटिस्ट-डी) के द्वारा समाहरणालय कर्मियों को बीआईसी व उसके कार्यो से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होने आईएसआई हॉलमार्क, ज्वैलरी हॉलमार्क, इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया व विभिन्न उत्पादों के स्टैण्डर्ड संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

इस मौके पर भारतीय मानक ब्यूरो से वैज्ञानिक-सई/उप निदेशक अर्को साहा, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, जिला शिक्षा अधीक्षक अलका जायसवाल, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सुभाष यादव, जिला नियोजन पदाधिकारी मो. इमरान फारूकी, कार्यपालक पदाधिकारी जितेंद्र कुमार जैसल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## करांजी मेला मैदान में ईद मिलन समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के कराँजी गांव स्थित मेला मैदान में शुक्रवार को पंचायत के मुखिया फ्रांसिस्का मिंज द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में एक दुसरे को ईद का मुबारकबाद भी दिये। समारोह को संबोधित करते हुए बीडीओ डॉ. प्रवीन कुमार ने कहा कि ईद आपसी प्रेम का त्योहार है। हमलोग सभी धर्मो के त्योहारों को मिलजुलकर मनाते हैं। सभी लोग अमन से रहें प्रेम से रहें यही संदेश ईद का है। इस संदेश को अपने दिल में बसा कर रखें और सभी समुदाय आपस में प्रेम भाईचारा से रहें। थाना प्रभारी मनिष गुप्ता ने कहा कि मिलन समारोह का समाज में बहुत सकारात्मक प्रभाव होता है। गांव के छोटी-मोटी बातों को इस तरह का कार्यक्रम में बैठकर सुलझाया जाय। उप प्रमुख मोदसिर हक ने कहा कि हम सभी समुदाय एक साथ मिलजुलकर रहते हैं। ये गंगा जमुनी तहजीब का मिशाल है। आज का दौर सोशल मीडिया का दौर है। जहां कुछ नये सिखने को मिलता है। वहीं फेक न्यूज भी तेजी से फैलता है। हमलोगों इस तरह के खबरों को इसे जांचना परखना होगा। नहीं तो अमन के दुश्मन अपने मकशद में कामयाब हो जाएंगे। समारोह को पूर्व पंचायत समिति सदस्य अमीन अंसारी के संचालन में मुखिया प्रतिनिधि बबलु खान, अंजली कच्छप, सेलवेस्टर मिंज ने संबोधित किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन मुखिया फ्रांसिस्का मिंज ने दिया। मौके पर सदर सोयब अंसारी, मनिरूद्दीन अंसारी, ईस्माइल अंसारी, अंगद टंडन, गौतम टंडन, अलवीस तिर्की, संजय टंडन,अब्दुला अंसारी, सरवन खान, जफर मीर, खलिल अंसारी, एकराम अंसारी, हाजी इसराईल अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी, गफार अंसारी, नौसाद आलम, जमील अंसारी, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ने क्षेत्रीय कार्यसमिति का पुनर्गठन कर नया समिति बनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खलारी :** सी सी एल कोलियरी कर्मचारी संघ (भारतीय मजदूर संघ ) का क्षेत्रीय कार्यसमिति का पुनर्गठन को लेकर एन.के एरिया के क्षेत्रीय कार्यलय डकरा में बैठक किया गया. बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष मनीष कुमार व मंच संचालन क्षेत्रीय सचिव अमर भूषण सिंह ने किया. कएएसमिति की पुनर्गठन के लिए पर्यवेक्षक के रूप में अखिल भारतीय खादान मजदूर संघ के मंत्री सह सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार रजक,केन्द्रीय उपाध्यक्ष राघवेन्द्र पासवान एवं केन्द्रीय मंत्री सह एन.के. प्रभारी मुकेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे. इस कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं भगवान विश्वकर्मा,भारत माता की पुजा कर किया गया. मंच संचालन कर रहे वक्ता ने अपने पुरे कार्यकाल का वृत सदन में प्रस्तुत किए एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष मनीष कुमार के द्वारा क्षेत्रीय कार्यसमिति को भंग करने के पश्चात् पर्यवेक्षकों द्वारा पुनर्गठन करते हुए सर्व सम्मति से नये एन के क्षेत्रीय कार्यसमिति की घोषणा किया गया. जिसमे अध्यक्ष अमर भूषण सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह,उपाध्यक्ष श्री अशोक तुरी,सुजीत कुमार, दीपक मंडल,नुतन प्रीति,सचिव गोविंद चंद महतो,सह सचिव, राम प्रवेश राम,उदय शकर सिंह, हरेंद्र कुमार राम,पवन कुमार,कोषाध्यक्ष रामशेवक प्रसाद,संगठन मंत्री जितेंद्र प्रसाद,सह संगठन मंत्री विमल उरांव,कार्यालय मंत्री नव कुमार बनर्जी,कार्यकारी सदस्य विमला मंगल प्रसाद,चंद्र प्रकाश,सुरेश उरांव,रविन्द्र प्रताप सिंह,ठाकुर राम सतनामी,जय प्रकाश महेता,कमलेश कौर,लक्ष्मण पासी को बनाया गया.मौके पर जितेन्द्र प्रसाद,हांस्पीटल राम,बिरवल गंझू,हीरा लाल उरांव, सुभाष शंकर मंडल, विनोद कुमार विश्वकर्मा, सहदेव महतो, रंजीत बराल, आनन्द राज, नरेश कुमार, जय नन्दन ठाकुर, रविन्द्र प्रताप सिंह,नव कुमार बनर्जी,मनोज प्रजापति, चन्द्र प्रकाश, उदय शंकर सिंह, आजाद लोहरा, दीपक वर्मा, अरुण कुमार तिवारी, राम प्रवेश राम, अमित कुमार शिव कुमार सिंह, पिंकु सिंह,जय प्रकाश महतो सहित अन्य उपस्थित थे.

## तीन दिवसीय मंडा पूजा की तैयारी को लेकर बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बेड़ो :** बेड़ो के पुरियो गांव में तीन दिवसीय मंडा पूजा को लेकर शुक्रवार को मंडा पूजा समिति के सदस्यों द्वारा बैठक किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुखलाल तिर्की, उपाध्यक्ष सरोज गोप, सचिव विनोद मिंज,उपसचिव अर्जुन महतो,कोषाध्यक्ष जगना महतो, अशोक महतो, सह कोषाध्यक्ष जितेंद्र गिरी,सह उपाध्यक्ष जनार्दन भगत,संरक्षक वसिष्ठ गिरी,नीरज कुजूर, सुरेश महतो, आनंद साहू, बसंत महतो, सुदर्शन महतो, अशोक महतो, केदार महतो, शुकुल महतो, दिनेश महतो, ईश्वर महतो, केश्वर महतो, राम साहू, कुबा पाहन, महेश प्रजापति, शंभूनाथ मिश्रा, बिरसा उरांव, संजय उरांव, प्रेम बैठा, बंशी बैठा, जयराम कच्छप, बिंदेश्वर महतो, बासुदेव महतो, कलिंद्र गोप, शिवनाथ गोप, कृष्णा उरांव, संजय कच्छप, चारो उरांव शैलबाला तिर्की सदस्य जितेंद्र भगत,सूरज वर्मा, कलिंद्र वर्मा, प्रकाश साहू, रामपूजन महतो को बनाया गया।दिनांक 30 अप्रैल को रात्रि जागरण, फुलखुंदी, एवम सांस्कृतिक कार्यक्रम एवम दिनांक 1 मई को झूलन सह जतरा कार्यक्रम दिनांक 2 मई को विषर्जन सह खूंटा पूजा के साथ मंडा पूजा का समापन किया जायेगा। उक्त जानकारी मुखिया नीरज कुजूर ने दी।


## कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

सिमडेगा जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) के तहत योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु जॉब कार्ड के पिछले पृष्ठ पर लोकहित में जानकारी मुद्रण हेतु जॉब कार्ड की छपाई, 7 रजिस्टर की छपाई एवं मेडिकल किट यथा (4" Bandage-2 pcs, Cotton- 2 pcs, Povidine Qidine Cream-1 pc, Savlon-1 pc, Cetrizine -1 Strip, Diciofenace Tab- 1 Strip, Paracetamol Tab-1 Strip, Dompendom Tab-1Strip, ORS Satches - 5 Pcs, Bandaid Strip-10 pcs, Soap 10 gm-1pc, Ciproloxacin Tab-1 Strip, Surgical Knife-1 pc) की आपूर्ति करने के लिए अनुभवी प्रतिष्ठित संस्थान से मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता दिनांक 08.05.2023 को पूर्वाहन् 10.00 बजे से अपराहन् 5.00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा के कार्यालय में निविदा पेटी पर निविदा डाल सकते है। दिनांक 08.05.2023 को अपराहन् 5.00 बजे उप विकास आयुक्त–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में जिलास्तरीय क्रय समिति द्वारा निविदा खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता स्वयं अथवा उनके प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**तकनीकी बीड के आवश्यक शर्त्ते / कागजात निम्नवत् होगी :–**

1. निविदादाता द्वारा वाणिज्य–कर निबंधन प्रमाण पत्र एवं स्वच्छता प्रमाण पत्र समर्पित करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता द्वारा विगत तीन वर्षों का आयकर प्रमाण पत्र एवं चाटर्ड एकाउन्टेंट द्वारा अंकेक्षण प्रमाण पत्र तथा GST Clearance समर्पित करना अनिवार्य होगा।
3. मेडिकल किट आपूर्ति किये जाने वाले आपूर्तिकर्ता को वैद्य Drug license अनिवार्य होगा।
4. निविदादाता को सरकारी विभाग के साथ कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र देना होगा।
5. निविदादाता को कागज / मेडिकल किट का नमूना निविदा के साथ जमा करना होगा।
6. सफल निविदादाता को कार्यादेश निर्गत करने के एक सप्ताह के अन्दर आपूर्त्ति करना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाता को 10,000 / –(दस हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट, उप विकास आयुक्त–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक, सिमडेगा के पदनाम से प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करना होगा।
8. तकनीकी एवं वित्तीय बीड अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में रख कर एक बड़े लिफाफे में समर्पित करेंगे।
9. सिमडेगा जिला के सभी 10 प्रखण्ड मुख्यालयों तक सामग्री आपूर्ति करने के लिए सभी प्रकार के कर परिवहन एवं हथालन व्यय आदि सहित दर का उल्लेख करना अनिवार्य है।
10. प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा दिये गये आपूर्ति आदेश की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर निर्दिश्ट स्थल (प्रखण्ड मुख्यालय) पर सामग्रियों की आपूर्ति होगी।

**वित्तीय बीड के आवश्यक शर्त्ते / कागजात निम्नवत् होगी :–**

1. निविदादाता का नाम :–
2. स्थायी पता :–
3. वर्तमान पता :–
4. व्यापार का स्थल (मोबाईल नम्बर सहित)
5. दर (प्रति अदद्) (A) जॉब कार्ड (B) 7 रजिस्टर (C) मेडिकल किट

- निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत / निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
- निविदा के शर्त्तों को सरकारी अनुदेशों के आलोक में या व्यवहारिक परिस्थितियों में संशोधित भी किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त
–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक,
सिमडेगा

PR 296171 Rural Development (23-24)_D



झारखंड सरकार
उद्योग विभाग

**Jharkhand Government Tool Room, Dumka**
**(Formerly Known as Government Tool Room & Training Centre, Dumka)**
**(An ISO 9001:2015 Certified Tool Room & Training center Under Department of Industries, Govt. of Jharkhand)**
**Vill.+Post – Jardaha, PS – Taljhari, Via – Ghormara, Dist – Dumka, PIN No- 814120**
**E-Mail- trg.gtrtcdumka@gmail.com,**
**Website- www.gtrtcdumka.com, Ph- 9199240260, 9473223699,**

Jharkhand Government Tool Room (JGTR), Dumka has been established by the Department of Industries, Govt. of Jharkhand with the assistant of ministry of MSME, Govt. Of India and registered under the society registration act 1860. The Centre is having Training and Production wings equipped with latest range of machine tools procured from global market including CAD/CAM and sophisticated CNC Machines, ultra modern class rooms with latest teaching aids.

The Centre is conducting AICTE approved '4 Years Diploma in Tool and Die making course which is equivalent to Mechanical Engineering and various types of skill development courses. Apart from training activities, the Centre is also acting as a hub for various small, medium and large scale industries.

**SUMMER VOCATIONAL AND HI-TECH TRAINING PROGRAMSFOR B.E./ B TECH IN MECHANICAL /PRODUCTION /AUTOMOBILE / DIPLOMA / ITI & EQUIVALENT STUDENTS**

| Sl. No. | Course Name | Eligibility | Fees(Rs.) | Duration | Start Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Post Diploma in CAD/CAM (PDCC) | B.E/B.Tech./Diploma in Mech | 20,000/- | 6 Month | 1st & 3rd week of every month. |
| 2 | CNC Programming & Operation | B.E/B.Tech./Diploma in Mech | 10,000/- | 6 Month | |
| 3 | CATIA V6 | B.E/ B. Tech./ Diploma in Mech. Prod./ Automobile or Equivalent. | 4,500/- | 1 Month | |
| 4 | In-Plant Training | | 1,000/- | 1 Month | |
| 5 | Creo Parametric | | 4,500/- | 1 Month | |
| 6 | ANSYS | B.E/B.Tech./Diploma in Mech | 6000/- | 1 Month | |
| 7 | Auto CAD (Mech./Civil/Electrical/Architecture) | B.E/ B. Tech./ Diploma in concern branch | 3,000/- | 3 Week | |
| 8 | CNC Turning (FANUC) | B.E/ B. Tech./ Diploma in Mech./ Prod./Auto./ ITI | 3,000/- | 3 Week | |
| 9 | CNC Milling (FANUC) | | 3,000/- | 3 Week | |
| 10 | Metal Cutting through Conventional Machine | Diploma /ITI | 4,000/- | 1 Month | |
| 11 | Plant & Machine Maintenance | | 8,000/- | 6 Month | |
| 12 | Mobile Phone Repairing | Non Matric, Matric, 12th, Graduation | 3000/- | 2 Month | |
| 13 | Tailor (Basic Sewing Operator) | Non Matric, Matric, 12th, Graduation | 2000/- | 2Month | |
| 14 | Diploma in Computer Application | Matric, 12th, Graduation | 3000/- | 6 Month | |
| 15 | Advanced Basic Computer | Non Matric, Matric, 12th, Graduation | 500/- | 2 Month | |
| 16 | Basic Computer & Internet | Non Matric, Matric, 12th, Graduation | 300/- | 1 Month | |
| 17 | Computer Typing | Non Matric , Matric, 12th,Graduation | 500/- | 2 Month | |

**How to apply :-**Visit to our office address or send the application form/ resume along with self attested photo copies of your certificates to the Principal along with cash or DD of **Rs 1000/- (Part of course fee)** drawn in the favor of **Government Tool Room & Training Centre, payable at Jarmundi**. Admission will be on first come first serve basis. Fee can be paid in installments for the course more than 3 months duration. **Hostel charges are Rs. 2500/- per month,** (includes lodging &fooding both subject to availability). For more details visit our website.

**Note :-**Application forms are available free of cost in the office or down loaded from our website. To get the brochure and more details send e-mail to us or call on contact number:-**9473223699/9199240260**, 8:00AM To 5:00PM.

Sd/
Principal
JGTR,Dumka

**PR 296177 Industries(23-24).D**

## जमशेदपुर में खुला एथनिक्स बाई रेमंड का पहला फ्लैगशिप स्टोर



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्सवों और शादियों के लिए पारंपरिक पोशाक का एक सही विकल्प प्रदान करने के उद्देश्य से रेमंड ने शुक्रवार को बिस्टुपुर मेन रोड में अपना पहला एक्सक्लूसिव फ्लैगशिप स्टोर एथनिक्स बाई रेमंड लॉन्च किया। 2300 स्कायर फीट में फैला यह स्टोर शेरवानी, कुर्ता, और ब्लेजर जैसे एथनिक वियर की पेशकश करता है। एथनिक्स एक किफायती मूल्य सीमा पर अद्वितीय और सुरुचिपूर्ण डिजाइनों के साथ ग्राहकों की मांगों को पूरा करेगा। स्टोर को एक बुनियादी प्रारूप के साथ डिजाइन किया गया है जो फ्लैगशिप स्टोर में एक अलग अनुभव प्रदान करता है, स्टोर का प्रवेश भारतीय कला रूपों के साथ प्रदर्शित किया गया है। भारतीय कला रूपों को चित्रित करने वाले बहुत सारे चित्रों के साथ इंटीरियर भी एक उत्तम दर्जे का डिजाइन किया गया है। रेमंड पूरे राज्य में और अधिक स्टोर शुरू करने की प्रक्रिया में है, ताकि परिवार एक साथ खरीदारी कर सकें, कपड़ों का समन्वय कर सकें और एक-दूसरे के लुक को पूरा कर सकें। एथनिक्स प्रत्येक अवसर को यादगार बनाने के लिए एक सहायक समाधान के साथ तैयार किया गया है। श्रेणियों में शेरवानी, इंडो वेस्टर्न, बंदगला, चूड़ीदार के साथ कुर्ता, सूट शामिल हैं।

## चुनाशाह बाबा का 54वाँ सालाना उर्स शरीफ 9 से 12 मई तक

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बादशाह अब्दुर रहीम शाह उर्फ



चुनाशाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह का 54 वाँ सालाना उर्स शरीफ आगामी 9 से 12 मई को बिस्टूपुर स्थित उनके दरगाह पर धूमधाम से मनाया जायेगा। उक्त जानकारी दरगाह कमेटी हजरत चुनाशाह बाबा बिष्टुपुर के सचिव हाजी एस एम कुतुबुद्दीन ने दी। उन्होंने बताया 9 मई को उर्स मुबारक की शुरुआत सुबह 8 बजे से कुरान खानी से होगी। 10 मई को बाद नमाज ईशा रात तकरीर, 11 मई को सुबह 10 बजे चादर व संदल दस्त, दोपहर 1.20 बजे चादरपोशी, 2 बजे से लंगरे आम और रात 9 बजे से महफिले शमां (कव्वाली) होगी। 12 मई जुम्मा को 2 बजे दिन से लंगरे आम और 9 बजे रात में महफिले शमां का आयोजन किया जाएगा। तकरीर में मौलाना कुतुबउद्दीन रिजवी, राँची, मौलाना हफीजुद्दीन खतीब, बिष्टुपुर मस्जिद, मौलाना मोहम्मद इजहार अहमद खतीब व इमाम, बिष्टुपुर जामा मस्जिद, हाफीज व कारी मौलाना मोहम्मद कलीम कैंसर जुगसलाई , जम जम फतेहपुरी, रामगढ़, कारी व मौलाना इसहाक अंजुम और कारी इबरार कैंसर, औरंगाबादी शामिल होंगे।

## सदर अस्पताल में 63 दिव्यागंजनों की जांच कर दी गई दिव्यांगता प्रमाण पत्र

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर अस्पताल सरायकेला में



शुक्रवार को अस्पताल उपाधीक्षक डॉ नकुल प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में मासिक दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। मिली जानकारी अनुसार 63 दिव्यांग जनों की शारीरिक, मानसिक एवं स्वास्थ संबंधी दिव्यांगता की जांच कर उन्हे प्रमाण पत्र दिया गया। इसी प्रमाण पत्र के आधार पर दिव्यांग जनों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाता है। शिविर में अस्थि रोग संबंधित 41 दिव्यांग, दृष्टि संबंधी 18 दिव्यांग एवं नाक कान गला से संबंधित 04 सहित कुल 63 दिव्यांग जनों की जांच अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ आलोक रंजन महतो, नाक कान गला विशेषज्ञ डॉ प्रदीप कुमार एवं नेत्र विशेषज्ञ डॉ सलीन सोसन टेपनो ने अपने सहयोगी टीम के साथ जांच की।

## तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर झाड़ियों में घुसा, बचा चालक



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांड्रा- सरायकेला मार्ग पर शेन इंटरनेशनल स्कूल के समीप तेज रफ्तार एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर बीच सड़क से उतर कर पास के ही झाड़ियों में जा घुसा। शनिवार को अहले सुबह इस दुर्घटना में उसका चालक बाल बाल बच गया। बताया गया है कि ट्रेलर जमशेदपुर से कांड्रा होते हुए सरायकेला की ओर जा रही थी। इसी दौरान यह हादसा हुआ। मामले की जानकारी प्राप्त होते ही कांड्रा पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रेलरने को क्रेन के सहारे बाहर निकाला।

## लाइब्रेरी खोलने के लिए पहाड़पुर पंचायत भवन में बैठक संपन्न

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत पहाड़पुर



पंचायत भवन में पंचायतस्तरीय लाइब्रेरी खोलने को लेकर शुक्रवार को पंचायत भवन में बैठक मुखिया अजब सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में चामटा, पहाड़पुर व डांगरडीह स्कूल के अलावे पटमदा डिग्री कॉलेज, चांडिल कॉलेज तथा दुमदुमि कॉलेज के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। समाजसेवी चंद्रमोहन महतो ने बताया कि लाइब्रेरी खोलने के लिए के लिए किसी तरह फंड नही है। इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मिलकर सहयोग करने की अपील किया जाएगा। मुखिया अजब सिंह ने बताया कि बहुत छात्र-छात्राएं चाह कर भी किताब खरीद नही पाते है। बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि अंगद सिंह, चंद्रमोहन महतो, धनंजय महतो, अमित महतो, सुषेन सिंह आदि उपस्थित थे।

## डीएलएसए की हुई मंथली ओरियंटेशन मीटिंग

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सरायकेला की शुक्रवार को मंथली ओरियंटेशन मीटिंग लोक अदालत हॉल में आहूत की गई। प्राधिकार के सचिव कुमार क्रांति प्रसाद ने मौके पर सरायकेला खरसावां जिले के शामिल सभी कार्यरत पारा लीगल वॉलंटियर के कार्यो की आज समीक्षा की। साथ ही सभी पीलवी को निर्देश दिया गया कि इस दिशा में प्रयास करे की सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक जन जन तक पहुंचे। ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं के बारे में जान सके और उससे लाभान्वित हो सकें। विशेष कर महिला, बच्चों इन बुजुर्गो से जुड़े योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया।

# वाहन की चपेट में आने से एक की मौत, तीन घायल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर बड़ा चुनचुड़ीया के पास शुक्रवार को देर शाम एक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई एवं अन्य तीन गंभीर रूप से घायल है। मौके पर पहुंची ईचागढ़ थाना के एसआई शिवा यादव दलवल के साथ पहुंचकर एंबुलेंस से तीनों घायलों को मिलन चौक स्थित माधुरी नर्सिंग होम भेज दिया। वही मृतक को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला भेज दिया। घटनास्थल से बाइक को भी पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया है। लाश की पहचान बंगाल के बाघमुंडी थाना क्षेत्र के शोशो गांव निवासी बाबु सिंह के रूप में कि गई है वहीं घायलों में शोशो निवासी विवेक लोहार, शंभू लोहार एवं मुकेश लोहार के रूप में कि गई है। मिली जानकारी के अनुसार एक ही बाइक में सवार होकर चारों शोशो गांव से रांगामाटी की ओर जा रहा था जहां किसी अज्ञात ट्रक के चपेट में आने से चोरों सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसमें एट की घटनास्थल पर ही मौत हो गई एवं तीन घायल हो गए। तत्काल दो युवकों का इलाज माधुरी नर्सिंग होम में किया जा रहा है एवं एक युवक को वेहतर इलाज हेतु सिंहपुर नर्सिंग होम ले जाया गया।

## निजी स्वार्थ के लिए जनप्रतिनिधि शहर के अमन चैन को चाहते हैं बिगाड़ना : सुधीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** शहर के अधिवक्ता और समाजवादी विचारक अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने आज के हालात पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हमारे जनप्रतिनिधि अपने निजी स्वार्थ के लिए जनहित के मुद्दे को नहीं उठा कर शहर के अमन चैन को बिगाड़ना चाहते हैं और आरोप-प्रत्यारोप में जनता को भ्रमित कर रहे हैं। विकास और जनहित की बात नेताओं ने गौण कर दिया है। विधानसभा चुनाव में कैसे नैया पार लगाया जाए इसी को लेकर सब ड्रामा चल रहा है परंतु शहर के सद्भावना को बिगाड़ा गया तो अमन चैन पसंद लोग इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। सोशल मंच पर नजर डालिए तो नेताओं के बोल और उनका स्वार्थ नजर आएगा। इन नेताओं को सामाजिक सरोकार से कोई मतलब नहीं है सिर्फ वोट की राजनीति करते हैं सांप्रदायिक सद्भावना को बिगाड़ना इनका मकसद है। एक दूसरे के निजी जीवन पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर देखा जा सकता है इसे जनता से कोई मतलब नहीं है जो खुद शीशे के घर में रहते हैं उन्हें दूसरे के घरों पर पत्थर नहीं फेंकना चाहिए। सामाजिक सरोकार के मुद्दे और जनहित के मुद्दे पर हमारे जनप्रतिनिधि मौन हैं। उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है और सुन रही है आने वाले वक्त में इसका मुंहतोड़ जवाब देगी वैसे नेता भ्रम में है जो जनता को भ्रमित कर अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। शहर के बुद्धिजीवियों से और अमन चैन पसंद लोगों से अपील है कि वह सामने आकर समाज को विभाजित करने वाले राजनीति का जमकर विरोध करें।

## इंटक राष्ट्रीय कमेटी का हुआ विस्तार

## जमशेदपुर से विजय खां, राकेश्वर समेत अन्य को मिली जगह





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जी संजीवा रेड्डी ने अपनी कमेटी का विस्तार कर दिया है। इसके तहत संजय कुमार सिंह को एक बार फिर से महामंत्री बनाया गया है। वहीं, कोषाध्यक्ष राव सुरेंद्र कुमार को बनाया गया है. उपाध्यक्ष के पद पर डॉ एम राघवैया, अशोक सिंह, डॉ आरसी कावंटिया, चंद्रप्रकाश सिंह, आर चंद्रशेखरन, कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह, जी सत्यजीत रेड्डी बनाये गये है। वरीय सचिव के पद पर मजदूर नेता राकेश्वर पांडेय, टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी टुन्नु को बनाया गया है। इसके अलावा सचिव के पद पर कांग्रेस के जमशेदपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय खां, जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय, टाटा वर्कर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष आर रवि प्रसाद, आर्गेनाइजेशन सेक्रेटरी के पद पर देविका सिह और टाटा वर्कर्स यूनियन के महामंत्री सतीश सिंह को बनाया गया है।

# आगामी चुनाव की तैयारी में जुटे झामुमो कार्यकर्ता

## 70 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी आगामी चुनाव के मद्देनजर तैयारियों में जुट गई है. केंद्रीय कमिटि के निर्देशानुसार शुक्रवार को आदित्यपुर स्थित ऑटोक्लस्टर सभागार में जिला समिति की बैठक आयोजित की गई. मंत्री चंपई सोरेन ने बताया कि सरायकेला जिले से 70 हज़ार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य जिला कमेटी को दिया गया है. जिले के सभी प्रखंड से 5 हज़ार नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा. इसके अलावा आदित्यपुर नगर कमेटी से 10 हज़ार कपाली नगर परिषद क्षेत्र से 10 हज़ार और सरायकेला नगर पंचायत से 5 हज़ार सदस्यों को जोड़े जाने का लक्ष्य निर्धारित है. मंत्री ने बताया कि एक सप्ताह में सदस्यता अभियान की विधिवत शुरुआत हो जाएगी. जल्द ही जिला कमेटी द्वारा सदस्यता अभियान के प्रभारी सदस्यों की भी विधिवत घोषणा जिलाध्यक्ष द्वारा की जाएगी. मंत्री ने बताया कि सरकार के योजनाओं से जोड़ते हुए पार्टी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने का काम कर रही है इसी कड़ी में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा.

### राज्य में नगर निकाय चुनाव जल्द : चंपई सोरेन

28 अप्रैल से राज्य के सभी 34 नगर निकाय समेत अन्य नगर निकायों के कार्यकाल समाप्त होने के सवाल पर मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि सभी 34 निकाय समेत पूर्व से लंबित नगर निकायों में चुनाव की घोषणा जल्द की जाएगी. सरकार द्वारा निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां की जा रही है .उन्होंने बताया कि फिलहाल प्रशासक के माध्यम से निकायों में कार्य सुचारू रूप से चलते रहेंगे. बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ शुभेन्दु महतो ने की. मौके पर केंद्रीय सदस्य वीरेंद्र प्रधान, पितोवास प्रधान, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सीके गोराई, पूर्व जिला अध्यक्ष रंजीत प्रधान, मंत्री के निजी सहायक चंचल गोस्वामी, विधायक प्रतिनिधि सनद आचार्य, आप्त सचिव गुरु प्रसाद महतो, गोपाल महतो, केंद्रीय सदस्य कृष्णा बास्के, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियंका मंडल, अमृत महतो, दीपक मंडल,महेश्वर महतो, भुंडा बेसरा, निरंजन महतो समेत बड़ी संख्या में प्रखंड और नगर कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## खरसावां में उत्कल सम्मेलनी ने मधुसूदन दास की 175 वीं जयंती मनाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां में शुक्रवार को उत्कल सम्मलिनी के द्वारा उत्कल गौरव स्वं मधुसूदन दास की 175 वी जयंती सादगी से मनाई गई। इस दौरान उत्कल गौरव मधुसूदन दास के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि दी गई। वही ओडिया भाषा-साहित्य और संस्कृति को जन जन पहुचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत शिक्षक कामाख्या प्रसाद सारंगी ने कहा कि ओडिया भाषा-साहित्य का विकास ही हमारा लक्ष्य है। इस दौरान मुख्य रूप से सेवानिवृत शिक्षक कामाख्या प्रसाद सारंगी, उत्कल सम्मेलन के पूर्व जिलाध्यक्ष हरीशचंद्र आचार्य, जिला उपाध्यक्ष बिरोजा पति, जिला परिदर्शक सुशील षांडगी, जिला सचिव अजय प्रधान, सुजीत हाजरा, सपन मंडल, आदि उपस्थित थे।



## बर्मामांइस हिंद आश्रम मे मायुमं ने लगाया अस्थाई अमृतधारा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा आनंद सब के लिए कार्य6म के तहत बर्मामांइस हिंद आश्रम मे अस्थाई अमृतधारा का अवलोकन किया गया। साथ ही गर्मी को देखते हुए बच्चो के बीच सत्तू का पैकेट का वितरित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता, शाखा सचिव अंशुल रिंगासिया, अमृतधारा संयोजक सुमन चौधरी, आनंद अग्रवाल, विजय सोनी, शिव चौधरी, राजेश अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## आदित्यपुर में टैंकर से जल सेवा की शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में जन सहयोग से आदित्यपुर नगर निगम अंतर्गत सभी क्षेत्रों में पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए आज 15 हजार लीटर के टैंकर से जल सेवा का शुभारंभ किया। जिसकी शुरुआत आदित्यपुर नगर निगम वार्ड 17 अंतर्गत जानकी अपार्टमेंट से की गई है। पुरेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि आदित्यपुर नगर निगम द्वारा अपार्टमेंटवासियों को फ्री जल सेवा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आदित्यपुर नगर निगम अंतर्गत करीब 150 से अधिक अपार्टमेंट और टाउनशिप है, जहां के लोग घोर जल संकट से गुजर रहे हैं। बताया कि आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट को लेकर आदित्यपुर विकास समिति का एक प्रतिनिधिमंडल कल प्रशासक/ अपर नगर आयुक्त, आदित्यपुर नगर निगम से मिलेगा। इस मौके पर वीरेंद्र यादव, राजेश कुमार यादव, देव प्रकाश, संतोष कुमार सिंह, अनुपमा चौबे, बबली त्यागी, कुसुम अग्रवाल, नेहा मिश्रा, संगीता सारंगी, निवेदिता साहू, ज्योति पांडे, नंदिता घोष, राजीव पांडे, उमेश भगत, जगन्नाथ सरकार, संचिता राय, कुमुद यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रतिबंधित गुटखा पान मसाला बेच रहे कई दुकानदारों से वसूला गया जुर्माना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार केरकेट्टा के नेतृत्व में गम्हरिया और आदित्यपुर क्षेत्र में दुकानों में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कई दुकानों में अवैध रूप से प्रतिबंधित गुटका की बिक्री करते दुकानदार पाए गए। उन दुकानों में मिले प्रतिबंधित पान मशाला व गुटका को जब्त करते हुए दुकानदारों से जुर्माना की वसूली की गई। साथ ही, उन्हें ऐसे सामानों की बिक्री भविष्य में नहीं करने की चेतावनी दी गई। जांच टीम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के अलावा प्रभारी खाद्य निरीक्षक संतोष कुमार साहू, आदित्यपुर नगर निगम के सिटी मैनेजर कार्तिक महतो आदि शामिल थे।

# राज्य स्तरीय अंडर-20 जूनियर कुश्ती के लिए जिला स्तरीय टीम घोषित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** झारखंड राज्य कुश्ती संघ के तत्वावधान में रांची के होटवार खेलगांव मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-20 जूनियर झारखंड पुरुष फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल एवं फ्री स्टाइल महिला कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होने वाले जिला स्तरीय टीम के चयन हेतु शुक्रवार को जिला कुश्ती संघ की ओर से गम्हरिया के आदित्यपुर कॉम्प्लेक्स कॉलोनी स्थित अरुणोदय क्लब प्रांगण में चयन किया गया जो कल 29 अप्रैल को होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। जिला स्तरीय टीम में चयनित खिलाड़ियों में पुरुष वर्ग फ्रीस्टाइल मेंनीरज कुमार (57किग्रा), अमरनाथ राय



(70किग्रा), रितिक कुमार राजहंस (74किग्रा) तथा पुरुष वर्ग के ग्रीको रोमन में राजेश महतो (55किग्रा) शामिल हैं। इसी प्रकार, महिला फ्री स्टाइल में मोनिका कुमारी (50किग्रा) व काजल कुमारी (53किग्रा) को चयनित किया गया है। उक्त प्रतियोगिता के कोच बलराम महतो व दामोदर जामुदा तथा टीम प्रभारी सुरेश नारायण चौधरी को बनाया गया है। चयन प्रतियोगिता के मौके पर सरायकेला-खरसावां जिला कुश्ती संघ के सचिव अखिलेश्वर प्रसाद के अलावा सदस्य शैलेंद्र सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह, टुनटुन सिंह, श्यामजीत सोरेन, राजेश लोहरा, अजीत सोरेन, परसन मंडल आदि उपस्थित थे जबकि निर्णायक मंडली में सुरेश नारायण चौधरी, बलराम महतो आदि शामिल थे।

# नीमडीह के सुदूरवर्ती गांव अंडा निवासी अरुण सिंगापुर के मंच पर प्रस्तुत करेंगे छऊ नृत्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव अंडा निवासी युवक अरुण महतो सिंगापुर के मंच पर छऊ नृत्य प्रस्तुत करेंगे। 28 अप्रैल से 30 अप्रैल तक तीन दिवसीय सिंगापुर अंतराष्ट्रीय लोक महोत्सव में अरुण महतो देश विदेश में प्रसिद्ध मानभूम शैली के छऊ नृत्य की प्रस्तुति देंगे। वे एमए पास है, चांडिल बांध से विस्थापित होने के बाद भी नौकरी नहीं मिलने के कारण छऊ नृत्य कला को ही आजीविका का साधन बनाया है। इसी गांव निवासी उस्ताद बंशीधर महतो से प्रेरणा लेकर अरुण महतो छऊ नृत्य का प्रशिक्षण लिया। उस्ताद बंशीधर महतो भगवान श्रीकृष्ण की



चरित्र को मंच पर प्रस्तुति देते हैं। कला के जानकारों का कहना है कि झारखंड, ओड़िशा व पश्चिम बंगाल में उस्ताद बंशीधर महतो जैसा श्रीकृष्ण की प्रस्तुति देने वाला दूसरा कलाकार नहीं है। अरुण महतो ने कहा कि कला के क्षेत्र में रोजगार मिलेगा लेकिन परिश्रम करना होगा। उन्होंने कहा कि मानभूम शैली छऊ नृत्य मार्शल आर्ट्स का भाग है। जिसमें काफी मेहनत करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार कलाकारों को उपयुक्त मंच व रोजगार देने के लिए गंभीर नहीं है।

## संपादकीय

## 'सुप्रीम दंगल' की नौबत

**जिस** पहलवान ने कुश्ती के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में, भारत के लिए, पदक जीत थे, तब वह 'राष्ट्रीय नायक' था। महिला या पुरुष कुछ भी हो सकता है। वह चेहरा भारतीय खिलाड़ी का था। वह किसी भी खेल का प्रतिनिधि हो सकता है, लेकिन जीत के ऐसे लम्हों में हमारा 'तिरंगा' सम्मानित होता है। राष्ट्रगान की धुन बजाई जाती है। देश और प्रधानमंत्री गौरवान्वित महसूस करते हुए तालियां बजाते हैं। रोड शो के जरिए उन खिलाड़ियों का अभिनंदन किया जाता है। उन्हें सम्मानों से नवाजा जाता है और सरकारी नौकरियों भी मुहैया कराई जाती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आवास पर भारत के ऐसे होनहार, पदकवीर खिलाड़ियों को रात्रि-भोज दिया है, यह समूचा देश जानता है। आज वही खिलाड़ी जंतर-मंतर पर धरना दिए बैठे हैं। उनकी आंखों में आंसू हैं, मन में गहरी निराशा है। क्या वे अब देश के लिए 'दंगल' लड़ पाएंगे? क्या प्रधानमंत्री और सरकार के संज्ञान में नहीं है कि महिला पहलवानों ने यौन उत्पीडन के आरोप लगाए हैं। एक पहलवान तो 16 वर्षीय नाबालिग बताई गई है। सीधा 'पॉक्सो' का केस बनता है और आरोपित व्यक्ति जेल में होना चाहिए था। चूंकि भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष, भाजपा का 6 बार का बाहुबली सांसद, ब्रजभूषण शरण सिंह है, लिहाजा मुद्दे को लटकाया, भटकाया जा रहा है। पुलिस भी प्राथमिकी दर्ज करने में कन्नी काट रही है। बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, रवि दहिया, साक्षी मलिक, दीपक पूनिया सरीखे चैम्पियन, पदकवीर पहलवानों को दुनिया जानती है। उन्होंने कुश्ती के लिए 'मील-पत्थर' स्थापित किए हैं। दुनिया उनके दंगल की दाद देती रही है। वे यौन-शोषण की शिकार पहलवान-बेटियों की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्हें शर्म आनी चाहिए, जो उनकी जीत पर गर्वोन्मत हुए थे। पहलवान-बेटियों को, अंततः, सर्वोच्च अदालत की चौखट तक जाना पड़ा। दुनिया देश पर थू-थू कर रही होगी। देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने भी आरोपों को गंभीर माना है और दिल्ली पुलिस का जवाब तलब किया है। शुक्रवार को शीर्ष अदालत में सुनवाई है। दरअसल बुनियादी सवाल और चिंता खेल की है। खेलों के मामले में भारत अपेक्षाकृत कमजोर है। ऐसे यौन उत्पीडन किए जाएंगे, तो कमोबेश कौन मां-बाप अपनी बेटी को खेलने की इजाजत देगा? ये विश्वविख्यात पहलवान जनवरी, 2023 में भी जंतर-मंतर पर ही बैठे थे, तब उन्होंने खेल मंत्रालय के आश्वासन पर भरोसा करने की गलती की थी। इस अंतराल में मुक्केबाजी की 6 बार की विश्व-चैम्पियन रहीं मैरी कोम की अध्यक्षता वाली कमेटी ने क्या निष्कर्ष तय किए, क्या रपट तैयार की और सच तक पहुंचने की कोशिश की, सब कुछ परदे में है। पहलवान रही और कमेटी की एक सदस्य बबीता फोगाट के रपट पर हस्ताक्षर किस तरह जबरन कराए गए और उनसे रपट भी छीन ली गई, इसका खुलासा उन्होंने ही किया है। कुश्ती संघ में ब्रजभूषण का आज भी वर्चस्व है। वरिष्ठ कोचों और संघ के अधिकारियों द्वारा महिला पहलवानों के परिजनों तक को धमकाया जा रहा है। पैसे का लालच दिया जा रहा है। वे सभी दबाव में हैं। यह खुलासा भी धरने वालों ने ही किया। अदालत में सच सामने आ सकता है। सवाल यौन-हिंसा का है और नया कानून बेहद सख्त है। प्राथमिकी दर्ज न करने वाला पुलिस अफसर भी नप सकता है। सवाल यह भी है कि आज कुश्ती में कुकर्म सामने आ रहे हैं, तो कल दूसरे खेलों की महिला खिलाडियों के साथ घिनौनेपन किए जा सकते हैं। भारत में महिला क्रिकेट और हॉकी टीमें भी खेल रही हैं। बैडमिंटन और निशानेबाजी, तीरंदाजी आदि खेलों में भी महिलाओं ने विश्व-कीर्तिमान स्थापित किए हैं। क्या खेल-संघों के पुरुषों की हवस के लिए खेलों की बलि दी जा सकती है? यदि प्रधानमंत्री मोदी भी ऐसे मामलों पर खामोश हैं, तो यह ठीक नहीं है।

> देश और प्रधानमंत्री गौरवान्वित महसूस करते हुए तालियां बजाते हैं। रोड शो के जरिए उन खिलाड़ियों का अभिनंदन किया जाता है। उन्हें सम्मानों से नवाजा जाता है और सरकारी नौकरियां भी मुहैया कराई जाती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आवास पर भारत के ऐसे होनहार, पदकवीर खिलाड़ियों को रात्रि-भोज दिया है, यह समूचा देश जानता है। आज वही खिलाड़ी जंतर-मंतर पर धरना दिए बैठे हैं। उनकी आंखों में आंसू हैं, मन में गहरी निराशा है। क्या वे अब देश के लिए 'दंगल' लड़ पाएंगे? क्या प्रधानमंत्री और सरकार के संज्ञान में नहीं है कि महिला पहलवानों ने यौन उत्पीडन के आरोप लगाए हैं। एक पहलवान तो 16 वर्षीय नाबालिग बताई गई है। सीधा 'पॉक्सो' का केस बनता है और आरोपित व्यक्ति जेल में होना चाहिए था। चूंकि भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष, भाजपा का 6 बार का बाहुबली सांसद, ब्रजभूषण शरण सिंह है, लिहाजा मुद्दे को लटकाया, भटकाया जा रहा है। पुलिस भी प्राथमिकी दर्ज करने में कन्नी काट रही है। बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, रवि दहिया, साक्षी मलिक, दीपक पूनिया सरीखे चैम्पियन, पदकवीर पहलवानों को दुनिया जानती है।

## कुछ अलग

## मौत का दरवाजा

**मौत** का दरवाजा इस बार हमीरपुर-मंडी जिला की सीमा पर टीहरा मोड़ पर खुला और एक युवती की इहलीला समाप्त हो गई। परिवहन में व्यस्तता और यात्रा में व्यस्तता के जोखिम जिस तरह नजरअंदाज हो रहे हैं, उसी के परिणाम स्वरूप परिवहन निगम की चलती बस का दरवाजा खुलते ही परिवहन सुरक्षा के मानदंड बिखर जाते हैं। ऐसी घटनाएं सडक़ पर वाहनों की 'रेस', रूट्स पर टाइमटेबल की भिडंत, मानव जीवन में आ रहे परिवर्तन, स्थानीय यातायात की अस्तव्यस्तता, ट्रैफिक पुलिस की अक्षम परिपाटी और परिवहन नीति की अस्पष्टता के कारण बढ़ रही हैं, लेकिन इन्हें केवल कानूनी सीमा तक ही परखा जाता है। ये छोटे सफर की घातक सवारी क्यों बन रही हैं, इस पर विस्तृत विवेचना होनी चाहिए। आमतौर पर सडक़ दुर्घटनाओं में यातायात और जीवन की रफ्तार को प्रायः दोषी माना जाता है, लेकिन परिवहन को बदलते समय की मांग और दबाव में समझने के लिए व्यापक दृष्टि व समाधान खोजने होंगे। बेशक प्रदेश में ब्लाइंड स्पॉट चिन्हित करके सडक़ मार्गों की स्थिति सुधारी जा रही है, लेकिन ड्राइविंग की बदलती प्रवृत्तियों ने इनसान को सडक़ पर अनियंत्रित शिष्टाचार का शिकार बना दिया है। विडंबना यह है कि यात्री बसें व टैक्सियां भी जब प्रतिस्पर्धा पर उतर आती हैं, तो आधुनिक जीवन के व्यावहारिक हालात भी तहस-नहस होने के कगार पर पहुंच जाते हैं। ऐसे में ट्रांसपोर्ट को मानवीय परिवर्तनों के आधार पर सक्षम बनाना होगा। हिमाचल में परिवहन की एक ही परिपाटी शहर से गांव से गुजर रही है। यही परिपाटी अंतरराज्यीय सीमा में प्रवेश करती है, तो स्थानीय परिवहन को भी इसी बंदोबस्त में देखती है। सडक़ें चौड़ी हो रही हैं, लेकिन मुकम्मल नहीं। बसें सवारियां ढोते हुए सडक़ पर बिना किसी चयनित ठहराव के रुकती और चलती हैं। पूरे प्रदेश में चौराहों को विकसित करने की कोई सोच समझ नहीं और न ही कभी यह मंत्रणा हुई कि प्रमुख मार्गों और गांव-देहात तक बस ठहराव की अधोसंरचना को कैसे विकसित किया जाए। इतना ही नहीं इससे आगे इंटर सिटी बस सेवा या शहरी परिवहन के विकल्पों पर कोई विचार तक नहीं होता। आश्चर्य यह कि शिमला व धर्मशाला जैसे स्मार्ट शहरों ने भी अपने ट्रांसपोर्ट बजट को परिवहन निगम की जेब में डाल दिया। धर्मशाला स्मार्ट सिटी का पैसा बारह करोड़ की वर्कशाप और पंद्रह करोड़ की इलेक्ट्रिक बसों पर तो खर्च हो जाता है, लेकिन इससे शहरी परिवहन को उसका विकल्प दिखाई नहीं दे रहा, बल्कि एचआरटीसी अपनी क्षतिपूर्ति कर रही है। आश्चर्य यह कि सडक़ हादसों को पीडब्ल्यूडी, पुलिस निगरानी, परिवहन विभाग और प्रशासन केवल कानूनी शक्ल में देखकर आगे बढ़ जाते हैं, जबकि मानवीय व्यवहार व जीवन के बदलाव को समझते हुए कई स्तर का ट्रांसपोर्ट नेटवर्क स्थापित करना होगा। इसके लिए ट्रांसपोर्ट विभाग को सारे प्रदेश का खाका बनाना होगा। उदाहरण के लिए प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक व शहरी क्षेत्र बीबीएन में परिवहन सेवाओं और सडक़ सुरक्षा के दृष्टिगत 'स्थानीय बस सेवा' के माध्यम से पब्लिक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क सुदृढ़ करना होगा। शिमला के अलावा धर्मशाला में रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम के लिए रज्जु मार्गों का जाल बुनना होगा।

## उच्च तकनीक और बढिय़ा साधन मौजूद हैं, अतः शोध एवं विकास के ज्यादातर कार्य वहीं संभव हैं

# जुगाड़ से आविष्कार तक

पी. के. खुराना

> ऐसे समय में जब कोरोना वायरस ने दुनिया को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया, भारत सरकार ने साहस से काम लिया और फाइजर सरीखी विदेशी कंपनियों को ब्लैकमेल करने का अवसर नहीं दिया। भारत में ही निर्मित वैक्सीन ने करोड़ों भारतीयों की रक्षा की। यही नहीं, सरकार ने प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेद और योग पर फोकस करके प्रशंसनीय काम किया है। इससे एक कदम और आगे चलकर 'कॉस्मिक हैपीनेस सेंटर' ने ब्रेन-वेव ऐक्टीवेशन की सांइटिफिक तकनीक से तनाव से राहत, आत्मग्लानि से निजात, क्रोध से छुटकारा आदि मानसिक विकारों सहित, नशा छुड़ाने की सेवाएं देने का प्रशंसनीय कार्य किया है। ब्रेन-वेव ऐक्टीवेशन तकनीक में चेतन और अवचेतन मस्तिष्क के संयोग से इन व्याधियों से छुटकारा दिलवाना एक अतुलनीय कार्य है।

**भारत** में हम यह मान कर चलते हैं कि आविष्कार पश्चिमी देशों में होते हैं। एक आम धारणा है कि विकसित देशों में उच्च तकनीक और बढिया साधन मौजूद हैं, अतः शोध एवं विकास के ज्यादातर कार्य वहीं संभव हैं। यहां हम छोटे-मोटे जुगाड़ किस्म के आविष्कारों से भी प्रसन्न हो लेते हैं या फिर किसी बढिया नकल को ही भारतीय लोगों की काबलियत की निशानी मान लेते हैं। चूंकि हम यह मानते हैं कि हमारे देश में बुद्धि, सुविधाओं और धन की कमी है, अतः हम आविष्कारक नहीं हैं, और इस मामले में हम पश्चिम का मुंह जोहने के लिए विवश हैं। यही नहीं, बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भारतीय शाखाएं अपने विदेशी आकाओं से आयातित चीजों में मामूली बदलाव करके उनका भारतीयकरण करने में ही अपनी प्रतिभा की सार्थकता मान लेते हैं और किसी बड़े आविष्कार की बात सोचते तक नहीं, पर कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो सभी बाधाओं के बावजूद कुछ करने की ठान लेते हैं और उसे कर दिखाते हैं। अक्सर यह भी माना जाता है कि आविष्कार करने के लिए पहले मन में कोई विचार आना चाहिए, उसके लिए किसी नए अभिनव और इन्नोवेटिव आइडिया की आवश्यकता होती है। वास्तव में यह पूर्ण सत्य नहीं है। सच तो यह है कि कुछ कर दिखाने के लिए पहले सपना होना चाहिए, इरादा होना चाहिए, दृढ़ निश्चय होना चाहिए, रास्ता खुद-ब-खुद निकल आता है। कठिनाइयां आती हैं, रुकावटें आती हैं, पर दृढ़ निश्चयी व्यक्ति उनका सामना करते हुए राह बनाता चलता है। दुनिया के ज्यादातर आविष्कारों की कहानी कुछ ऐसी ही है। और सच यह है कि ऐसे लोगों की भारत में भी कमी नहीं है, सिर्फ हमारा मीडिया और समाज उन तक पहुंचता नहीं है, उन्हें पहचानता नहीं है। पश्चिम में एक छोटा सा आविष्कार हो जाए तो सारा भारतीय मीडिया उसके गाने गाने लगता है और भारत के कई बड़े-बड़े आविष्कारों के बारे में भी खुद भारतीयों को भी जानकारी नहीं है। आंध्र प्रदेश के निवासी श्री वाराप्रसाद रेड्डी ने हैपेटाइटस-बी के निवारण के लिए वैक्सीन तैयार की जो पहले एक बहुराष्ट्रीय कंपनी सप्लाई करती थी और उसकी हर डोज की कीमत 750 रुपए थी। श्री वाराप्रसाद रेड्डी की वैक्सीन बाजार में आने पर बहुराष्ट्रीय कंपनी को अपनी वैक्सीन की कीमत इस हद तक घटानी पड़ी कि वह 750 रुपए के बजाय महज 50 रुपए में बिकने लगी और एक समय तो उसकी कीमत 15 रुपए पर आ गई थी। यह कोई अकेला उदाहरण नहीं है कि एक आम हिंदुस्तानी ने अपने दृढ़



निश्चय के बल पर एक शक्तिशाली बहुराष्ट्रीय कंपनी को घुटने टेकने पर विवश कर दिया। बहुत सालों पहले निरमा वाशिंग पाउडर ने ऐसी ही कहानी लिखी थी, केविनकेयर के श्री सीके रंगनाथन ने भी यही किया था जिन्होंने हिंदुस्तान लीवर को बगलें झांकने पर विवश कर दिया। जहां निरमा ने सर्फ को टक्कर दी और अपने लिए एक बड़ा बाजार निर्मित किया, वहीं केविनकेयर ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों हिंदुस्तान लीवर (अब हिंदुस्तान युनिलीवर) तथा प्रॉक्टर एंड गैंबल के उत्पादों से बाजार छीना। श्री रंगनाथन ने सैशे में शैंपू देना शुरू किया ताकि वह उन लोगों के बजट में भी आ सके जो महंगा होने के कारण शैंपू का प्रयोग नहीं कर पाते। उनकी यह जीत इतनी बड़ी थी कि अंततः हर प्रतियोगी कंपनी को उनकी रणनीति की नकल करनी पड़ी। घडियों के मामले में दुनिया भर में स्विटजरलैंड का सिक्का चलता है। यह माना जाता है कि स्विटजरलैंड की घडियां दुनिया में सबसे बढिया होती हैं और घडियों के निर्माण में नये आविष्कार स्विटजरलैंड में ही होंगे। लेकिन भारतीय कंपनी टाटा ने विश्व की सबसे पतली वाटरप्रूफ घड़ी 'टाइटैन एज्ज' बनाकर दुनिया भर को चमत्कृत कर दिया। ऐसे अनेकोंनेक उदाहरण हैं जहां भारतीयों ने बेहतरीन आविष्कार किये हैं, बहुराष्ट्रीय प्रतियोगियों को पीछे छोड़ा है लेकिन उनकी यशोगाथा कम ही गाई गई है। इन असाधारण आविष्कारकों का यशगान ही काफी नहीं है, वस्तुतः हमें यह समझना होगा कि दृढ़ निश्चय से सब कुछ संभव है, बड़े-बड़े आविष्कार संभव हैं। टाटा ने विश्व की सबसे सस्ती कार बनाकर दिखा दी, टाइटैन ने सबसे स्लिम वाटरप्रूफ घड़ी बनाकर दिखा दी, लेकिन यह तर्क दिया जा सकता है कि टाटा समूह के पास प्रतिभा, साधन और धन की कमी नहीं है। हां, यह सही है कि टाटा समूह के पास न प्रतिभा की कमी है और न ही धन की, लेकिन श्री सीके रंगनाथन और श्री वाराप्रसाद रेड्डी तो ने तो साधनों की कमी के बावजूद सिर्फ दृढ़ निश्चय के कारण अपना सपना पूरा कर दिखाया। सच तो यह है कि सपना महत्वपूर्ण है, सपना नहीं मरना चाहिए, सपना रहेगा तो पूरा होने का साधन बनेगा, सपना ही नहीं होगा तो हम आगे बढ़ ही नहीं सकते। सपना होगा तो हम सफल होंगे, समृद्ध होंगे, विकसित होंगे और अपनी सफलता का परचम लहरा सकेंगे। ऐसे समय में जब कोरोना वायरस ने दुनिया को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया, भारत सरकार ने साहस से काम लिया और फाइजर सरीखी विदेशी कंपनियों को ब्लैकमेल करने का अवसर नहीं दिया। भारत में ही निर्मित वैक्सीन ने करोड़ों भारतीयों की रक्षा की। यही नहीं, सरकार ने प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेद और योग पर फोकस करके प्रशंसनीय काम किया है। इससे एक कदम और आगे चलकर 'कॉस्मिक हैपीनेस सेंटर' ने ब्रेन-वेव ऐक्टीवेशन की सांइटिफिक तकनीक से तनाव से राहत, आत्मग्लानि से निजात, क्रोध से छुटकारा आदि मानसिक विकारों सहित, नशा छुड़ाने की सेवाएं देने का प्रशंसनीय कार्य किया है। ब्रेन-वेव ऐक्टीवेशन तकनीक में चेतन और अवचेतन मस्तिष्क के संयोग से इन व्याधियों से छुटकारा दिलवाना एक अतुलनीय कार्य है। उम्मीद करनी चाहिए कि देश भर में इस अभियान का प्रसार होगा तथा अन्य संस्थाएं भी इस तरह के कार्यक्रमों से युवाओं के लाभ के लिए आगे आएंगी। लब्बोलुबाब यह कि संकटकालीन स्थिति को भी अवसर में बदलने का निश्चय चाहिए, सही सोच और दृढ़ निश्चय से सब कुछ संभव है। हमें इसी ओर काम करने की आवश्यकता है ताकि हम गरीबी और बीमारी से उबर कर एक स्वस्थ एवं विकसित समाज बन सकें। ये सारे उदाहरण यह सिद्ध करने के लिए काफी हैं कि देश के हम आम आदमी भी भारतवर्ष को ऐसा विकसित देश बना सकते हैं जहां स्वास्थ्य हो, सुख हो, समृद्धि हो, रोजगार हो और आगे बढने की तमन्ना हो। कौन करेगा यह सब? मैं, आप और हम सब। आमीन! भारत में हम यह मान कर चलते हैं कि आविष्कार पश्चिमी देशों में होते हैं। एक आम धारणा है कि विकसित देशों में उच्च तकनीक और बढिया साधन मौजूद हैं, अतः शोध एवं विकास के ज्यादातर कार्य वहीं संभव हैं। यहां हम छोटे-मोटे जुगाड़ किस्म के आविष्कारों से भी प्रसन्न हो लेते हैं या फिर किसी बढिया नकल को ही भारतीय लोगों की काबलियत की निशानी मान लेते हैं।

# रोजगार के लिए उठाने होंगे प्रभावी कदम

> नई सरकार को हिमाचल की जनता ने सत्तासीन होने का अवसर दिया है, इसलिए लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरना सरकार के लिये किसी चुनौती से कम नही होगा। मुख्यमंत्री जी के कई जन हितैषी फैसलों ने युवाओं को उम्मीद की एक किरण दिखाई है। वैसे तो कई ऐसे मुद्दों पर जनता के हित के फैसले सरकार को समय समय पर लेने होते हैं जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, सडक जैसी आधारभूत जरूरतों को पूरा करना किसी भी सरकार की प्राथमिकता होती है। हमारा हिमाचल कोई बहुत बड़ा राज्य नहीं है और हिमाचल के अधिकतर लोगों का जीवन स्तर भी भारत में उच्च स्तर का आंका जाता है। इसलिए यहां बजट में बहुत ज्यादा खर्च किसी एक तबके पर हो, ऐसा जरूरी नहीं। परन्तु फिर भी एक बहुत बड़ी समस्या जो शायद आने वाले समय में एक विकराल रूप धारण करेगी, वो है बेरोजगारी। जी हां, हिमाचल में बेरोजगारी की दर दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। बेरोजगारी एक ऐसा दंश है जिसका उपचार सिर्फ रोजगार ही है।

**हिमाचल** प्रदेश में नई सरकार बनी है और सरकार ने रोजगार को बढ़ाने के कई रास्ते बजट में गिनाए हैं। ऐसे में आम आदमी काफी उत्सुक है। क्योंकि नई सरकार को हिमाचल की जनता ने सत्तासीन होने का अवसर दिया है, इसलिए लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरना सरकार के लिये किसी चुनौती से कम नही होगा। मुख्यमंत्री जी के कई जन हितैषी फैसलों ने युवाओं को उम्मीद की एक किरण दिखाई है। वैसे तो कई ऐसे मुद्दों पर जनता के हित के फैसले सरकार को समय समय पर लेने होते हैं जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, सडक़ जैसी आधारभूत जरूरतों को पूरा करना किसी भी सरकार की प्राथमिकता होती है। हमारा हिमाचल कोई बहुत बड़ा राज्य नहीं है और हिमाचल के अधिकतर लोगों का जीवन स्तर भी भारत में उच्च स्तर का आंका जाता है। इसलिए यहां बजट में बहुत ज्यादा खर्च किसी एक तबके पर हो, ऐसा जरूरी नहीं। परन्तु फिर भी एक बहुत बड़ी समस्या जो शायद आने वाले समय में एक विकराल रूप धारण करेगी, वो है बेरोजगारी। जी हां, हिमाचल में बेरोजगारी की दर दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। बेरोजगारी एक ऐसा दंश है जिसका उपचार सिर्फ रोजगार ही है। ये आने वाले समय में बहुत सी सरकारों के लिए चिंता का विषय बन जाएगा। इसलिए समय रहते इस पर विचार करना और रोजगार के अवसर तैयार करना बहुत आवश्यक है। हिमाचल प्रदेश भारत में सबसे साक्षर प्रदेश है। यहां के युवा मेहनती हैं, वो पहाड़ों के कठिन जीवन के साथ-साथ पढ़ाई के क्षेत्र में भी आगे हैं। यही कारण है कि हर वर्ष पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारों की भीड़ में खड़े हो जाते हैं। हिमाचल के पास अधिकतर नौकरीपेशा लोग हैं। इसलिए यहां का अधिकतर युवा भी सरकारी नौकरी ही चाहता है। परंतु सरकारी नौकरियां सीमित हैं। जो एक बार नौकरी में लगेगा वह अपनी पूरी नौकरी करने के बाद ही उस पद को खाली करेगा, तो ऐसे में हर वर्ष कितने सरकारी पद भरे जा सकते हैं, आप खुद विचार कर सकते हैं। आप सबको कुछ आंकड़ों की तरफ ले चलता हूं, तो हिमाचल इस समय बेरोजगारी में पूरे भारत में 6वें पायदान पर है। हम राष्ट्रीय बेरोजगारी दर से ऊपर चल रहे हैं। भारत में इस समय बेरोजगारी दर औसतन 7.8 फीसदी है और हिमाचल में ये आंकड़ा जनवरी 2023 में 10 फीसदी रहा है। हिमाचल में हर वर्ष 60000 युवा रोजगार पाने के लिए पंजीकृत हो रहे हैं। अगर पढ़े-लिखे बेरोजगारों की बात करें तो करीब 31 मार्च 2022 के जारी आंकड़ों के अनुसार हिमाचल में 877507 लोग बेरोजगार हैं। और ये हिमाचल की जनसंख्या का 12 फीसदी हिस्सा है। ये सब आंकड़े चिंतित करने वाले हैं क्योंकि बेरोजगारी बढना बहुत सी समस्याओं को जन्म देता है। इसका सबसे बड़ा प्रभाव युवा वर्ग पर पड़ता है। युवाओं के पास अगर रोजगार नहीं होगा तो उनके जीवन में भटकाव आएगा, जिससे अधिकतर युवा वर्ग नशे के चंगुल में फंस रहा है। और भी कई अनैतिक कार्य युवाओं को आकर्षित कर रहे हैं। इतना ही नहीं, पढ़े लिखे युवा कई शॉर्टकट के चक्कर में इतने अनैतिक कार्य करने लग पड़े हैं कि समाज का सारा संतुलन बिगड़ रहा है। पढ़े लिखे युवा समाज में कुछ रचनात्मक करने की जगह समाज को ही तबाह करते जा रहे हैं जिसका एक बहुत बड़ा कारण बेरोजगारी के रूप में ही सामने आ रहा है। तो फिर आखिर ऐसा क्या किया जाए कि बढ़ती बेरोजगारी का सैलाब रोजगार की तरफ घूम जाए। आज का युवा हर तरीके से सक्षम है कि वह अपने लिए स्वरोजगार अवसर तलाश सकता है। हमारी शिक्षा व्यवस्था अभी भी इतनी प्रभावी नहीं हो पा रही कि पढ़ लिख कर युवा किसी कौशल में विकसित हो जाये। स्कूलों में शुरू किए गए वोकेशनल कोर्स से शिक्षा को रोजगारपरक बनाया जा सकता है परन्तु इसके लिए अभी भी कोई इतना सशक्त रोड मैप तैयार नहीं है। किस क्षेत्र में किसी प्रकार के वोकेशनल कोर्स हो कि छात्र शुरू से ही अपनी रुचि के अनुसार उसमें निपुण हो सके, इस पर भी विचार करना होगा। नई शिक्षा नीति में इसका जिक्र किया गया है परन्तु उसे प्रभावी होने में काफी समय लगेगा। आज भारत विश्व का सबसे युवा देश है और हर रोज नए स्टार्टअप के साथ युवा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। सिर्फ जरूरत है कि युवाओं को सही अवसर मिले। युवा वर्ग सिर्फ रोजगार के लिए सरकारी नौकरी की तलाश न करे, बल्कि स्वरोजगार की तरफ अपने कदम उठाए। हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है, इसलिए यहां की भौगोलिक परिस्थितियां भी इतनी अनुकूल नहीं हैं। हिमाचल में शुरू से ही उद्योगीकरण की मांग उठती रही है। उद्योग के कारण बहुत से लोगों को रोजगार मिलता है। उद्योग विकसित होने से व्यापार भी बढ़ता है। अन्य राज्यों के साथ भी आयात-निर्यात होता है। इसलिए हिमाचल में उद्योगों के लिए मार्ग सुगम करना होगा ताकि हिमाचल के युवाओं को रोजगार मिल सके। वर्तमान सरकार ने युवाओं को एक लाख नौकरी देने का भी वायदा किया है। ये वायदा सिर्फ सरकारी नौकरी से संभव नहीं है। इसके लिए कुछ और विकल्प तलाशने होंगे जैसे स्वरोजगार के लिए कुछ योजनाएं, इसमें काफी प्रभावी सिद्ध हो सकती हैं। स्वरोजगार के द्वारा लोगों को नई यूनिट शुरू करने के लिए, व्यापार के लिए कई प्रकार से सब्सिडी लोन दिए जाते हैं। इस प्रकार की योजनाओं को हर युवा तक पहुंचाना और इससे भी अधिक जरूरी है युवाओं को प्रेरित करना कि वह सरकारी नौकरी से आगे सोच कर खुद का बिजनेस शुरू करे और सरकार उसको सहयोग देगी। एक व्यक्ति जो इस प्रकार की शुरुआत करता है वह सिर्फ अकेला इससे लाभान्वित नहीं होता, उसके साथ 5 से 7 लोग और इस लाभ का हिस्सा बनते हैं। नए स्टार्टअप को प्रोत्साहित करना भी आवश्यक है। स्टार्टअप युवाओं को लीक से हट कर सोचने को मजबूर करते हैं। स्टार्टअप के लिए सरकार को और अधिक प्रोत्साहित करना चाहिए। इसके साथ ही व्यापार को भी बढ़ाना बहुत जरूरी है। व्यापारी अगर एक दुकान चलाता है तो अपनी दुकान में 2 या 3 लोगों को काम पर रखता है। इससे लोग रोजगार से जुड़ते हैं। हिमाचल में व्यापार बड़े स्तर पर नहीं बढ़ता, कारण है हिमाचल के पड़ोसी राज्य पंजाब से हर सामान सस्ते दाम पर उपलब्ध रहता है। हिमाचल में बहुत कम बड़े उद्योग हैं, इसलिए होलसेल मॉर्केट भी कम है।

## देश दुनीया से

## यहां चोर बने चौकीदार

**ज़माना** चोरों के चौकीदार बन जाने का है। बेवफाओं के वफादार घोषित हो जाने का है। जिन लोगों ने दिन-दहाड़े आपके सपने चुरा कर उन्हें दुःस्वप्न बना दिया, वही अब सपनों का एक नया बायस्कोप बना कर निकले हैं, आपके गांव-गांव, गली-गली, अन्धभक्ति का कोई श्रद्धा गीत गाते हुए। मंशा अपने वोटों की सहायता से महानुभावों को फिर उसी कुर्सी पर बिठा देने की है, जो कभी पहले सिंहासन थी, आजकल जनसेवा का स्टूल कहलाती है। हमारी गलियों में जब बिजली कट अपनी तेज़ी दिखाते हैं, पावर कट अपना जुल्म दिखाते हैं, तो अपनी विजय घोषणाओं में सेंध लगती देख कर चौकीदार बने चोर अब 'जागते रहो' चिल्लाते हैं। भई, दलबदलुओं का ज़माना है, कब कोई सेंधमार स्वांग बदल कर साधुवेष धारण कर आपको श्रद्धा से विनत होने के लिए कह दे कि बोलो भक्तो, ऊंचे स्वर में चिल्लाओ, 'जय-जय'। अगर कोई हमसे पूछने के लिए चला आये, यह किसकी जय-जय है, तो कह दो, तम्हारी भी जय-जय और हमारी भी जय-जय। न पूछना किसी से कि जब आपके थर्मल प्लांटों के पुर्जे चार माह पहले बिगड़ गये थे, तो उसकी मरम्मत की ओर तब ध्यान क्यों नहीं दिया गया? 'दिया है, दिया है, बन्धु। मरम्मत के लिए स्वीकृति फाईल पर हाजिऱ है। बस अभी उसे निपटाने की बारी नहीं आई थी, कि यह कम्बख्त मानसून धोखा दे गया। भला यह कह के आदाब हैं कि जब आपको बरसना हो, तब तो बरसे नहीं, और अब बेमौसम बरसात करके जलथल पैदा कर दो।' इससे वही बात हुई न, पिछली बार अपने चुनाव एजेंडे में हमारी अभागी धरती स्वर्ग लोक का वायदा किया था, फिर इसी स्थगित मानसून की तरह हमारी गलियों का रास्ता ही भूल गया। और अब जब चुनाव दुंदुभि बजे तो स्थगित मानसून के याद कर लेने की तरह हमारी गलियों में महानुभाव प्रगट हो गये, लो हमारे आंकड़े देख लो कि हमने तो अपने एजेंडे के पचासी प्रतिशत वायदे पूरे कर दिये। शेष पावर कट भगाने वाली इस लेट-लतीफी बारिश की वजह से रुके, अभी दूर कर देंगे। हमने सुना और प्रशंसा में तालियां बजा दीं, कैसे कह देते कि जनाब इस रास्ता भूली बारिश से कुछ नहीं होगा, जब तक कि इन लगातार बिगड़ते हुए थर्मल प्लांटों की स्थाई मरम्मत नहीं होती। उनको जुर्माना लगाने से क्या होगा, क्योंकि उससे अधिक बड़ा जुर्माना तो उद्योगों को इस लम्बी-चौड़ी पावर कट से लगा गया। उनका लाभ घाटे में बदल गया, तो निठ्ठला हो सडक़ पर कामगार आया। नहीं, नहीं हमें सडक़ छाप लोगों की बड़ी फिक्र है। आपके वोट डालने की तिथि से पहले सब वायदे पूरे हो जाएंगे। कसम आपके कल्याण की। बेशक भाषण में वायदों के पूरे होने की यह घोषणा बड़ी अच्छी लगती है। जैसे पार साल आपने कहा था, 'घर-घर रोजग़ार, अब नहीं रहेगा कोई बेकाम, बेरोजग़ार।' मज़े की बात के इस वचन का उद्‌घोष उन बेकारों की भीड़ ने ही किया था, जो ठेके पर नारा लगाने का रोजग़ार पा कर आये थे। अब उसी रोजग़ार के बंटने के दिन फिर आ गए। फिर दिहाडियों पर लगिये और विजय घोष कीजिये। महाकवि तो ठेले पर हिमालय लाद कर लाये थे, आपने तो ठेकों पर वायदों की पूर्ति की घोषणाएं लाद दीं, जय परिवर्तन के महाप्रभु। बन्धु, ठेके की इस कसौटी पर दम घोंटू महंगाई का दाहकर्म कर देने का विजयघोष रखा जा सकता है। सिर्फ पैट्रोल और डीज़ल की आकाश उछलती कीमतों की ओर न देखना। पहले तो क्रिकेट में ही खिलाडियों के शतक लगाने की घोषणाओं पर तालियां बजती थीं, अब तो ये पैट्रोल उत्पाद भी राज्य दर राज्य शतक लगाने लगे। उज्ज्वल योजना और गैस क्रांति की बात भी अभी भूल जाओ।

> अगर कोई हमसे पूछने के लिए चला आये, यह किसकी जय-जय है, तो कह दो, तम्हारी भी जय-जय और हमारी भी जय-जय। न पूछना किसी से कि जब आपके थर्मल प्लांटों के पुर्जे चार माह पहले बिगड़ गये थे, तो उसकी मरम्मत की ओर तब ध्यान क्यों नहीं दिया गया? 'दिया है, दिया है, बन्धु। मरम्मत के लिए स्वीकृति फाईल पर हाजिऱ है। बस अभी उसे निपटाने की बारी नहीं आई थी, कि यह कम्बख्त मानसून धोखा दे गया। भला यह कह के आदाब हैं कि जब आपको बरसना हो, तब तो बरसे नहीं, और अब बेमौसम बरसात करके जलथल पैदा कर दो।' इससे वही बात हुई न, पिछली बार अपने चुनाव एजेंडे में हमारी अभागी धरती स्वर्ग लोक का वायदा किया था, फिर इसी स्थगित मानसून की तरह हमारी गलियों का रास्ता ही भूल गया।

## नागरिक बोध

## उतर भारत के लिए एकमात्र दैनिक ट्रेन की वजह से खड़े होकर सफर करने को मजबूर यात्री

**उतर** भारत जाने वाली ट्रेनों की कमी के कारण यात्रियों का सफर मुश्किल हो जाता है।ताप्ती गंगा सूरत से यूपी,बिहार के लिए एकमात्र दैनिक ट्रेन है।गिष्मवकाश की भीड़ पीक पर होने के बावजूद रेलवे इंतजाम नाकाफी है। सूरत प्लेटफॉर्म पर ट्रेन पहुंचने के पहले कोच में चढ़ने के लिए यात्रियों के बीच घमासान होता देखा जा सकता है।धक्का मुक्की डन्डे सहनकर भी सफर करना पड़ता है। शौचालय में बैठकर यात्री सफर करते है। ज्यादा भीड़ होंने और अफरातफरी मच जाने से पुलिस की थप्पड़ भी खाना पड़ता है। पुलिस डंडा भी चला देती है। सूरत से दैनिक ट्रेन का अभाव है। दिवाली और गिष्मवकाश में रेलवे विभाग को अतिरिक्त ट्रेन की व्यवस्था करनी चाहिए। इस बीच गर्मी में स्कूल की छुट्टीयो के कारण प्रवासियों को अपने गांव घूमने जाना होता है। दिवाली के बाद छठ पूजा पर भी सूरत से कोई अतिरिक्त ट्रेन नही लगाई जाती है। उतरप्रदेश,बिहार,झारखण्ड और उतराखण्ड के लाखों प्रवासियों का सूरत में दबदबा है। उनका सूरत की इंड्रस्टी में पूरा सहयोग है। लाखो उत्तरभारतीय समाज के लोग कपड़ा और डायमंड के व्यवसाय से जुड़े हुए है। उनकी कमी उधोग को भारी क्षति है। सालाना खरबो का राजस्व देने वाले सूरत के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। सूरत भागलपुर एक्सप्रेस ट्रेन में धक्का मुक्की और डंडे सहन कर सफर करने वाले यात्रियों पर सरकार को तरस नही आता है। हरबार आश्वासन के बाद और केंद्रीय रेलवे मंत्री का सूरत दौरा होने के बावजूद अतिरिक्त ट्रेनों की मांग को पूर्ण नही की जा रही है। सूरत भागलपुर, उधना दानापुर, उधना बनारस और अंत्योदय साप्ताहिक ट्रेन है। यात्री ट्रेन रवाना होने के तय समय मे बारह घन्टे पहले प्लेटफॉर्म पर पहुंच जाते है। सफर बड़ा मुश्किल भरा होता है। छोटे बच्चों को उस समय तकलीफ होती है जब ट्रेन में जगह नही मिलती है। देश मे हररोज हजारो ट्रेनों का आवागमन होता है। जिस राज्य और शहर में लाखों प्रवासी है उनके के लिए पर्याप्त ट्रेन की व्यवस्था नही होना बड़ी चिंताजनक बाबत है। गुजरात की अर्थिक राजधानी सूरत से आगामी वर्षो में मुम्बई अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर पर बुलेट ट्रेन चलाने के लिए तेजी से काम हो रहा है। दूसरी तरफ उत्तरभारतीय भेड़ बकरियों की तरह यात्रा करते है। फिर भी रेल विभाग अतिरिक्त ट्रेन मुहैया नही करवा रहे है। होली दीपावली और गर्मी की छुट्टियों के इस विशेष पर्व में उत्तरभारत के लिए अतिरिक्त ट्रेन की व्यवस्था करने की मांग हर समय उठाई जा रही है। लेकिन इस मुहिम को ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है। पांचसौ से सातसौ की लंबी लाइन के बावजूद टिकट उपलब्ध हो जाती है तो ट्रेन में जगह नही मिलती है।काफी भीड़ के कारण घण्टो तक यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर प्रतीक्षा करनी पड़ती है। फिर कुछ उपलब्ध नही होने पर घरलौट जाते है। प्लेटफॉर्म पर पुलिस जवान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कभी कभी आपा खो देते है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में समर अभियान के तहत कुपोषण से निपटने के लिए किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में समर अभियान के तहत कुपोषण से निपटने हेतु किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड सरकार द्वारा राज्य में कुपोषण निवारण के लिए 1000 दिनों की अवधि के योजनाबद्ध महा-अभियान के तहत जिले में कुपोषण एवं अनीमिया से ग्रसित बच्चों और महिलाओं के उपचार हेतु किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड, UNICEF एवं State





Center of E&cellence - SAM (SCOE-SAM), RIMS के सहयोग एवं समेकित प्रयास से राज्य में कुपोषण एवं अनीमिया उन्मूलन हेतु अगले 1000 दिनों में समयबद्ध समर अभियान के संचालन का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। प्रथम चरण में इस अभियान की शुरुआत राज्य के पाँच जिलों में की जायेगी जिसमें चतरा जिला भी शामिल है।इस अभियान में मुख्यतः अति गंभीर कुपोषण (Severe Acute Malnutrition-SAM) से ग्रसित बच्चों, गंभीर अनीमिया से पीड़ित बच्चे, किशोरियों, युवतियाँ, धात्री एवं गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। कुपोषण एवं अनीमिया की रोकथाम हेतु विभिन्न विभागों में संचालित ऐसे सभी कार्यक्रमों, जिनका कुपोषण एवं अनीमिया निवारण पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रभाव होता है, उन्हें चिन्हित कर अभियान में जोड़ा जायेगा।बैठक में समर अभियान के तहत किये जाने वाले कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत उपायुक्त ने दिये उक्त दिशा निर्देश।समर अभियान जिलावार गृह सर्वेक्षण की स्थिति विगत 03 माह में जिलावार गृह सर्वेक्षण में हुई प्रगति पर चतरा जिला कुल 24 प्रतिशत सर्वेक्षण की प्रगति हो पायी है जिसे उपायुक्त महोदय के द्वारा ससमय गृह सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया है।जन्म से 05 वर्ष तक बच्चे विगत 03 माह में समर अभियान के अन्तर्गत सर्वेक्षण कार्य में कुपोषण उपचार केन्द्र में कार्यरत् सभी प्रखण्डों के आहार विशेज्ञ को सर्वेक्षण का कार्य का निदेश गया है ताकि कुपोषित बच्चों चिन्हित हो सके। 0-5 वर्ष के अबतक चिन्हित कुपोषित बच्चों का फलोअप कार्य निर्धारत समय में पूर्ण करने का निदेश दिया गया इस निमित सभी आहार विशेज्ञ को फलोअप कार्य में तेजी लाने एवं ठीक हुए बच्चों की संस्था समर एप्प पर अपलोड करने तथा बच्चों का जॉच कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

# रमेश पांडेय बने जेजेए के प्रखंड अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** पत्रकार संगठन झारखंड जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन की बालूमाथ प्रखंड इकाई की एक बैठक बालूमाथ स्थित जेजेए कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता ने किया। बैठक में झारखंड जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन प्रखंड इकाई का पुनर्गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष रमेश पांडे,महासचिव शशि भूषण गुप्ता, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार, कोषाध्यक्ष अमन सिन्हा एवं मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा बनाये गए। वहीं संरक्षक में मो. शमीम और सुरेंद्र गुप्ता चुने गए। मौके पर नए प्रखंड अध्यक्ष को वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद शमीम ने माला पहना कर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। मौके पर बोलते हुए नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष रमेश पांडे ने कहा की प्रखंड में संगठन को मजबूत करना एवं पत्रकार जगत के साथियों के हित मे दायित्वों को निर्वाहन करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही पूर्व प्रखंड अध्यक्ष की भांति मैं भी पत्रकारों की आवाज को बुलंद करने का काम करूँगा। उन्होंने बालूमाथ के अन्य पत्रकारों को भी संगठन में जोड़ने की बात कही। आगे उन्होंने कहा की झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन ही एक ऐसा पत्रकारों का संगठन है जो उनके हक और आवाज को बुलंद करता रहा है। इस बैठक में प्रदेश संयुक्त सचिव सुरेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद शमीम, शशि भूषण गुप्ता, दिलीप कुमार, अमन सिन्हा, पंकज सिन्हा समेत कई पत्रकार मौजूद रहे।

# वीर अहीर शहीदों के सम्मान में निकाली गई कलश यात्रा



**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित शहीद चौक से अहीर शहीदों के सम्मान में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा महुआडांड़ मुख्य बाजार स्थित शास्त्री चौक बिरसा चौक रामपुर चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचा। जहां जुलूस में शामिल लोगों ने भगवान बिरसा वह जीतू मिठू किसान का माल्यार्पण किया। रेजांगला के वीर शहीद अमर रहे, अहीर रेजिमेंट हक है हमारा, जय यादव जय माधव, वंदे मातरम के नारे लगाते हुए जुलूस रामपुर पहुंचकर सभा में तब्दील हुई। जहां सभा का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। जहां मंच का संचालन करते हुए यादव समाज के अध्यक्ष मोहन प्रसाद यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रेजांगला में वीर शहीदों जिन्होंने 1962 के भारत-चीन युद्ध में 1300 चीनी सैनिकों से महज 114 अहीर सैनिक ने वीरता के साथ युद्ध लड़ा और वीरगति को प्राप्त हुए थे, इन्हीं रेजांगला के वीर शहीदों के सम्मान में आज अहीर रेजिमेंट की मांग की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भोला नाथ प्रसाद, यादव समाज के अध्यक्ष मोहन प्रसाद यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष मुकेश यादव रामदयाल यादव रामनाथ यादव प्रेम यादव राम लखन यादव राजनाथ यादव शंकर यादव सुरेश यादव जसवंत यादव कमलेश यादव समेत सैकड़ों यादव समाज के लोग शामिल रहे।

# भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को गिद्धौर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय मैंने चौक में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का स्वागत गिद्धौर प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प माला पहनाकर एवं गुलदस्ता देकर भव्य स्वागत किया। साथ ही सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास का भी स्वागत किया गया।कार्यकर्ताओं ने रघुवर दास जिंदाबाद नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। मौके पर उपस्थित भाजपा मंडल प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार दांगी संसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी राजेश दांगी इंद्रजीत दांगी सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

# सामग्रियों की उपलब्धता के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर : चेयरमेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सामग्रियों की उपलब्धता के क्षेत्र में चतरा जिला आत्मनिर्भर होने की ओर अग्रसर है। उक्त बातें चतरा जिला परिषद वाइस चेयरमैन बृजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी बतौर मुख्य अतिथि रिशु राज ग्रेनाइट संस्थान का विधिवत उद्घाटन करते हुए कहा। ज्ञात हो कि वाइस चेयरमैन श्री तिवारी इन दिनों अस्वस्थ चल रहे हैं। बावजूद इसके क्षेत्र की जनता की दुःख सुख में शामिल होना इनका फितरत है। इसी कड़ी में आज बायपास रोड स्थित लिबदा मोड़ चतरा के निकट रिशु राज ग्रेनाइट संस्थान का उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में संस्थान खुलने से रोजगार के साथ-साथ क्षेत्र वासियों को नाना प्रकार की लाभ एंव सुविधा प्राप्त होता है। क्षेत्र के लोगों को उपयोगी सामग्री सरलता के साथ उचित मूल्य पर अपने ही शहर में मिल जाता है। दूसरे शहर में



भटकना नहीं पड़ता है। इस प्रकार चतरा सामग्रियों की उपलब्धता के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर होता जा रहा है। संचालक रामदेव यादव की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संस्थान संचालक रामदेव यादव ने कहा कि संस्थान में टाइल्स, मार्बल, ग्रेनाइट, सेनेटरी व घर निर्माण के लिए जरूरी सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर पंकज दुबे, मोहन यादव, पंकज यादव, संजीत कुमार कुशवाहा, रामविलास सिंह, तिलेश्वर पासवान, अरुण दांगी, प्रमोद दांगी, मुकेश शाह जी, चांदो साव, मुन्ना कुमार समेत गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के सफल संचालन, अनुश्रवण से संबंधित जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण, विद्यालय में खाद्यान्न की प्रत्येक माह की ससमय उपलब्धता, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनांतर्गत विद्यालयों में पोषण वाटिका (किचन गार्डेन) की स्थापना, विद्यालयों में कार्यरत रसोईया सहित अन्य विषयों की जानकारी लेते हुए बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याहन भोजन) योजना की समीक्षा करते हुए जिले का अच्छादन दर बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर लगातार अनुश्रवण/ पर्यवेक्षण कराना





सुनिश्चित करें। उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया की प्राथमिक कक्षाओं के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को प्रोटीन युक्त भोजन मिले शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए पदाधिकारीयों को स्कूलों में जाकर सतत् मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही उपायुक्त द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत बच्चों को ससमय राशन एवं योग्य बच्चों को ससमय छात्रवृत्ति मिले यह सुनिश्चित करें। उन्होंने समय समय पर स्कूलों में एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने की बात कही जिससे की बच्चों को पेट के कीड़ों की बीमारी कृमि से मुक्त किया जा सके, ताकि उनका स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा बेहतर रहे। उपायुक्त ने पोषण वाटिका की समीक्षा करते हुए जेएसएलपीएस के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यालय में फलदार पौधा लगाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे।

# देश के चर्चित गजल गायक कुमार सत्यम ने तिलकोत्सव कार्यक्रम में बिखेरा जलवा



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोपारम के प्रमोद कुमार दास (झारखण्ड पुलीस) के पुत्र अमीत कुमार दास (इंजीनियर) के शुभ तिलकोत्सव कार्यक्रम में देश के चर्चित युवा गजल गायक कुमार सत्यम ने अपनी मधुर गायकी से लोगों का दिल जीत लिया। इस मौके पर गजल गायक ने पुरी रात एक से बढ़कर एक गजल एवं गीत की प्रस्तुति की। इस तिलकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास समेत भाजपा के कई नेता एवं विधायक के समर्थित लोग भी उपस्थित हुए। इस तरह का आयोजन पूरे प्रखंड क्षेत्र में पहली बार हुआ है जिसको लेकर यह आयोजन सुर्खियों में बना हुआ है।

# तेजस्वीनी परियोजना के तहत चल रहे प्रशिक्षण केंद्र गोनिया का डीपीएम ने निरिक्षण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड अंतर्गत गोनिया पंचायत भवन मे हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया और महिला बाल विकास सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित तेजस्विनी परियोजना के तहत चल रहे आर्थिक गतिविधि हेतु क्लब के किशोरी द्वारा सिलाई कटाई और बुनाई का प्रशिक्षण का निरिक्षण डीपीएम श्याम नंदन राय ने किया. तेजस्विनी क्लब के किशोरी लक्ष्मी कुमारी द्वारा 30 कोशोरियो को सिलाई कटाई और बुनाई का तीन माह के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है जहाँ डीपीएम ने प्रशिक्षण के सम्बन्ध मे जानकारी लेते हुए कई दिशा निर्देश दिया. वहीं क्षेत्र समन्वयक उगेशर प्रजापति के द्वारा बताया गया कि सभी किशोरियों को क्लब में प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि आत्म निर्भर बन सके द्य किशोरी क्लब में जुड़कर चार मॉडल का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है जिन्हे आर्थिक रूप से मजबूत करने और स्वलबी बनाने मे मददगार साबित होगा। मौके पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर उपेंद्र कुमार शर्मा, क्लस्टर समन्वयक रामचंद्र उरांव, युवा उत्प्रेरक शांति देवी संगीता, पुष्पा कुमारी, क्लब के किशोरी, खुशबू कुमारी, बसंती कुमारी, सुनीता, सोनी, आरती, और कई किशोरी मौजूद थे.

# सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ में शामिल हुए विधायक किशुन कुमार दास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सदर प्रखंड क्षेत्र के रमटुंडा गांव में आयोजित सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा रामतुंडा यज्ञ मंडप परिसर से निकाली गई जिसमें 551 श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यज्ञ स्थल से निकाली गई कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ स्थानीय जलाश्य पहुंची जहां यज्ञाचार्य के नेतृत्व में कलश में जल भरवाया गया। जो लोवागड़ा से ऊंटा मोड़ होते हुवे यज्ञ मंडप पहुंची जहां कलश को स्थापित कराया गया। इस मौके पर सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास अपने समर्थकों के साथ भी मौजूद रहे। यात्रा के बाद श्रद्धालुओं के लिए शरबत की व्यवस्था कराई गई। कलश यात्रा के दौरान शिव परिवार की एक भव्य झांकी भी निकाली गई।

# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हेमंत सोरेन सरकार पर साधा निशाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एक दिवसीय दौरे पर आज चतरा पहुंचे। इस दौरान चतरा जिला में प्रवेश करने के साथ ही कार्यकर्ताओं ने उनका चौक चौराहों पर स्वागत किया। जबकि जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का स्वागत किया। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की गई जिसमें संगठन को और सशक्त और मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई ।भाजपा कार्यालय पहुंचने पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को सिमरिया के विधायक कुमार दास ने बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, सभी मोर्चा के जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष सहित हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए



कहा कि झारखंड की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को लेकर ?1 में जमीन के रजिस्ट्री की सुविधा शुरू की गई थी जिसे हेमंत सोरेन सरकार ने बंद कर दिया है। सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार में कोयला, बालू और पत्थर की चोरी करके प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट किया जा रहा है।जबकि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्य की हेमन्त सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब हमारी सरकार थी महिला सशक्तिकरण को मजबूत करने के लिए 1 में रजिस्ट्री होती थी ताकि महिला सशक्तिकरण को आर्थिक मजबूती मिल सके।

# इटखोरी प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आज

**इटखोरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हाई स्कूल मैदान पर आयोजित इटखोरी प्रीमियम लीग नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट क्रिकेट का फाइनल मुकाबला आज संध्या 6:30 बजे खेला जायेगा। जिसमें जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता योगेंद्र प्रताप सिंह, डॉ अभिषेक रामाधीन और



सुजीत भारती उपस्थित रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि बीते रात पहला सेमीफाइनल मैच में चौपारण ने चतरा को हराकर फाइनल में जगह बना ली है। वही आज दुसरा सेमीफाइनल मैच इटखोरी व परसौनी के बीच खेला जाएगा। फाइनल मैच चौपारण और सेमीफाइनल मैच जीतने वाली टीम के बीच खेला जायेगा। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि फाइनल मुकाबले की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है।

# पंचायत समिति सदस्यों का हुआ बैठक प्रखंड के अनेकों समस्याओं का निदान करने का उठा मामला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर सभागार में शुक्रवार28 अप्रैल को पंचायत समिति की बैठक आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनीता यादव एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने किया। उपस्थित सभी पंचायत सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र के समस्या का प्रस्ताव रखा।प्रमुख ने अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक को बैठक से अनुपस्थिति होने पर नाराजगी जताई। चिलचिलाती धूप एवं अत्यधिक गर्मी को देखते हुए सभी क्षेत्रों में जल की सुविधा को दुरुस्त करवाने की बातें रखी गई। जैसे कि जल मीनार बनवाना, चापाकल बनवाना, कुआं मरम्मत करवाना, पशु पक्षियों के लिए जंगल के नदी में चूवां करवाना इत्यादि। उसके बाद शिक्षा विभाग में जिस विद्यालय में 1 शिक्षक हो वहां जांचों उपरांत शिक्षक बढ़ाने पर चर्चा किए गए।लुबधिया गांव में लगे जल मीनार की जांच करवाने की बातें की गई। कुरकटा में चापाकल खराब



रहने की वजह से वहां के ग्रामीण नदी के पानी पीने को मजबूर हैं। जिससे जल्द से जल्द ठीक कराने की बातें की गई। पिछले 10 सालों से गिद्धौर प्रखंड में कोल स्टोर के लिए सिर्फ चर्चा ही हो रही है।अब तक नहीं बने है इसकी चर्चा महादेव दांगी ने उठाया। जिसे पुनः बैठक में पारित किया गया। तथा अंचला अधिकारी को पत्र लिखकर भूमि अधिग्रहण कराने एवं कोल स्टोर बनवाने की बातें कि गई। बारिसाखी पंचायत में डीलर के विरुद्ध जांच करवाने का मांग किया है। इस पर भी चर्चा की गई। मायाडी में स्ट्रीट लाइट खराब पड़े को बनवाने की मांग की गई है। बारिसाखी में उप स्वास्थ्य केंद्र को चालू करवाने की भी बातें रखी गई। मौके पर उपस्थित उप प्रमुख प्रीतम यादव पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर भुइयां, प्रियांशु कुमारी, रमती परवीन, लालो साव, सरिता देवी स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर सत्य प्रकाश, जेएसएलपीएस बीपीएम अभिषेक कुमार, बैंक ऑफ इंडिया मैनेजर विवेक कुजुर, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक मैनेजर विनोद पासवान, सिंगल विंडो से एटीएम शीला कुमारी कन्या अभियंता सचिन कुमार सहायक अभियंता मनोज कुमार पंचायत सेवक मिथिलेश सिंह शिक्षा विभाग से बीआरपी कृष्णा कुमार मुरारी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सीताराम रजक, अनजुम परवीन व अन्य सभी लोग उपस्थित थे।

# साहू समाज को राजनीतिक और शैक्षणिक रूप से और सशक्त होने की है जरूरत : पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा है कि साहू समाज को और संगठित होने की जरूरत है ।उन्होंने कहा कि इस समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना और समाज के सभी लोगों को शिक्षित बनाना मूल उद्देश्य है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास आज चतरा में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में यह बातें कहीं है। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के चतरा के तत्वाधान में भामाशाह जयंती एवं भामाशाह की प्रतिमा का अनावरण बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने की। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के द्वारा साहू धर्मशाला लिपदा के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में पेट्रोल पंप से भामाशाह के प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण करते हुए अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज के हजारों महिला और पुरुषों ने कार्यक्रम में



भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भामाशाह के मूर्ति के अनावरण के साथ-साथ दीप प्रज्वलन एवं स्वर्गीय शंकर साहू की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया।अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के जिला अध्यक्ष जीवलाल साहू के द्वारा स्वागत एवं अध्यक्ष भाषण के साथ कार्यक्रम शुरू किया गया। इस मौके पर जीव लाल प्रसाद साहू ने पंचायत से लेकर के जिले तक की संगठन के स्वरूप एवं सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के कार्यो के बटवारा के साथ-साथ उनके कार्य उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से अतिथि पधारे हुए थे।अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज से आने वाले विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सभी ने इस कार्यक्रम में भामाशाह की दानवीरता को अपने जीवन में उतारने का सलाह दिया। महाराणा प्रताप अकबर से लोहा ले रहे थे, तभी उन्हें घोर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा और अपने सैनिकों को संगठित रखने के लिए कोश की कमी से जूझना पड़ा। ऐसे समय में भामाशाह अपने खजाने को महाराणा प्रताप के लिए और पूरे मातृभूमि की सुरक्षा के लिए दान दे दिया।

# नगर पंचायत कार्यालय में हुई बोर्ड की बैठक



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत कार्यालय में बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। बैठक मे विभिन्न निर्णय लिए गए। नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा ने बताया की एमएलबीसीपीएल कंपनी का कचरा का जो उठाव किया जाता है। उक्त कंपनी को यूजर चार्ज छह माह तक नहीं लेने का निर्देश दिया गया। साथ ही डंप करने लेजाने के पुर्व कचरा का वजन कराना अनिवार्य बताया गया। वही खराब पड़े सोलर जलमीनार की मरम्मती अविलंब कराने का निर्देश दिया गया है।मृत मवेशियों को डिस्पोजल करने के लिए जगह चिन्हित करने, लावारिस कुतो का बैक्सिनेशन कराने का निर्देश दिया गया।उन्होंने बताया की हरा कार्ड धारियों को पिछले छह माह से राशन नहीं मिल पा रहा है।इसके लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी से बात कर जल्द ही राशन उपलब्ध कराने की मांग की गई।इस पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने दस दिन मे हरा कार्ड धारियों को राशन उपलब्ध कराने का भरोसा दिया है। स्वामी विवेका नंद पार्क मे स्टैच्यू लगाने पर सहमति बनी। जल्द ही इसे मूर्त रूप देने की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी।उपाध्यक्ष सिन्हा ने बताया की सभी वार्ड पार्षदों समेत अध्यक्ष उपाध्यक्ष का 28 अप्रैल को कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इसके अलोक मे चुनाव आयोग का जब तक कोई अग्रिम चुनाव की घोषणा नही होती है। तब तक पीठासीन पदाधिकारी बने रहने पर सहमति बोर्ड की बैठक मे बनी। मौके पर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कार्यालय पदाधिकारी समेत अन्य कर्मी व जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपुरा क्षेत्र का चुनाव संपन्न




**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपुरा क्षेत्र बड़कागांव की पुनर्गठन चुनाव हरली विवाह मंडप में आयोजित किया गया। चुनाव कार्यक्रम पूर्व विधायक लोकनाथ महतो की अध्यक्षता एवं चुनाव आयोग अध्यक्ष पूर्व मुखिया महेंद्र महतो की देखरेख में संपन्न हुआ। चुनावी कार्यक्रम का संचालन पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद कुशवाहा एवं केशव नाथ के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी कुशवाहा मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया प्रतिनिधि गण एवं प्रबुद्ध समाज सेवी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम 33 गांवों से नव चयनित 108 ग्राम प्रतिनिधियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया उसके बाद पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के द्वारा शपथ ग्रहण करवाया गया। अध्यक्ष पद के लिए 3 उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार, सोहनलाल मेहता, भिखन महतो, सचिव पद के लिए चार उम्मीदवार लालमणी महतो, गिरी वर्मा, पवन कुमार, सेवंती कुमारी कोषाध्यक्ष पद के लिए 2 उम्मीदवार शबूर महतो, तारकेश्वर प्रसाद ने अपना का नामांकन पत्र भरा। जिनमें तय समय सीमा के अंदर अनिरुद्ध कुमार ने अपना नाम वापस लिया एवं अन्य प्रत्याशी चुनाव में डटे रहे। सभी प्रत्याशियों को आपसी सामंजस्य बनाने का मौका दिया गया परंतु नहीं बनने के कारण चुनावी प्रक्रिया में जाना पड़ा चुनाव में कुल 108 मत में 107 मत पड़े, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सोहनलाल मेहता को 62 मत भीखन महतो को 45 मत मिला। सोहनलाल मेहता लगातार तीसरी बार 17 मत से जीत हासिल कर अध्यक्ष बने। सचिव पद में गिन्नी वर्मा को 51 मत, सेवंती कुमारी को 37 मत, लालमणी महतो को 10 मत एवं पवन कुमार को 9 मत मिले इस गिनी बर्मा 14 मत से जीत हासिल की। कोषाध्यक्ष पद पर शबूर महतो को 74 मत तारकेश्वर प्रसाद को 33 मत एवं एकमत रद्द पाया गया इस प्रकार 40 मत से सबुर महतो लगातार तीसरी बार कोषाध्यक्ष पद पर आसीन हुए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पूर्व विधायक महतो के द्वारा शपथ दिलाई गई।

### आक्रोशित लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को घेर किया प्रदर्शन

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तीन महीने के मासूम अभीराज की अचानक शुक्रवार सुबह मृत्यु होने पर परिवार के सदस्यों सहित आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीणों ने बच्चे के शव के साथ सुबह रांची- पतरातू मुख्य मार्ग को जाम कर दिया।



ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू के डॉक्टर और नर्स पर आरोप लगाते हुए कहा कि गुरुवार को बबलू साव पतरातू बाजार टांड निवासी अपने तीन माह बच्चे को तीसरे माह का टीका गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगया था ढ्ढ जिसकी मृत्यु आज शुक्रवार सुबह हो गई ढ्ढ आगे ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा बच्चे को तीन माह का टीका नहीं लगाकर नौ माह का टीका लगा दिया गया ढ्ढ जिसमें बच्चे की मौत हो गई ढ्ढ ग्रामीणों ने बच्चे की मौत का कारण ओवर डोज बता रहे थे। इधर,रोड जाम से गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही पतरातू अंचल पुलिस पदाधिकारी वीरेन्द्र चौधरी पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह दल-बल के साथ पहुंचे और ग्रामीणों को समझाते हुए। सड़क जाम हटाने को कहा। लेकिन, ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी डॉक्टरो एवं नर्सों पर कानूनी कार्रवाई और तुरंत उन्हें सस्पेंड करने तथा बच्चे के पिता को सरकारी नौकरी देने साथ ही उचित मुआवजे देने के मांग पर अड़े थे ढ्ढ इस बीच ग्रामीण और पुलिस पदाधिकारीयों के बीच नोक-झोंक होती रहीं। मौके पर पहुंचे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और समाज सेवीयों ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए। प्रखंड मुख्यालय में बच्चे के पिता और उनके परिवार के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो अंचलाधिकारी शिवशंकर पांडे एसडीपीओ वीरेन्द्र चौधरी थाना प्रभारी रघुनाथ महतो जिला पार्षद राजाराम प्रजापति विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह पतरातू पंचायत मुखिया गिरिजेश कुमार पंसस ज्योति गुप्ता कटिया मुखिया किशोर कुमार महतो समाज सेवी जय प्रकाश सिंह ननकी आदि के बीच वार्ता हुई वार्ता में दोषी नर्स और डॉक्टर पर प्रथमिक दर्ज करने पर सहमति बनी और जल्द कमेटी बनाकर जांच कर दोषियों पर उचित कार्रवाई करने पर सहमति बनी।ग्रामीणों का कहना था,बबलू साव का दो बेटी के बाद एक बेटा था,जो इसके बुढ़ापे का सहारा बनता ढ्ढ जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू के डॉक्टर और नर्स की लापरवाही के कारण आज इस दुनिया में नहीं रहा। आये दिन पतरातू ब्लॉक में डॉक्टर नहीं रहते हैं। और अपना निजी हॉस्पिटल और क्लिनिक देखते हैं। जिससे यहां की नर्स मन मानी करते हैं। जिसका नतीज़ा आज सभी के सामने है ।

## विष्णुगढ़-बनासो सड़क दुर्घटना, एक ही घर से उठी दो अर्थी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़- बनासो के गरहमुर्गी में, विष्णुगढ़- गोमियाँ मार्ग पर सड़क दुर्घटना में दो सगे भाइयों की मौत हो गई । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार दो सगे भाइयों को सब्बी बस, पंजीयन संख्या जेएच02वाई6087 के चालक ने बस को लापरवाही से चलाते हुए बाइक को पीछे से टक्कर मार दी जिससे दोनों सगे भाइयो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई । इस बाबत मृतकों की माता मोहनी देवी उम्र करीब 62 वर्ष पति-स्व0महरु सिंह,ग्राम-माघा, थाना-चतरो चट्टी,जिला- बोकारो ने बताया कि मेरे दोनों पुत्र बिरजू सिंह एवं महादेव सिंह दोनों पिता स्व0महरु सिंह अपने गाँव से बनासो बाजार छोटे पुत्र महादेव की शादी की खरीदारी के लिए गए थे,लौटने के क्रम में सब्बी बस द्वारा गरहमुर्गी के पास पीछे से टक्कर मार दी गई, जिससे मेरे दोनों पुत्रो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई ।दुर्घटना की सूचना पाकर विष्णुगढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुँचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए हज़ारीबाग भेजेंगी । ग्रामीणों ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए बताया कि इस वृद्धा पर तो दुखो का पहाड़ टूट पड़ा है,मृतक महादेव की 02 मई 2023 को शादी थी,और आज ये दुखद घटना घट गई। जहाँ बीस वर्ष पूर्व मोहनी देवी के पति का स्वर्गवास हो गया,वही आज इनके दोनों बेटों की मौत हो गई। बड़े पुत्र बिरजू सिंह अपने पीछे 02 वर्षीय पुत्र,पत्नी एवं अपनी विधवा माँ को छोड़कर चला गया । इस अनहोनी से घरवालों के रो-रोकर बुरा हाल है, माता एवं पत्नी के तो आँसू सुख चुके है ।

## भामाशाह में पेपर आर्ट कटिंग कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शुक्रवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में पेपर आर्ट क्रियाकलाप का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा उदय से प्रथम तक के भैया-बहनों ने भाग लिया। कक्षा उदय में स्नोमैन, प्रभात में एनिमल्स फेस स्टिक और प्रथम में सनफ्लॉवर बनवाया गया। यह कार्यक्रम रश्मि कुमारी, गुडविल सिंह, विनीता कुमारी, पुष्पलता कुमारी और



ऋद्धा जैन की देख-रेख में संपन्न हुई। मौके पर स्कूल के प्राचार्य रजनीश पांडेय ने कहा की इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होने से बच्चों में निखार आता है, बच्चों में छुपी प्रतिभा सामने निकलकर आती है।

## कैंडल मार्च निकाल युवा कांग्रेस ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रकाश यादव के नेतृत्व में शहर के कांग्रेस कार्यालय से झंडा चौक तक कैंडल मार्च गुरुवार को निकाला गया एवं 2 मिनट का मौन रख कर छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में हुए उग्रवादी हमले एवं जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में शहीद जवानों को झंडा चौक पर श्रद्धांजलि दी गई ।सभा में भारत माता की जय , शहीद जवान अमर रहे,जब तक सूरज चाँद रहेगा,शहीदों



का नाम रहेगा नारे लगाए गए।इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कहा उग्रवादी हमले में दंतेवाड़ा में एवं जम्मु कश्मीर में हुए आतंकी हमले में हमारे देश के कई जवान शहीद हुए और हमें अपने देश की सेना पर गर्व है। जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए अपनी बलिदान को देकर देश की रक्षा की और हमारा देश के युवाओं को इससे बहुत प्रेरणा मिलती है। मैं छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा एवं जम्मू कश्मीर में हुए घटना में शहीद जवानों को नमन करता हूं भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं ।मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव ,प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा ,नगर अध्यक्ष मनोज भगत ,मुखिया पप्पू यादव ,गुड्डू सिंह युवा कांग्रेस के ओमप्रकाश ,ग़ालिब, रितेश तिवारी,रवि सिंह, संतोष यादव, कृष्णा प्रसाद ,अजय प्रजापति, रामकुमार पटेल,जावेद अंसारी, बाबरअंसारी, दिलीप रवि, मिथलेश दुबे ,महेंद्र, जुबैर खान, मुनेस्वर चौधरी, विजय सिंह, प्रमोद कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## पर्यावरण मंच ने अरगड्डा जीएम ऑफिस सभागार में पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए गोष्टी किया आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा जीएम ऑफिस सभागार में शुक्रवार को पर्यावरण मंच झारखंड के द्वारा देश के पीएम द्वारा चल रहे लक्ष्य बीसके (लिबर 20के) लिए पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन संबंधी गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें मुख्य रूप से पर्यावरणविद् उपेंद्र पांडे, अमित कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र में डिप्लोमा होल्डर ट्रेनिंग ले रहे युवाओं ने भाग लिया। अवसर पर वक्ताओ ने कहां कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वर्तमान समय में प्लास्टिक का उपयोग कम करने का कार्य कर रहे हैं। साथ ही इसके उपयोग जरूरी चीजों को लाने- ले जाने में बदलाव के विचार लोगों के बीच पहुंचा रहे हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि प्लास्टिक फ्री झारखंड और देश को बनाने के लिए लोगों को पहल करना चाहिए, जिसकी शुरुआत आम



लोग अपने घरों से करें। इससे स्वतः समाज में बदलाव आएगा। लोगों में जागरूकता फैलेगी। जिससे एक दिन प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण पूरी तरह बंद हो जाएंगे और हमारी भूमि को राहत मिलेगी। लोगों को वातावरण संतुलन के लिए पौधरोपण करने के लिए भी प्रेरित किया। गोष्ठी में उपस्थित युवाओं ने भी अपने पर्यावरण संतुलन संबंधी बातें रखी।

## पोकलेन मशीन को अज्ञात लोगों ने किया आग के हवाले, भुक्तभोगी ने थाना में दिया आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत गुडियो पंचायत के बुंडू ग्राम निवासी कैलाश यादव पिता बुलाकी यादव का पोकलेन मशीन को अज्ञात लोगों ने आग के हवाले कर दिया। इस संबंध में कैलाश यादव ने संबंधित थाना कच्छवा रोहतास में आवेदन दिया। आवेदन में उन्होंने बताया कि मेरा पोकलेन मशीन कच्छवा थाना के अंतर्गत कच्छवा बालू घाट पर चल रही थी, जब काम खत्म हो गया तो पिछले अप्रैल को बालू घाट से कुछ दूरी पर है अपने पोकरण मशीन को




खड़ा करवाया था। पोकलेन मशीन का इनवॉइस मेरे नाम कैसे है, पिछले 22 अप्रैल को अज्ञात लोगों के द्वारा रात में मेरे मशीन को आग लगा दिया। जब मैं पिछले 23 अप्रैल को देखने गया तो पता चला कि मेरा पोकलेन मशीन जल चुकी है। सुबह मैं इस घटना की जानकारी हमलोग को हुई। वही भुक्तभोगी ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

## खरवार भोक्ता आदिवासी समाज ने कटकमसांडी में मनाया 150 वां सरहुल जतरा मेला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले के कटकमसांडी प्रखंड के उरीदिरी सरना स्थल पर शूक्रवार को खरवार भोक्ता आदिवासी समाज द्वारा 150 वां सरहुल जतरा मेला सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समाज के लोगों ने सरना स्थल पर प्रकृति और साल वृक्ष की पूजा-अर्चना कर इसकी शुरूआत की गई। साथ ही साल वृक्ष का मंजर देकर एक दूसरे को सरहुल की मुबारकबाद देकर देश में अमन, शांति व तरक्की की दुआएं मांगी गई। यहां झारखंड की पारंपरिक अखाड़ा संस्कृति जीवंत हुई और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ पारंपरिक नृत्य-संगीत के माध्यम से लोगों ने खूब मनोरंजन भी किया। सरहुल जतरा मेला के दौरान यहां हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड सहित चतरा जिले के सिमरिया, गिद्धौर



और पत्थलगड्डा प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में पहुंचे खरवार भोक्ता समाज के लोगों ने मेले के स्वरूप का यहां खूब आनंद उठाया। अतिथियों ने भी सामूहिक रूप से अखाड़ा में मांदर पर खूब थाप लगाई और झूमर पर जमकर थिरके। शहीद नीलांबर-पीतांबर अमर रहें, दोहाई बाबा बान सिंह और समाज के लिए समर्पित होकर क्रियाशील रहने वाले शहीद केदार सिंह भोक्ता अमर रहें का नारा बुलंद हुआ। समाज की महिलाओं और बेटियों ने झारखंडी संस्कृति से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया । कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि समाज के केंद्रीय उपाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग के वरिष्ठ समाजसेवी सह आरएसएस के स्वयंसेवक श्रद्धानन्द सिंह, कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, पूर्व जिप सदस्य विजय सिंह भोक्ता व खरवार भोक्ता विकास संघ के जिला अध्यक्ष ?बलदेव सिंह भोक्ता, पूर्व जिप सदस्य कुलदीप सिंह भोक्ता, कटकमसांडी भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव, बाझा मुखिया धनेश्वरी देवी, मुखिया प्रतिनिधि झमन सिंह भोक्ता, पूर्व मुखिया लीलो सिंह भोक्ता, कटकमसांडी के युवा समाजसेवी पप्पू यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मंच का संचालन कृष्ण कुमार भोक्ता ने किया। बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए रामदेव सिंह भोक्ता ने कहा कि खरवार भोक्ता समाज आदिवासी संस्कृति को अक्षुण्ण रखने के साथ देश की आजादी और झारखंड से उग्रवादियों को नेस्तनाबूद करने में अपनी अहम भूमिका निभाई है।

### आजसू का सामाजिक न्याय मार्च कल



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आजसू पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा 30अप्रैल को रांची में निर्धारित सामाजिक न्याय मार्च को लेकर रामगढ जिला से आजसू कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर रामगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बड़कागांव विधानसभा प्रभारी श्री रौशन लाल चौधरी ने कहा कि आजसू पार्टी के द्वारा राज्य में खतियान आधारित नियोजन नीति लागू करना,सरना धर्म कोड लागू करना, बेरोजगारों को रोजगार देना, संसाधनों की लूट को बंद करना, आंदोलनकारियों को सम्मान देना, पूर्व मे जो जातियां अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल थी उसे पुनः अनुसूचित जनजाति की श्रेणी से जोडना संबंधी मांगों को लेकर आगामी 30अप्रैल को सामाजिक न्याय मार्च करेगी। वहीं केंद्रीय सचिव विजय कुमार साहू ने आजसू पार्टी की ओर से प्रेसवार्ता के माध्यम से झारखंड सरकार अविलंब ट्रिपल टेस्ट करवाकर सूबे में निकाय चुनाव कराने की मांग की है। वहीं रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने कहा कि रामगढ़ जिला के सभी अनुषांगिक इकाइयों के पदाधिकारियों को सामाजिक न्याय मार्च संबंधी जरुरी निर्देश दिए गए हैं। रामगढ़ के सभी प्रखंडों से आजसू कार्यकर्ता 30 अप्रैल को रांची कूच करेंगे।प्रेस कॉन्फ्रेंस में नित्यानंद कुमार, अशोक पाठक, भुनु सिंह अशोक पाठकआदि उपस्थित थे।

## डीएमएफटी से नवनियुक्त चिकित्सकों की बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** डीएमएफटी से नवनियुक्त चिकित्सकों की बैठक उप विकास आयुक्त, हजारीबाग के कक्ष में शुक्रवार को डीएमएफटी मद से नवनियुक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों, चिकित्सा पदाधिकारियों/दन्त चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य प्रबंधकों की बैठक आयोजित की गई। सभी चिकित्सकों से उनके कार्य करने के अनुभवों एवं कठिनाईयों के विषय में बातचीत की गई। चिकित्सकों के द्वारा आवश्यक दवाओं की अनुपलब्धता, पारा चिकित्सा कर्मियों की कमी, सुरक्षा कर्मियों की कमी आदि के विषय में उप विकास आयुक्त, हजारीबाग को अवगत कराया गया। कुछ विभागों में बिचौलियों की उपस्थिति की समस्या के विषय में भी अवगत कराया गया। प्रखण्डों में कार्यरत



नवनियुक्त चिकित्सकों के द्वारा स्टॉफ क्वार्टर की कमी की बात रखी गई, जिसे उप विकास आयुक्त ने शीघ्र दूर करने का भरोसा दिया। बरकट्ठा, विष्णुगढ एवं केरेडारी स्वास्थ्य केन्द्रों में दन्त चिकित्सकों हेतु आवश्यक उपकरणों की कमी की बात बताई गई। उप विकास आयुक्त, हजारीबाग के द्वारा कतिपय समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश निर्गत किए गए। निश्चेतना विभाग के डॉ0 मेराज अहमद के द्वारा बताया गया कि उन्होंने इस महीने 96 वर्ष के एक वृद्ध जिनके गर्दन में फ्रैक्चर हो गया था उनका सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया। उप विकास आयुक्त के द्वारा सभी चिकित्सकों के कार्यो की सराहना करते हुए स्वास्थ्य सेवा को और बेहतर बनाने हेतु प्रेरित किया गया।

## नई दिल्ली में आकांक्षी जिलों के चिंतन शिविर में शामिल हुई उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय 28 अप्रैल को डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल भवन,नई दिल्ली में नीति आयोग के द्वारा आकांक्षी जिलों के लिए आयोजित चिंतन शिविर में शामिल हुई। नई दिल्ली में संपन्न हुए चिंतन शिविर में हजारीबाग के अलावे सरायकेला खरसावां, बोकारो, पलामू के उपायुक्त समेत चतरा मयूरहंट,दुमका जरमुंडी, गढ़वा मांझीयोन,गिरिडीह जमुआ एवं रांची मांडर के प्रखंड विकास पदाधिकारी भी शामिल हुए। उपायुक्त ने आकांक्षी जिला हजारीबाग का प्रतिनिधित्व करते हुए जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के क्षेत्र में हुए प्रशासनिक कार्यो का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान उपायुक्त ने विष्णुगढ़ प्रखंड के नवादा के आवर फोर मॉडल एप्रोच फॉम ओडीएफ टू ओडीएफ प्लस विषय पर सफलता की कहानी को बताया।उपायुक्त ने अपने संबोधन में हजारीबाग जिला का परिचय देते हुए पेयजलापूर्ति अंतर्गत जल जीवन मिशन के लक्ष्यों को बताते हुए अद्यतन स्थिति से उपस्थित अतिथियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के



अंतर्गत अब तक जिले के एक लाख चार हजार आठ सौ बानबे घरों को हर घर नल हर घर जल योजना से अच्छादित कर दिया गया है जो कुल लक्ष्य का 31.41 प्रतिशत है तथा इस ओर और तीव्र गति के कार्य किए जा रहें है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन को लेकर भी हजारीबाग के कार्यों के बारे में जानकारी साझा की। इस कार्यक्रम में नीति आयोग के सीईओ एवं सदस्य, भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता के सचिव व अन्य भारत सरकार के गणमान्य लोग उपस्थित थें।

### हनुमान यज्ञ समापन पर भव्य भंडारे का आयोजन

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अरगड्डा झोपड़ी में शुक्रवार को एक दिवसीय हनुमान यज्ञ के समापन पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व भक्तों द्वारा भजन कीर्तन भी की गई।



भक्तजनों की टोली ने जय श्री राम, जय हनुमान, हर- हर महादेव समेत विभिन्न देवी देवताओं का जयघोष किया। जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया। कतार में लगकर लोगों ने खीर, पुड़ी, सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर राजेन्द्र नायक, रतन लाल ऋषि, नारायण भुइयां, रंजीत भुईयां, रंजन भुईयां, दिनेश नायक, मनबाबु नायक, गोपी भुईयां, छोटे भुईयां, आशीष कुमार, दिपक भुईयां, दीपू कुमार, रवि हांसदा, लक्की कुमार, बादल कुमार, कुणाल कुमार, रौनक कुमार, अरुण कुमार, सकक्षम कुमार,सागर कुमार, देव कुमार ऋषी, शिवा नायक , मनीष कुमार, रॉकी कुमार ,अगत कुमार, जैकी भुईयाँ, अजय कुमार, राहुल कुमार, विवेक कुमार, करन कुमार समेत दर्जनों महिला, पुरुष, युवा भक्तजन मौजूद थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## अमेजन फ्रेश सुपर वैल्यू डेज़ के साथ 1 से 7 मई के बीच इस क्रिकेट सीजन में कीजिए बड़ी बचत

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खेल के शौकीनों के लिए क्रिकेट का मौसम एक रोमांच से भरपूर समय होता है। वहीं अपने पसंदीदा स्नैक्स का मजा उठाने क्रिकेट देखने का मजा ही कुछ और होता है? यही ध्यान में रखते हुए 1 से 7 मई के बीच अमेजन फ्रेश का सुपर वैल्यू डेज़ आपके सभी पसंदीदा स्नैक्स की खरीदारी को और भी आसान बना रहा है। यहां से आप अपने पसंदीदा स्वादिष्ट स्नैक्स जैसे चिप्स और पॉपकॉर्न, या चॉकलेट और कुकीज़ जैसी मीठी ट्रीट का मजा उठा सकते हैं और अपनी पसंदीदा टीम के खेल का आनंद लेते हुए ताज़े जूस, आइसक्रीम और दही की विस्तृत रेंज के साथ गर्मी के इस मौसम में तरोताज़ा रह सकते हैं। सुपर वैल्यू डेज़ के दौरान सुपर सेवर ऑफर्स के साथ, स्वादिष्ट खरबूजे और रसीले आम सहित अन्य घरेलू उत्पादों और मौसम के ताजे फलों और सब्जियों की खरीदारी कीजिए। अपने घर पर सुविधाजनक डिलीवरी विकल्पों के साथ आप नेचुरल, क्वॉलिटी वॉल्स, फॉर्च्यून और दावत जैसे विभिन्न लोकप्रिय ब्रांडों पर 45त्न तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। ग्राहक 1 से 4 मई 2023 के बीच आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 10त्न के इंस्टेंट डिस्काउंट का लाभ उठा सकते हैं। यह ऑफर न्यूनतम 2,500 रुपये के लेनदेन पर लागू है और आपको 300 रुपये तक की छूट प्राप्त होगी। इस क्रिकेट के सीजन में खुद का ख्याल रखते हुए और एक भी बॉल मिस किए बिना आप इस विशेष रूप से तैयार किए गए अमेजन समर स्टोर और क्रिकेट मेनिया स्टोर पर आवश्यक ग्रॉसरी की खरीदारी कर सकते हैं।

## ईरा ने वरीय पत्रकार के असामायिक निधन पर किया शोक व्यक्त

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडियन रिपोर्टरस एसोसिएशन (ईरा) पत्रकार संगठन ने जिला रामगढ़ के वरीय फोटोग्राफर पत्रकार स्वर्गीय प्रदीप कुमार के असमायिक निधन पर शुक्रवार को शोक व्यक्त किया हैं। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओ ने कहां कि जिला रामगढ़ पत्रकार परिवार को स्वर्गीय प्रदीप कुमार के निधन से अपूरणीय क्षति पहुंची हैं। वे काफी सरल, मिलनसार और सबो में लोकप्रिय थे। शोक व्यक्त करने वालों में पत्रकार संगठन के विजय कुमार सिन्हा, तपन बनर्जी, गोपाल गिरी, बिजेन्द्र पासवान, बबन राउत, श्याम ठाकुर, राजकुमार शर्मा, संजय गुरु, पंकज सिंह, रविकांत बनर्जी, मो. शाहिद, शिवशंकर तिवारी, सुरेन्द्र राम, दिनानाथ महतो, सुनील कुमार, संजय पासवान, सतीश तूरी सहित दर्जनों पत्रकार शामिल हैं।

## वार्ड 16 सिरका में मैरिज हॉल का हुआ उद्घाटन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद रामगढ़ क्षेत्र के वार्ड 16 सिरका में शुक्रवार को रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, नप अध्यक्ष युगेश बेदिया, नप उपाध्यक्ष मनोज महतो व अन्यो ने एक साथ नारियल फोड़ और शीला पट्टी से कपड़ा हटाकर मैरिज हॉल का उद्घाटन किया। अवसर पर बताया गया कि मैरेज हांल होने से क्षेत्र के आम जनता को शादी, विवाह के कार्यों में सुविधा मिलेगी। इसे लोगों को फायदा पहुंचेगा। मौके पर पार्षद 16 गणेश पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।

## वरिष्ठ फोटो पत्रकार प्रदीप कुमार को भावभीनी श्रद्धांजलि

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के वरिष्ठ फोटो पत्रकार प्रदीप कुमार के आकाशमिक निधन पर जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल उपाध्यक्ष झलक देव महतो महासचिव सीताराम कोषाध्यक्ष हरखनाथ महतो अधिवक्ता शंभू नाथ प्रसाद अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए मृत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है एवं प्रशासन से मांग की है कि पत्रकार के परिवार को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

## एसवीएम सिरका में संकुल स्तरीय सेवक ,सेविका व चालक का कार्यशाला 30 को

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती विद्या मंदिर सिरका में आगामी 30 अप्रैल को संकुल स्तरीय सेवक, सेविका व चालकों का कार्यशाला का आयोजन किया गया है । इस कार्यशाला में रामगढ़ संकुल के सभी आठ विद्यालयों से 100 प्रतिभागी भाग लेंगे । इस कार्यशाला में विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी मौजूद रहेंगे । एसवीएम सिरका के प्राचार्य कुमार विमलेश ने शुक्रवार को पत्र के माध्यम से कहा है कि इस तरह के कार्यक्रम पहली बार आयोजित की जा रही है । जिसमें रामगढ़ , लारी , पतरातू , कुन्दरिया बस्ती आदि आठ स्थानों से आठ विद्यालय के सेवक , सेविका व चालकों के साथ बिचार विमर्श किया जाएगा । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय परिवार जोर शोर से तैयारी में लग गए हैं।

## नारायणपुर थाना में मारपीट का मामला दर्ज

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**नारायणपुर :** नारायणपुर थाना में आपसी विवाद में मारपीट को लेकर एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संबंध में नारायणपुर थाना क्षेत्र के जसपुर निवासी हाशिम अंसारी ने अपने ही परिवार के सरफुद्दीन अंसारी, नदीम अंसारी, नैयर अंसारी, सलीम अंसारी जाकिर अंसारी नैयर अंसारी की पत्नी और सरफुद्दीन अंसारी के पत्नी के विरुद्ध किसी बात को लेकर मारपीट कर घायल कर देने की लिखित शिकायत थाना को दिए। इधर वादी हाशिम अंसारी द्वारा दिए गए लिखित शिकायत के आलोक में 7 लोगों के विरुद्ध नारायणपुर थाना कांड संख्या 22/2034 दर्ज कर पुलिस मामले की अनुसंधान में जुट गई है।

# सड़क दुर्घटना में पत्रकार की मौत

## रामगढ़ दामोदर नदी तट के गांधी घाट पर किया गया अंतिम संस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** रामगढ़ क्षेत्र के एक दैनिक अखबार के वरिष्ठ फोटो पत्रकार प्रदीप कुमार दीपक का शुक्रवार की अहले सुबह एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह 5ः00 बजे के लगभग प्रदीप कुमार रोजाना की तरह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। झंडा चोक के समीप बोकारो की ओर से तेज रफ्तार से आ रही एक टेलर ने प्रदीप कुमार को अपने चपेट में लेते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रदीप कुमार को तत्काल एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तुरंत रिम्स रेफर कर दिया। डॉक्टरों ने बताया है कि प्रदीप कुमार का दोनों पैर फैक्चर कर गया है। वही सिर में भी चोट लगी है। स्थानीय लोगों ने ट्रेलर चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। इधर रिम्स में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। स्वर्गीय प्रदीप कुमार के पत्नी, बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। इस घटना में स्वर्गीय प्रदीप कुमार के पत्नी की भी स्थिति खराब हो गई। उन्हे तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उनकी पत्नी के इलाज के पश्चात घर जाने की सलाह दी। स्वर्गीय प्रदीप कुमार के अंतिम संस्कार दामोदर नदी के तट के गांधी घाट पर किया गया। अंतिम दर्शन करने के लिए गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, समाजसेवी प्रोफेसर संजय सिंह, झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा, ब्रह्मदेव महतो, छोटू सिंह, गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह कालरा, छोटू वर्मा, नीरज मंडल, गोरी शंकर, अरुण कुमार गनोरी, कमल राम, अरुण बनर्जी, डॉक्टर अनिल सिंह, प्रभात अग्रवाल, सुनील मालाकार, रंजन भूषण, अशोक शर्मा, रतन कुमार, अमित कुमार, काकू सिंह, पिंकू सिन्हा, बद्री विश्वकर्मा, गोपाल चंद्रवंशी, चंद्रवंशी जिला अध्यक्ष छोटू वर्मा जिला सचिव रवि चंद्रवंशी मनोज चंद्रवंशी शिवनंदन चंद्रवंशी कमल चंद्रवंशी श्याम चंद्रवंशी बजरंग चंद्रवंशी संतोष चंद्रवंशी सरवन चंद्रवंशी गोपाल चंद्रवंशी मुकेश चंद्रवंशी संदीप चंद्रवंशी अनु चंद्रवंशी दीपक चंद्रवंशी लोकेश चंद्रवंशी छोटू चंद्रवंशी राजेश चंद्रवंशी पप्पी चंद्रवंशी लल्लू चंद्रवंशी अजय चंद्रवंशी सहित रामगढ़ जिला के सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार शामिल हुए।

## डीडीसी से मिले बाबूधन मुर्मू, किसानों को मुआवजा दिलाने सहित जनहित के मुद्दों पर की बात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष एवं भाजपा नेता बाबूधन मुर्मू शुक्रवार को डीडीसी डॉ. शाहिद अख्तर से मुलाकात कर विकास योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने डीडीसी से रामचंद्रपुर, इलामी, जमशेदपुर आदि पंचायतों में खेत में आग लगने से नष्ट हुई फसलों का मुआवजा को लेकर भी बातें की। भाजपा नेता ने डीडीसी से कहा कि किसानों को भारी नुकसान हुआ है। मुआवजा देकर राहत दिलाएं। इसमें विलंब होने से किसान परेशान है। भाजपा नेता ने पीपलजोड़ी उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में कंप्यूटर शिक्षा के लिए लैब की स्थापना की भी मांग की। डीएमएफटी फंड से कंप्यूटर लैब स्थापना की मांग करते हुए छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा दिलाने का अनुरोध किया। हिरणपुर के केंदुआ पंचायत के मुख्य सड़क की स्थिति से अवगत कराते हुए निर्माण कराने की मांग को भी रखा। जिले के सभी पंचायतों में खराब पड़े चापाकल और सोलर सिस्टम से जलापूर्ति योजनाओं को दुरुस्त करने, लिट्टीपाड़ा में जलाशय योजना और महेशपुर में मॉडल डिग्री कॉलेज की स्थापना करने की भी मांग रखा। जिले में जरूरतमंदों के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास की स्वीकृति दिलाने का अनुरोध किया। पाकुड़ में जिला परिषद से निर्मित शौचालय को दुरुस्त रखने, अटल मार्केट कंपलेक्स को अविलंब चालू करने का भी अनुरोध किया। भाजपा नेता ने कहा कि जनहित में इन कार्यों का संचालन जरूरी है। ताकि लोगों को सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि राजमहल लोकसभा क्षेत्र को देश के सबसे उन्नत लोकसभा के रूप में विकसित करना है। यहां आम जनता की उपेक्षा हो रही है। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को आम जनता की परेशानी से कोई मतलब नहीं दिख रहा है। आने वाले समय में ऐसे जनप्रतिनिधियों को जनता जवाब देगी।

## सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में दिशा की बैठक किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शुक्रवार को जिला समाहरणालय सभागार में सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र श्री जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी डीडीसीएमसी/दिशा की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान विधायक रामगढ़ सुनीता चौधरी, उपायुक्त माधवी मिश्रा, अध्यक्ष जिला परिषद सुधा देवी, विधायक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित हुए।बैठक के दौरान सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की सभी को विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान सर्वप्रथम माननीय सांसद ने मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही जिले के सभी पंचायतों में खेल मैदान स्थापित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे खेल विकास योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में माननीय सांसद ने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर बेहतर गुणवत्ता के साथ खेल मैदान जिसमें शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सुनिश्चित करने का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मनरेगा के तहत तालाब निर्माण, तालाब सौन्दरिकरण आदि कार्यों की जानकारी ली एवं कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। केंद्र एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में माननीय सांसद ने शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के क्रम में माननीय सांसद ने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल रामगढ़ से बीते वर्ष व वर्तमान वर्ष में किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए।प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाभुकों को आवास का लाभ देने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में माननीय सांसद ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की एवं जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में सर्वे कराकर विभिन्न योजनाओं व आवश्यक सुविधाओं की सूची तैयार करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए वहीं उन्होंने इन कार्यों में विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का सहयोग योजनाबद्ध तरीके से लेने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

## सड़क सुरक्षा समिति से संबंधित मासिक बैठक सम्पन्न, दिये गये कई निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**हजारीबाग :** उपायुक्त के निर्देश पर समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक सम्पन्न हुई है। बैठक में सड़क सुरक्षा समिति से संबंधित विभिन्न विभागों यथा पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य विभाग, राष्ट्रीय उच्च पथ, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार, शिक्षा विभाग, विद्युत, स्वास्थ्य, पुलिस, मोटरयान, सदर अंचल, अनुमण्डल कार्यालय सदर/बरही, सीसीएल, एनटीपीसी आदि विभागों के द्वारा सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था के लिए किये जा रहे कार्यों एवं प्रयासों की अद्यतन समीक्षा की गई। मौके पर पथ निर्माण की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि विभाग के माध्यम से निर्मित सभी 13 पथों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से साईनबोर्ड, पोट होल्स एवं किमी स्टोन आदि का भराव कार्य पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही एनएच-522 बगोदर-हजारीबाग पथ के 4-लेन बनाने की स्वीकृति भारत सरकार से मिल चुकी है तथा भूअर्जन का कार्य प्रगति पर है। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि चौपारण क्षेत्र अवस्थित एनएच-2 के चिन्हित स्थलों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से मेडियन ओपनिंग बन्द करा दिया गया है। इस क्रम में भूअर्जन के तहत रैयतों को भुगतान में हो रहे विलम्ब के मामले पर विभाग द्वारा भू अर्जन कार्यालय से समन्वय कर भुगतान कार्य में गति लाने के बात कही गई। बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने के बाबत जानकारी दी गई कि अबतक रोस्टर प्राप्त करते हुए सड़कक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाकर शहरी व आसपस के कुल छः चिन्हित विद्यालयों में लगभग 1170 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। मौके पर बच्चों को विद्यालयों में असेम्बली के दौरान वायसओवर के माध्यम से सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता संदेश के प्रचार-प्रसार का निदेश दिया गया।


### राँची समाहरणालय, राँची।

(जिला भू–अर्जन शाखा)
www.dlaoranchi.in
dlaoranchi@gmail.com, dlaoranchi@rediffmail.com

**आम सभा**

**करकट्टा नदी एवं तंजू नाला के संगम स्थल से दशमाईल–गुन्डू पथ (कुल लं०–9.244 कि०मी० के चौड़ीकरण एवं मजबूतिकरण/पुनर्निर्माण (पुल निर्माण एवं भू–अर्जन सहित) परियोजना** अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी के पत्रांक–274(अनु०)/दिनांक–12.04.2023 के द्वारा भूमि अधिग्रहण हेतु अधियाचना प्राप्त है। प्राप्त अधियाचना के आलोक में ग्रामसभा का आयोजन दिनांक–04.05.2023 को पूर्वाह्न 12.30 बजे अंचल–नामकुम के पंचायत भवन, डुंगरी के सभागार में किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| दिनांक | समय | संबंधित अंचल/मौजा का नाम | आम सभा का आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|
| 04/05/2023 | 12.30 पूर्वाह्न | देवगाई(शीट सं०–2), करकट्टा(शीट सं०–1), सिरी, किस्की(शीट सं०–1,2 एवं 3), तुपुदाना(शीट सं०–2), गुण्डू अंचल–नामकुम | पंचायत भवन, डुंगरी। प्रखण्ड – नामकुम |

अतः संबंधित मौजों के भू–धारियों को सूचित किया जाता है कि सभी संबंधित कागजातों के साथ खतियान/डीड, लगान रसीद (अद्यतन), परिचय–पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
राँची।

PR 296163 (Land Reforms) 23-24 (D)



### झारखण्ड सरकार
### जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़

**फ्राई कैचिंग नेट के निविदा सूचना का शुद्धि पत्र**

मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 470 दिनांक 06.03.2023 के आलोक में आगामी वित्तीय वर्ष 2023–24 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना (प्रस्तावित) के अंतर्गत रामगढ़ जिला में मत्स्य बीज उत्पादकों को फ्राई कैचिंग नेट आपूर्ति का अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना का विज्ञापन **PR 296092 Fish(23-24)D** द्वारा प्रकाशित की गई है। निविदा आमंत्रण सूचना हेतु प्रकाशित विज्ञापन में निविदा समिति के समक्ष उप विकास आयुक्त, रामगढ़ के स्थान पर निविदा समिति के समक्ष उपायुक्त, रामगढ़ के सभागार में खोली जायेगी। निविदा की शर्तें एवं समय यथावत रहेंगे।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी,
रामगढ़

PR 296162 (Fish)23-24*D



### कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, राँची
### कृषि भवन परिसर, काँके रोड,राँची

(Email Id-dhoranchi125@gmail.com)

**निलामी संबंधी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राँची जिला में विभिन्न नर्सरियों/प्रोजनीबागों में वर्ष 2023–24 में लगे फलों यथा आम, लीची, अमरूद फलों की खुली डाक द्वारा निलामी कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, राँची में की जायेगी। निलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति ससमय नीलामी स्थल पर पहँच कर निलामी में भाग ले सकते हैं। डाक बोलने वाले को निर्धारित दर के अनुसार जमानत की राशि जमा करनी होगी। डाक के पश्चात उच्च बोली लगाने वाले की जमानत की राशि रख कर निम्न डाक बोलने वाले की राशि उसी समय वापस कर दी जायेगी। डाक लेने वालो को उक्त नर्सरी/प्रोजनीबाग में फल की देख–रेख स्वयं करना होगा। डाक लेने वाले को नर्सरी में अन्य पौधों की डाली तथा कोई भी सामान को नुकसान नहीं करना होगा। उच्च डाक लेने वाले व्यक्ति को डाक के पश्चात एक मुस्त राशि एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय में जमा करना होगा। कम डाक आने पर अद्योहस्ताक्षरी को डाक रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

| क0 | नर्सरी का नाम | तिथि | निर्धारित जमानत की राशि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रोजनीबाग, सिल्ली | 06.05.2023 | 10,000.00 | 01:00 अपराह्न |
| 2 | प्रखण्ड नर्सरी, सिल्ली | | 5000.00 | 01:00 अपराह्न |
| 3 | प्रखण्ड नर्सरी, काँके | | 5000.00 | 01:00 अपराह्न |
| 4 | प्रखण्ड नर्सरी, माण्डर | | 5000.00 | 01:00 अपराह्न |
| 5 | प्रखण्ड नर्सरी, ओरमांझी | | 5000.00 | 01:00 अपराह्न |

जिला उद्यान पदाधिकारी,
राँची

PR 296134 Agriculture(23-24)#D



### कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना**

मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक– (N)433 (अनु0) दिनांक–30.03.2022 एवं सरकार के संयुक्त सचिव, ग्रा0वि0 विभाग, झारखण्ड का पत्रांक (N)544 (अनु0) दिनांक 21.04.2023 के आलोक में वित्तीय वर्श 2023–24 के लिए मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत् बागवानी हेतु कोडरमा जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों में खाद सामग्रियों का क्रय किया जाना है। इच्छुक निर्माताओं /आपूर्तिकर्त्ताओं से निम्न सामग्री के लिए मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो इस प्रकार है:–

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | विवरणी |
|---|---|---|
| 1 | खाद | केचुआ खाद या समतुल्य (in kg) |
| | | गोबर खाद या FYM (in kg) |
| | | नीम/करंज खली (in kg) |
| | | बोनमील (BoneMeal) या SSP (in kg) |
| | | Dolomite (in kg) |
| 2 | फफुन्दनाशक | Trichoderma Viridi 1.5% WW (2x10^ 6-10^8 CFU/ gm) (in kg) |
| | | Chlorothalonil 75%WP (in kg) |
| | | Copper oxychloride (Blue Copper or equivalent) (in kg) |
| 3 | कीटनाशक | Fipronil 0.3 GR (in kg) |
| | | Azadirechtin 3000 PPM (in kg) |
| | | Lambda-Cyhalothrin 5% EC (in Ltr) |
| | | दीमकनाशक दवा (Bifenthrin 2.5% EC, Biflex TC or equivalent ) (in Ltr) |
| 4 | एंटी बैक्टीरियल (जीवाणु रोधक) | Streptomycin Sulphate 90% W/W (in kg) |
| 5 | रसायनिक | सूक्ष्म–पोषक तत्व (Totocare/ Agromin or equivalent) (in Ltr) |
| | | यूरिया (in kg) |
| | | NPK 10:26:26 (सुफला या समतुल्य) (in kg) |
| | | SSP (in kg) |
| | | MoP (पोटाश) (in kg) |
| 6 | प्लास्टिक | जलकुंड हेतु पॉलीथीन 250u (micron) का UV resistant Polythene (in kg) |

नोटः–

1. इच्छुक निविदादता दिनांक– 09.05.2023 को अपराह्न 02:00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा में निबंधित डाक या स्पीड पोस्ट से अथवा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मुहरबंद निविदा दे सकते हैं। मुहरबंद निविदाएं अंतिम तिथि– 09.05.2023 को अपराह्न 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।
2. निविदा का सामग्री नियम एवं शर्तें की पूर्ण विवरणी कोडरमा के वेबसाइट www.koderma.nic.पद पर एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा से प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/
उप विकास आयुक्त–सह–, जिला कार्यक्रम समन्वयक, कोडरमा।

PR.NO.296169 Rural Development(23-24):D


## जनसेवक अपनी मांगों को लेकर गए हड़ताल पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लिट्टीपाड़ा :** जनसेवक आज से कलमबद्ध हड़ताल रहेंगे.राज्य सरकार के द्वारा जनसेवकों के नियुक्ति के लगभग 11 वर्ष के पश्चात् षडयंत्र के तहत ग्रेड पे 2400 से घटा कर 2000 कर दिया गया है। जिसके विरोध में झारखंड राज्य जनसेवक संघ के द्वारा राज्य के सभी प्रखंडों में, जनसेवकों द्वारा ÷कलमबंद कार्य÷ बहिस्कार का निर्णय लिया गया। इसी के तहत शुक्रवार से लिट्टीपाड़ा प्रखंड के जनसेवक भी हड़ताल पर रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी जनससेवक संघ के मीडिया प्रभारी फ़ख़?रे आज़म ने दिया। उन्होंने कहा हमारी मांग को पूरी होने तक कलमबद्ध हड़ताल रहेगा। कलमबद्ध हड़ताल को लेकर बीडीओ संजय कुमार को लिखित जानकारी दिया गया है।


### Office of the Chief Electoral Officer
### Cabinet (Election) Department, Sector-2, Dhurwa, Ranchi-834002

e-Tender Notice No. 01/Ele. Misc.-22-25/2018/1398 Ranchi/Dated: 28/04/2023

**e-Tender Notice**

This Tender Notice is issued by Chief Electoral Officer, Jharkhand, Ranchi for inviting proposals from experienced and reputed authorized organizations for "for disposal of e-waste-obsolete IT Equipment/ Electronic items mentioned in the Annexure-I from registered Recycler/ preprocessors of E-waste registered with State Pollution Control Board on "AS IS WHERE IS" basis" in the Cabinet (Election) Department, Sector-2, Dhurwa, Ranchi.
The time schedule for various activities following from the issue of this Tender Notice shall be as follows:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication:- | 02.05.2023 |
| 2. | Last Date for Submission of Tender:- | 10.05.2023 (03:00 PM) |
| 3. | Date of opening of Technical bid:- | 11.05.2023 (03:00 PM) |
| 4. | Date of opening of Financial bid:- | 12.05.2023 (03:00 PM) |
| 5. | Address for communication/submission of the Tender:- | Office of the Chief Electoral Officer, Cabinet (Election) Department, Near Gayatri Mandir, Sector-II, Dhurwa, Ranchi-834004, Jharkhand. Phone: 0651-2440077 |
| 6. | All terms, conditions and other features of this RFP is available on the CEO, Jharkhand's Website - https://jharkhandtenders.gov.in and http://www.ceo.jharkhand.gov.in | |

(K. Ravi Kumar)
Chief Electoral Officer, Jharkhand

PR 296172 (Election) 23-24 (D)

## नौ दिवसीय हनुमंत प्राणप्रतिष्ठा रामचरितमानस महायज्ञ में भक्तों की उड़ रही है जनसैलाब

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद प्रखंड में विगत मंगलवार को मोतिलेदा के वनगामा प्रारंभ श्री श्री 108 हनुमंत प्राणप्रतिष्ठा श्री रामचरितमानस महायज्ञ तीसरा दिन आनी गुरुवार को भक्तों की जनसैलाब उमड़ पड़ी। गुरुवार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा वनगामा पहुंचकर यज्ञ में भाग लिया। वहीं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा हम सनातन धर्म में यज्ञ का बहुत बड़ा महत्व है इसके साथ ही कहा ऐसे कार्यक्रम और कथा वाचक से आज के युवा जनरेशन हमारी सनातन धर्म संस्कृति और सभ्यता से रूबरू होते है। कुशवाहा समाज प्रखंड अध्यक्ष पवन वर्मा ,इंद्रलाल वर्मा ,प्रभाकर कुमार ,दीपक रीतलाल बर्मा ,कई लोग मौजूद थे।

## पंचायत सचिवालय में वित्तीय समावेशन सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के पोबी पंचायत सचिवालय



में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गाइडलाइन के तहत एकदिवसीय वित्तीय समावेशन सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्षता बैंक ऑफ इंडिया जमुआ शाखा प्रबंधक मो वसीम अकरम अंसारी ने करते हुए शिविर के लक्ष्य, उद्देश्य व केसीसी, सखी स्वयं सहायता समूह ऋष्ठा,प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, होम, शिक्षा, गोल्ड लोन आदि की जानकारी देते हुए कहा कि वित्तीय समावेशन सशक्तिकरण अभियान की शुरुआत 15 फरवरी को हुआ है समापन 15 अगस्त को होगा। अभियान की सफलता में बीसी की महत्वपूर्ण भूमिका रही जागरूक ,उत्प्रेरित किये। पोबी पंचायत बैंक ऑफ इंडिया बीसी योगेश कुमार पाण्डेय ने संचालन करते हुए अटल पेंशन योजना,प्रधानमंत्री जीवनज्योति ,सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी देते हुए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया। अपना आधारकार्ड,नॉमिनी का आधारकार्ड ,बैंक खाता,मोबाइल नम्बर अपने पंचायत के बैंक बीसी के पास जाए और योजना से जुड़े। ग्राम साथी संगठन के बतौर प्रशिक्षक श्रीकांत सिंह,शेखर कुमार ने वित्तीय समावेशन की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा सभी खाताधारकों को अभियान के दौरान बीमा से शत प्रतिशत आच्छादित करना उद्देश्य है।बीसी बहादुर पंडित,संजय कुमार,रेखा देवी,सीता देवी,मुन्नी देवी,चंचला देवी,शंकर तुरी,मोहन तुरी, सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे ।

## खुदकुशी किए युवक का पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के सदर थाना क्षेत्र स्थित



नावाडीह पालनगर में गुरुवार की देर रात एक युवक ने फंदे से झूल कर जान दे दी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि राजेश कुमार सिंह नामक युवक उम्र 34 वर्ष सदर थाना क्षेत्र स्थित नावाडीह पालनगर स्थित अपने घर में फंदे से झूल गया। परिजनों ने राजेश को फंदे से झूलता देख आनन फानन में उसे शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही आसपास के लोग इसे संदिग्ध मौत बता रहे है। जबकि परिजन से पूछे जाने पर उन्होंने कुछ भी जानकारी नहीं होने की बात कही। वहीं पुलिस ने मृतक के परिजनों का बयान लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया पोषण ट्रैकर एप्लिकेशन का प्रशिक्षण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी



श्रीमती स्नेह कश्यप के निर्देश पर आज बाल विकास परियोजना कार्यालय, निरसा व गोविंदपुर में एक दिवसीय पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन पर आंगनवाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर नेशन ई गवर्नेंस डिवीजन के राज्य समन्वयक बबलू कुमार एवं स्मृति चंद्र दास (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर धनबाद) के द्वारा पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन में विभिन्न विषयों पर डाटा प्रविष्टि करने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही आधार वेरिफिकेशन, मोबाइल वेरिफिकेशन, लाभार्थी पंजीकरण, लाभार्थी को टेक होम राशन, बच्चों की वृद्धि की निगरानी एवं टीकाकरण के बारे में जानकारी दी गई। इसमें लगभग 400 सेविकाएं मौजूद थी। साथ ही बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आलोक चौधरी एवं 13 महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित थी।

# जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त संदीप सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में निरसा से आए मंतोष गोराई ने ब्लाइंड स्कूल, जगजीवन नगर, धनबाद में अपने दोनों नेत्रहीन बच्चों के नामांकन के संबंध में उपायुक्त को आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि उनके दोनों लड़के जन्म से ही नेत्रहीन है। उनके भविष्य को देखते हुए ब्लाइंड स्कूल में नामांकन आवश्यक है। उपायुक्त ने इस मामले को समाज कल्याण पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन हेतु अग्रसारित किया।

इस दौरान बलियापुर से आए दिव्यांग घुटु महतो ने प्रधानमंत्री आवास एवं शौचालय निर्माण को लेकर उपायुक्त को आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि वह जन्म से ही दिव्यांग है और उन्हें शौचालय एवं आवास के लिए बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उपायुक्त ने इस मामले को डीआरडीए निदेशक



को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन हेतु अग्रसारित किया।

टुंडी प्रखंड के रतनपुर ग्राम पंचायत के कमलपुर गांव से आए शिकायतकर्ता ने जन वितरण दुकानदार द्वारा राशन न देने एवं दुकानदार द्वारा राशन की कालाबाजारी करने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। शिकायतकर्ता ने आवेदन के माध्यम से बताया कि दुकानदार 3 माह में एक बार राशन देता है, जबकि प्रत्येक माह बायोमेट्रिक पहचान लेकर एक कूपन देता है और दुकानदार के द्वारा कहा जाता है कि राशन कम आया है अगले माह दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह एवं गत 3 माह से राशन नहीं मिला है वही राशन देते समय प्रत्येक व्यक्ति से 3 किलोग्राम की कटौती की जाती है। उपायुक्त ने इस मामले को संबंधित पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसके अलावे उपायुक्त संदीप सिंह जनता दरबार में शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा, पारिवारिक विवाद, सरकारी योजनाओं में अनियमितता से संबंधित समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## जंगल से लापता महिला का शव बरामद, इलाके में फैली सनसनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर :** चार दिन से लापता महिला का शव बगोदर थाना क्षेत्र के अटका बुढाचाच के जंगल मे शुक्रवार को साडी से पेड मे बांधा हुआ मिला है।जिसकी पहचान बगोदर थाना क्षेत्र के जरमूने निवासी कुंती देवी के रूप हुई है।वही महिला की शव मिलने से इलाके मे सनसनी फैल गई।और यह खबर आग की तरह तेजी से फैल गई।महिला की शव पर आस पास के ग्रामीणो की नजर पडी ।और इसकी जानकारी बगोदर थाना पुलिस को दी गई।सुचना मिलने पर बगोदर थाना पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतका के शरीर मे पेटी कोट व बलाउज था।और साडी से लेपट कर शव पेड मे बांधा हुआ था।ऐसा प्रतीत हो रहा था कि महिला की हत्या करने के बाद चेहरा तेजाब से जला दिया ताकि उसकी पहचान न हो सके।स्वजनो ने उसकी पहचान कपड़े से किया है।बताया जाता है कि उक्त महिला बगोदर मे दिहाडी मजदूरी करती थी।और 25 अप्रैल से लापता थी। मामले को लेकर मृतका के पति राजेन्द्र प्रसाद साहू ने लापता पत्नी कुंती देवी को खोजबीन करने को लेकर बगोदर थाना मे आवेदन दिया था।वही मामले को लेकर पुलिस जांच मे जुट गई है।

## विधायक ने जलापूर्ति योजना का किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोमो :** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने तोपचांची प्रखण्ड के मतारी, रामाकुंडा तथा खरियो पंचायत में शुक्रवार को नल जल जलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक महतो ने कहा कि इस योजना से पंचायत के लोगों को पानी की समस्या से छुटकारा मिलेगा।



इस मौके पर राहुल सिंह तथा मुकेश कुमार ने बताया कि यह योजना पूरे झारखंड मे चलाया जा रहा है जिसमें जल मीनार के माध्यम हर पंचायत के सभी घरों में पानी की व्यवस्था कराई जाएगी।

## दुर्घटना से निबटने के लिए रेलवे व एनडीआरएफ का मॉक ड्रील

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद रेल स्टेशन के दक्षिणी हिस्से के प्लेटफार्म संख्या 7 पर शुक्रवार को अचानक ट्रेन दुर्घटना की खबर से इमरजेंसी सायरन की आवाज सुनाई देती है और अचानक चीख पुकार मच जाती है। देखते ही देखते रेलवे की बचाव टीम मौके पर पहुंचती है। साथ में एनडीआरएफ के जवान भी रेस्क्यू में लग जाते हैं। आनन फानन में घायलों को एम्बुलेंस में रख कर धनबाद स्थित रेल अस्पताल भिजवाया जाता है। तब तक रेलवे की सेफ्टी टीम, वरीय अधिकारी डीआरएम केके सिन्हा के नेतृत्व में मौके पर पहुंच राहत और बचाव कार्य तेज करने का निर्देश देते है।

वास्तव में यह कोई वास्तविक ट्रेन दुर्घटना नही, बल्कि रेलवे और एनडीआरफ की टीम की संयुक्त मॉक ड्रिल थी जो देखने मे वास्तविक ट्रेन दुर्घटना लग रही थी।



यह मॉक ड्रिल दुर्घटना से बचने और विपरीत परिस्थितियों में प्रभावी रूप से निपटने के लिए रेलवे द्वारा अभ्यास किया गया। राहत बचाव टीम को पैसेंजर ट्रेन की एक बोगी के पटरी से उतरने की खबर मिली थी। इसके बाद महज 20 मिनट में ही टीम घटना स्थल पर पहुंच गई। टीम ने वहां पहुंचते ही अपना अभ्यास शुरू कर दिया।

ट्रेन की बोगी के पटरी से उतरने के साथ बोगी एक दूसरे पर चढ़ गई थी। दुर्घटना की खबर पर रेलवे का स्थानीय अमला सक्रिय हो गया। कंट्रोल रूम को तत्काल इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद रेलवे की आपदा प्रबंधन टीम रेलवे स्टेशन यार्ड के लिए रवाना हुई। इसके साथ ही एनडीआरएफ की टीम जो घटना के वक्त धनबाद से कुछ दूरी पर थी, उन्हें भी सूचना दी गई।

## आजादी के 75 बर्ष बीतने पर भी प्रधानमंत्री आवास नसीब नहीं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के फतेहपुर पंचायत के सर्रा गांव के कई ग्रामीणों का आरोप है कि जानवरों जैसी स्थिति में रहने पर मजबूर हैं। सभी के पास फरियाद लेकर गये पर कहीं से कुछ नसीब नहीं हुआ केवल आश्वासन की घुट पिलाई गई। सर्रा निवासी सरफुद्दीन अंसारी का कहना है कि सरकार के नजरों में अल्पसंख्यकों को बहुत कुछ देने का प्रावधान किया गया पर अल्पसंख्यक का क्या स्थिति है वह इनसेट में दर्शाया जा रहा है कच्चे मिट्टी के घर में रहने को मजबूर हूं कई बार ब्लॉक का चक्कर काट कर आखिर में चुप रहना ही उचित समझा और कच्चे मिट्टी के घर में गुजर बसर कर रहा हूं।आज तक कोई सुधि लेने नहीं आया और न जरूरी समझा।

## कर्मचारी संघ ने 5 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर झारखंड पशुपालन विभाग एआई कर्मचारी संघ के बैनर तले 5 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें मुख्य रुप से जिला के तमाम कर्मचारियों संघ से जुड़े हुए दर्जनों लोग मौजूद रहें। पशुपालन विभाग में एआई कर्मचारी की राशि हड़पने एवं व्यापक भ्रष्टाचार के विरुद्ध 5 सूत्री मांगों को लेकर प्रथम चरण में धरना प्रदर्शन किया गया। वही आगे मांग पूरी नहीं होने पर दुसरे चरण में 23 जून 2023 को महामहिम राज्यपाल के समक्ष धरना प्रदर्शन करने का आह्वान किया गया।

## दामोदर नदी के कुंजी घाट में धड़ल्ले से जारी है बालू की तस्करी



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत दामोदर नदी के कुंजी घाट में इन दिनों अवैध बालू का कारोबार अपने चरम सीमा पर है बताया जाता है कि महुदा क्षेत्र के दामोदर नदी के उक्त घाट में सुबह होते ही सैकड़ो की संख्या में ट्रैक्टर उतारकर बालू की भराई की जाती है । इस संबंध में एक ट्रैक्टर ड्राइवर ने अखबार में नाम नहीं छापने के शर्त में बताया की हम लोग तो मजदूर हैं हम लोग मजदूरी के रूप में ट्रैक्टर चलाते हैं ट्रैक्टर मालिक जहां जाने बोलते हैं हम जाते हैं दामोदर नदी में प्रत्येक दिन बालों की भराई करते हैं और फिर महुदा के अलावे अन्य क्षेत्र में ले जाते हैं। एक ट्रैक्टर बालू का लगभग तीन से चार हजार रूपए में बेचा जाता है ज्ञात हो कि इन दिनों दामोदर नदी उक्त घाट से दर्जनों ट्रैक्टर बालू का उठाव हो रहा है लेकिन खनन विभाग के लोग कुंजी घाट के तरफ नजर उठा कर देखते भी नहीं है यदि इसे नहीं रोका गया तो आने वाले दिन में दामोदर नदी का कटाव और बढ़ जाएगा।

## ससुराल द्वारा प्रताड़ित महिला पहुंची एसपी की शरण में



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शहर के सदर थाना के रांगाटांड रेलवे कॉलोनी निवासी चंदा कुमारी ने अपने पति तथा ससुराल वालों पर मारपीट करने तथा मायके से पैसे लाने का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को एसपी से मुलाकात करने पहुंची। एसपी कार्यालय परिसर में पीड़ित चंदा कुमारी ने बताया कि वर्ष 2019 में परिवार की आपसी रजामंदी से उसका विवाह रांगाटांड रेलवे कॉलोनी स्थित एक रेलकर्मी गणेश बांसफोड़ के पुत्र भोला कुमार से हुई थी। शादी के बाद पता चला कि उसके पति का एक दूसरी विवाहित महिला से अवैध संबंध है। जिसके बाद आए दिन उसके साथ मारपीट होने लगी।

बात बिगड़ता देख भुक्तभोगी चंदा कुमारी न्यायालय की शरण में गई। जहां से पति ने समझौता पत्र हस्ताक्षर कर भविष्य में किसी प्रकार का उत्पीड़न न करने का भरोसा दिलाते हुए उसे अपने घर ले गया। लेकिन कुछ दिनों के बाद से ही पति भोला प्रसाद तथा ससुराल वाले उससे लगातार मारपीट कर सताने लगे। जिससे आजिज आकर वह अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन महिला थाना के अधिकारी मामले को निपटाने में भेदभाव बरत रहे हैं। जिसके वजह से वह एसपी रेशमा रमेशन से मुलाकात कर अपनी शिकायत बताई है।

## विकास से कोसों दूर है टुंडी प्रखंड का फतेहपुर गांव

### कच्चे रोड़ पर चलने को मजबूर ग्रामीण

दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र

**टुंडी :** टुंडी जैसे पिछड़े प्रखंड के फतेहपुर गांव की स्थिति इन दिनों काफी दयनीय है आज भी यह गांव विकास से कोसों दूर है। बताया जाता है कि देश? आज अपना 75 वां वर्षगांठ मना रहा है पर यह गांव को एक सुलभ पक्का रोड नसीब नहीं हो पाया इस गांव के बच्चे हो या बुजुर्ग इस कच्चे रास्ते से चलने पर मजबूर हैं योजना बनाओ अभियान के तहत हर वर्ष कार्य योजना तैयार होता है पर जमीनी हकीकत कुछ और ही है इसी रास्ते से मुखिया से लेकर मंत्री तक समय आने पर चलते हैं मगर इस पर अमल नहीं



करते वर्षा में तो काफी पहाड़ों जैसा दुख झेलने पर मजबूर हो जाते हैं फतेहपुर के ग्रामीण जनता इन दिनों रास्ते के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है समाजसेवी मुख्तार अंसारी का कहना है कि सरकार से हमलोग कुछ नहीं मांगते पर हमलोगों को अपना मिलने वाला हक़ से भी वंचित किया जा रहा है जो कि चुनाव आने पर सभी ग्रामीण जनता वोट के समय सबक सिखाने के लिए तैयार बैठे हैं।

## प्रधानमंत्री मन की बात का 100वां संस्करण 30 अप्रैल को, भाजयुमों ने किया बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह ज़िले के स्टेशन रोड स्थित भाजपा नगर कार्यालय में भारतीय जनता युवा मोर्चा गिरिडीह नगर का बैठक आयोजन किया गया । जिसमे मुख्य रूप से प्रदेश द्वारा नियुक्त इस मंडल के प्रभारी बीरू आनंद सिंह उपस्थित हुए । श्री बीरू ने संबोधित करते हुए कहा कि अगामी 30 अप्रैल को 11बजे प्रधानमंत्री मन की बात का 100वा संस्करण है हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आम जनों से अपील करते है की इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का काम करेंगे । साथ ही इस मंडल को एक सशक्त मंडल कैसे बनाया जा सकता है इन सब बातो पर भी चर्चा किया गया । मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार राय ने कहा की गिरिडीह जिला के सभी बूथों में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता आम जनों और पार्टी के कार्यकर्ता के साथ मिल कर मान की बात कार्यकर्म को लोगो को सुनने का काम करेगी ।वही गिरिडीह नगर मंडल और मध्य मंडल को कैसे एक आदर्श मंडल बनाया जा सकता है इन सब बातो पर ही चर्चा किया ।

## बाइकर्स गैंग ने सीबीआई अधिकारी के हाथ से छीना मोबाईल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद में अपराधियों का हौसला इतना बढ़ गया है कि वह अब देश के सबसे बड़ी जांच एजेंसी सीबीआई के अधिकारियों को भी नही बख्श रहे हैं। बाइकर्स गैंग शहर के विभिन्न मुहल्लों में चैन स्नैचिंग तथा लूट की घटना को अंजाम दे रहे हैं। वही बुधवार की देर रात सरायढेला थाना के पास से बाइक सवार दो अपराधी सीबीआई अधिकारी उज्ज्वल विकास के हाथ से एंड्रॉयड फोन छीन कर फरार हो गए। इस संबंध में सीबीआई अधिकारी ने सरायढेला थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया है। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ निवासी सीबीआई अधिकारी धनबाद के सरायढेला स्थित सीबीआई क्वार्टर में रहते है जो बुधवार की देर रात अपने क्वार्टर पर जा रहे थे, उसी दौरान यह घटना घटी है।

## चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोकने वालों की धर-पकड़ के लिए पूर्व मध्य रेल द्वारा चलाया जा रहा है ऑपरेशन "समय पालन"

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है । इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेषन ''समय पालन'' के तहत् ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावष्यक रूप से विलंब ना हो ।

इस विषेष अभियान में पिछले 07 दिनों में रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 289 लोगों को हिरासत में लिया गया । इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई ।

ऑपरेषन ''समय पालन'' के तहत् इन 07 दिनों में सर्वाधिक 171 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 41, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 35 तथा सोनपुर एवं धनबाद मंडल में 21-21 लोगों को हिरासत में लिया गया ।

विदित हो कि गाड़ियों को बिना ठहराव एसीपी (चेन पुलिंग) करके रोकने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है । लंबी दूरी वाली गाड़ियों में सफर करने वाले यात्री एसीपी के कारण और ज्यादा परेशान हो जाते हैं । यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल द्वारा यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा ।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोहरदगा के एफएम ट्रांसमीटर का किया ऑनलाईन उद्घाटन

## मंत्री डॉ. रामेश्वर उराँव ने 100 वाट एफएम ट्रांसमीटर का फीता काट कर किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज शुक्रवार को लोहरदगा जिला समेत देश के 91 नये एफएम ट्रांसमीटर का ऑनलाईन उद्घाटन किया गया। लोहरदगा जिला भी अब देश के उन जिलों में शामिल हो गया जहां एफएम की अपनी फ्रीक्वेंसी है। लोहरदगा के अतिरिक्त झारखण्ड के गोड्डा और साहेबगंज जिला के बड़हरवा के भी 100 वाट ट्रांसमीटर का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया गया। लोहरदगा जिलावासी 101.3 मेगाहर्ट्ज पर लोग एफएम रेडियो (विविध भारती) का आनंद ले सकेंगे। इसकी रेंज 10-15 किमी तक होगी। लोहरदगा जिला में आयोजित कार्यक्रम में डॉ रामेश्वर उराँव, माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्यकर विभाग एवं खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड, रांची मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और 100 वाट एफएम ट्रांसमीटर का फीता काट कर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिला में अब तक लोग शॉर्ट वेब और मीडियम वेब पर ही रेडियो स्टेशन का आनंद ले रहे थे लेकिन अब नये ट्रांसमीटर के लग जाने से लोगों को रेडियो एफएम का भी विकल्प मिल जाएगा। इसमें आवास काफी गुणवत्ता काफी अच्छी होती है। आज के कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पद्मश्री मधु मंसूरी हँसमुख, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, आकाशवाणी राँची की ओर से मैरी क्लाउडिया सोरेंग, नोडल अफसर कोल्हा कच्छप, अनाउंसर ओली मिंज, संतोष कुमार, एसपी मिंज, गोपीकृष्ण कुंवर, तकनीकी स्टाफ प्रभाकर कुमार पाण्डेय, मो मामुन रशीद समेत लोहरदगा जिला के पदाधिकारीगण व समाजसेवी उपस्थित थे।

## विद्यालय प्रांगण में स्थित भांवरा के आतंक से शिक्षिका सहित 40 छात्र छात्राएं घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अरु मध्य विद्यालय प्रांगण में भांवरा के आतंक से प्रधानाध्यापिका सहित 40 छात्र छात्राएं घायल अस्पताल में कराया गया इलाज। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम में संचालित सरकारी मध्य विद्यालय प्रांगण में छुटी के पूर्व प्राथना के दौरान भांवरा का आतंक से लगभग 40 छात्र छात्राएं जख्मी हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि विद्यालय प्रांगण में विशाल सेमल का पेड़ स्थित है। पर काफी दिनों से भांवरा का बसेरा है। जिसको हटवाने को लेकर शिक्षक बिकेश कुमार सिन्हा द्वारा कई वार प्रयास किया गया था। परंतु कोई भी हटाने को तैयार नही हुआ जिससे शिक्षक सहित बच्चों में भय बना रहता था। लेकिन शुक्रवार को विद्यालय प्रांगण में छूती से पूर्व प्राथना के लिए जैसे ही बच्चे बच्चियाँ लाइन लगाकर कतार में खड़ा हुए और राष्ट्रीय गान आरम्भ हुआ कि अचानक भांवरा ने आतंक मचा दिया जिससे प्रधानाध्यापिका आशा सुषमा बाड़ा सहित 40 स्कूली छात्र छात्राएं जख्मी हो गये। और विद्यालय में अफरा तफरी मच गया। जख्मी बच्चे अपना बैग साइकिल विद्यालय में छोड़ घर भागने लगे जबकि शिक्षिका बुरी तरह जख्मी हो गई जिसे सहायक शिक्षक बिकेश कुमार सिन्हा ने आनन फानन में इलाज हेतु सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात ठीक बताते हुए घर जाने का अनुमति दे दिया।

## आहर्ता प्राप्त करने वाले युवा युवतियों का नाम मतदाता सूची में जोड़े : सुनील चंद्र कुंवर



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा स्थित प्रखंड कार्यालय सभागार में 27 अप्रैल गुरुवार को प्रभारी प्रखंड निर्वाचन पदाधिकरी सुनिलचन्द्र कुंवर के द्वारा एक दिवसीय बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सभी 37 बूथ के बीएलओ को गरुडा एप्प डाउनलोड करना, मोबाईल पर गरुडा एप्प से प्रपत्र 6, प्रपत्र 7 एवं प्रपत्र 8 भरने का प्रशिक्षण दिया गया,वंही नए आहर्ता प्राप्त करने वाले युवा युवतियों के मतदाता सूची में नाम जोड़ने व मृत् एवं हस्तांतरित व्यक्तियों का मतदाता सूची से नाम विलोपन करने की विशेष प्रशिक्षण दिया गया।मौके पर पंचायती राज्य पदाधिकारी आकाश कुंवर, सुपरवाइजर दिनेश कुमार, रौशन उरांव, गुहा उरांव, बीएलओ सुनीता देवी, सुचित्रा उरांव, नसीमा खातून, रुकमणी उरांव, सरोज उरांव, हिबजुल रहमान, प्रवेज अख्तर, राजमणी मिंज, मंसूर आलम, पंचम एतवा पहान आदि उपस्थित थे।

## आदिवासियों की सरकार कहने वाली जेएमएम और कांग्रेस की सत्ता में सबसे ज्यादा आदिवासी बेटियां असुरक्षित : मनीर उरांव



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडु प्रखंड अंतगर्त पंडरा ग्राम चेटर की आदिवासी नाबालिग लड़की जो अपने चाचा के घर शादी समारोह में हिस्सा लेने गई इस दौरान गुरुवार शाम शौच के लिए बाहर निकली बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उराँव के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी पीड़ित परिवार से मिले और कहा कि वर्तमान सरकार में असामाजिक तत्व एवं बलात्कारियों में डर भावना खत्म हो चुकी है आज हमारे जिले की बच्ची जिंदगी और मौत के बीच झूल रही का मात्र एक ही कारण है कि वर्तमान सरकार के द्वारा वोट बैंक की राजनीति को देखते हुए गलतियों पर बारंबार पर्दा डालने से ऐसे परिणाम देखने को मिल रहे हैं। जेएमएम और कांग्रेस पार्टी के कथनी और करनी में अर्श और फर्श का अंरर है। कहने को यह सरकार तो अपने आप को आदिवासी गरीबों की भला करने वाली बताती है परंतु आज सरकार विशेषकर आदिवासी एवं गरीब जनता को सुरक्षा भी मुहैया नहीं करा पा रही है लगातार बहू बेटियों के साथ बलात्कार हत्या जैसी घटनाएं हो रही है। राज्य को सुरक्षित तभी माना जाएगा जब प्रदेश में बेटियां सुरक्षित होगी। लोहरदगा एक राज्य के मंत्री का क्षेत्र है परंतु लगातार बलत्कार और हत्या की घटनाएं हो रही है उसका मूल कारण तुष्टीकरण दृष्टि से कार्यवाही का आदेश परंतु भाजपा ऐसा नहीं होने देगी। हमलोग पिड़िता को न्याय दिलाकर रहेंगे अपराधी कोई भी हो उसकी कठोर दंड जरूर मिलेगी। पिड़िता के साथ पूरा भाजपा परिवार है।

## नाबालिग को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म, पीड़िता की हालत नाजुक, रिम्स में चल रहा इलाज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू थाना क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मशार करनेवाली घटना सामने आई है। जहां दो लोगों द्वारा एक 14 वर्षीय नाबालिग स्कूली छात्रा को अगवा कर सामुहिक दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। फिलहाल दोनो आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं। पीड़ित नाबालिग की हालत काफी नाजुक बतायी जा रही है। उसे देर रात कुडू सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। जहां रक्त स्त्राव नही रुकने और उसकी स्थिति में कोई सुधार नही होने पर चिकित्सकों ने रिम्स रांची रेफर कर दिया है। घटना के संबंध में पीड़िता के भाई और परिजनों ने बताया कि गुरुवार की रात उसके चचेरे भाई के यहां शादी थी। घर के सभी लोग शादी समारोह में व्यस्त थे। बालिका भी वही थी, रात्रि लगभग नौ बजे वे घर के पीछे शौच करने गई। तभी दोनो युवकों ने उसे पकड़कर उसका मुंह बांध अगवा कर घर से लगभग लगभग 200 मीटर दूर सुनसान स्थान पुराना ईटा भट्ठा के नजदीक ले जाकर लगभग दो घंटे तक दुष्कर्म किया। शौच जाने के बहुत देर बाद तक बालिका के घर नहीं लौटने कारण घरवाले व बालिका का खोजबीन करने लगे। रात्रि में टॉर्च जलाकर इधर-उधर खोजने लगे। इसी क्रम में पुराना ईट भट्ठे के समीप बने एक गड्ढे से बालिका के चिल्लाने की आवाज सुन घटनास्थल के पास पहुचे तो दोनों दुष्कर्मी बालिका को छोड़कर भागने लगे। ग्रामीणों ने खदेड़ कर दोनों को पकड़ा। और कुडू पुलिस को मोबाइल से इसकी सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने पहुचकर दोनों आरोपियों को थाना लाया। आरोपियों की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के चेटर निवासी स्व अजमल खान के पुत्र नसीम खान 20 और कलाम पावरिया के पुत्र मकसूद पवरिया 20 के रूप में हुई है। वही नाबालिग को घटनास्थल से काफी गंभीर हालत में कुडू अस्पताल लाया गया। फिलहाल पुलिस ने कांड संख्या 52/23 एवं सम्बंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## शोभा की वस्तु बनकर रह गयी है कुडू का जलमीनार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** गर्मी के आरंभ के साथ पेयजल जलसंकट भी शुरू हो गया है। कुँओं एवं चापानलों का जलस्तर भी काफी नीचे जाने लगा है। वैसे में यह जलमीनार कोढ़ में खाज के समान है। ज्ञात हो कि कुडू का यह जलमीनार लगभग आठ करोड़ की लागत से बनाया गया।कुछ वर्षो तक यह संवेदक द्वारा संचालित होता रहा, लेकिन वर्ष 2019 में ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति टाटी, कुडू को हस्तांतरित कर दिया गया। वर्तमान में दोनों समितियों के अधीन लगभग 1500 से अधिक कनेक्शनधारी हैं। जिन्हें 360 रु शुल्क पर कनेक्शन दिया गया था और प्रत्येक कनेक्शनधारी को 60 रु जल कर के रूप में समिति को अदा करना था। अपने उद्देश्य में पेयजल आपूर्ति में दोनों समितियां असफल साबित हुई। प्रशासनिक स्तर पर यह कहा जाता है कि कनेक्शनधारी शुल्क जमा करने में आनाकानी करते हैं। जबकि कई कनेक्शनधारियों का मानना है कि जबसे समितियों के हाथों में जलापूर्ति का संचालन आया,तब से नियमित जलापूर्ति ठप्प हो गई थी। वर्ष 2020 के जनवरी माह में स्वीच बोर्ड में खराबी आई जलापूर्ति महीनों ठप्प रहा। कभी जलस्तर नीचे जाने के कारण, कभी जलशोधन रसायन के कमी को कारण, कभी ऑपरेटरों को मजदूरी न मिलने के कारण, कभी मशीन में तकनीकी खराबी के कारण। ज्ञात हो कि उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण के आगमन काल के समय मार्च 22 में उनके प्रयास से जलापूर्ति चालू कराया गया एक माह भी नियमित जलापूर्ति हुआ नहीं तकनीकी खराबी के कारण जलापूर्ति ठप्प हो गई। काफी जद्दोजहद के बाद सितंबर22 में प्रखंड कार्यालय के सभागार में इस मामले में बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें मनोरंजन कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी, सदरुल अंसारी बीस सुत्री अध्यक्ष, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कनीय अभियंता, कुडू , टाटी पंचायत के मुखिया, जल सहिया कुडू प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधि एवं कई नागरिक उपस्थित थे। जिसमें तय हुआ कि कनेक्शनधारी निश्चित शुल्क जमा करेंगे। वार्ड पार्षद अपने वार्ड की वस्तु स्थिति की प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।किन्हें कनेक्शन जारी रखना है या छोड़ना है। कनेक्शनधारियों को 62 रु शुल्क देना तय हुआ। गॉधी जयंती (2.10.22) को जलापूर्ति चालू किया गया।यह सत्य है कि सप्लाई जल पीने योग्य नहीं था। लेकिन 11.10.22 बोर्ड स्वीच में खराबी के बाद कुडू में जलापूर्ति पुनः संभव नहीं हो सका जिसकी दूर दूर तक कोई संभावना भी नहीं है।

## नीचे तुरियाडीह में आंगनबाड़ी सेविका पद पर नियुक्त हुई सविता भगत : विजय कुमार



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तुरियाडीह ग्राम में आंगनबाड़ी सेविका पद खाली होने पर बाल विकास परियोजना सेन्हा के तत्वधान में दो माह पुर्व ग्रामीणों द्वारा ग्राम प्रधान व मुखिया के माध्यम से आवेदन देकर अंचलाधिकारी सह प्रभारी सीडीपीओ विजय कुमार को अवगत कराया था। जिस निमित ग्राम प्रधान व मुखिया की उपस्थिति मे सेविका का चुनाव किया गया था। बाल विकास परियोजना के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के नीचे तुरियाडीह में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका का पद खाली था। जिसे देखते हुए विभाग के निर्देश पर चुनाव प्रक्रिया कर जिला को अनुमोदन के लिऐ पूर्व में भेजा गया था। जिला से अनुमोदन के उपरांत उक्त आंगनबाड़ी केन्द्र का सेविका पद हेतु सविता भगत का नाम शुक्रवार को पूर्ण रूप से चयन किया गया। चयनित सेविका सविता भगत को अंचलाधिकारी सह प्रभारी सीडीपीओ विजय कुमार ने शुक्रवार को नियुक्ति पत्र देते हुए कहा की बाल विकास परियोजना कार्यालय प्रखंड पेशरार का दो पंचायत हेसाग एवं तेइमू जो सेन्हा प्रखंड से संचालित होता है। जिसे बताते हुए सेविका सविता भगत को नियुक्ति पत्र प्रदान के पश्चात कहा की आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन समय से करेंगे समय आने पर प्रशिक्षण के लिऐ भेजा जायेगा। मोबाइल चलाना सीखेगे क्योंकि केंद्र का सभी कार्य ऑनलाइन करना है। साथ ही अन्य सेविकाओं से सहयोग ले सभी पुस्तिका का संधारण करने का निर्देश दिया गया है।

## प्रबंधक क्षितिज वर्मा ने वित्तीय सहायता केंद्र के अंतर्गत सक्षम सेंटर का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहतदगा :** आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित ज्ञान ज्योति क्लस्टर संघ कार्यालय मे सक्षम सेन्टर का उद्घाटन किया गया। सेन्हा प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित ज्ञान ज्योति संघ कार्यालय सेन्हा में वितीय सहायता केंद्र के अंतर्गत सक्षम सेन्टर का उद्घाटन बैंक ऑफ इंडिया सेन्हा शाखा के प्रबंधक क्षितिज वर्मा द्वारा फीता काटकर व नारियल फोड़ किया गया। वितीय सहायता केंद्र के अंतर्गत सक्षम सेन्टर के माध्यम से पंचायत स्तर पर कैश लेश लेन देन करने के लिये जानकारी देना और स्वयं सहायता समूह को ग्रामीण वितीय सेवा के तहत ऋ़ण, बीमा, पेंशन, स्वास्थ्य बीमा और बचत के सम्बन्ध में परामर्श देना मुख्य उद्देश्य है। जिसे ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएँ महिला मंडल से जुड़कर लाभ प्राप्त कर सकती हैं। साथ ही उद्घाटन के पश्चात प्रखंड क्षेत्र के सेन्हा और सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत में कैम्प आयोजित कर महिलाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर जयन्त महिमा कंडुलना, उमंग, सज्जाद अंसारी के अलावे प्रेममनी पन्ना, ललिता देवी, गीता देवी, लीला उराँव, आशा देवी, राजमुनी उराँव, अचरज देवी, जयमन्ती उराँव सहित महिला मंडल की सभी दीदी उपस्थित थीं।

## किशोर करेगें बराबरी वाले समाज का निर्माण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्वास्थ्य विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत पेशरार प्रखण्ड के स्वास्थ्य उपकेंद्र मक्का में चयनित पियर एजुकेटर (साथिया) का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन। इस प्रशिक्षण में उपस्थित साथिया को डिस्ट्रिक्ट काउंसलर के द्वारा आर.के.एस.के कार्यक्रम, पियर एजुकेटर (साथिया) कि भूमिका तथा युवा मैत्री केंद्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षक के द्वारा नशा पान,गैर संचारी रोग, मानव तस्करी, बाल विवाह, इसके अलावा समाज में महिला पुरुष समानता लाने में किशोरों कि भूमिका पर विशेष रूप से जानकारी दी गई। साथ ही इस प्रशिक्षण में बाल विवाह के दुष्परिणाम पर विशेष जानकारी देते हुए बतलाया गया कि हम सभी को मिलकर इस दिशा में विशेष ध्यान देने कि जरूरत है और आप अपने गावं के किशोर के लीडर हैं आप सभी किशोरों को जागरुक कर बाल विवाह मुक्त गावं बनाने में अपना मतवपूर्ण योगदान दे सकते है और किशोरियों को अपना एक सपना गढ़ने का मौका दे सकते है साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि जो सदियों से महिला पुरुष के बिच भेद-भाव कि परम्परा चली आ रही है उसके लिए किशोरों को आगे आना होगा कि हम ये परम्परा को तोड़ सके और एक बराबरी वाले समाज का निर्माण कर सके और इसके लिए किशोर कि भूमिका मतवपूर्ण है।

## शोकाकुल परिवार को आपदा विभाग से दिलवाएंगे मुआवजा की राशि : आलोक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ कैरो प्रखंड के ग्राम नरौली पहुंचकर तीन दिन पूर्व सकूर अंसारी की 16 वर्षीय बेटी मैरून खातून का खेत में काम करने के दौरान हुई ब्रजपात से उनकी मौत हो गई थी उनके परिवारों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट किए। मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि शोकाकुल परिवारों को हर संभव सहायता करेगी कांग्रेस। श्री साहू ने मौके पर से ही जिला आपदा पदाधिकारी विभूति जी से वार्ता कर सरकारी प्रावधान के अंतर्गत चार लाख रूपए मुआवजा देने की बात कहे। आपदा पदाधिकारी ने कहा कि कागजी प्रक्रिया के उपरांत चार लाख की राशि शोकाकुल परिवार को दिया जाएगा। मौके पर से ही श्री साहू ने कैरो अंचलाधिकारी कमलेश उरांव से वार्ता कर जल्द से जल्द कागजी प्रक्रिया पूरा करने का आग्रह किया ताकि समय शोकाकुल परिवारों को मुआवजा मिल सके। मौके पर परिजनों के अलावा लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विजय चौहान, बड़ागाई पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष शाहजहां अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, अनवर अंसारी, करमा उरांव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## वाहन में लादकर तस्करी के लिए जा रहे 10 मवेशी ज़ब्त, 5 तस्कर गिरफ्तार एक फरार



**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू चंदवा मुख्य पथ एनएच 75 के टीको के समीप कुडू थाना पुलिस ने पशुओं से लदी एक टाटा योद्धा वाहन निबंधन संख्या जेएच 03 एजे -2503 को जब्त किया गया है। जब्त वाहन में 10 गोवंशीय पशु मिले हैं। जिन्हें तस्करी कर ले जाया जा रहा था। सवार लोगों से पशुओं से संबंधित कागज़ात की मांग करने पर न तो कोई कागज़ प्रस्तुत किया गया और न ही संतोषजनक जवाब दिया गया। जिसके बाद पुलिस ने पशु लदे वाहन और उसमें बैठे चालक सहीत सभी 5 लोगों को थाना लाया और मामले में कुल 6 लोगों पर संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमे इरशाद कुरैशी, पिता आलम कुरैशी, कसाब मुहल्ला थाना मेदिनीनगर जिला पलामू, सबीर कुरैशी पिता जहीर कुरैशी डोरंडा, थाना डोरंडा जिला राँची, शेरू खान पिता मुम्ताज खान शाहपुर थाना चैनपुर जिला पलामू, राजा अली पिता जाफर अली पहाड़ी मुहल्ला, हुसैन नगर थाना मेदिनीनगर जिला पलामू, शाहरुख खान पिता मुर्तुजा खान कुड़ी कमता थाना रेहला जिला पलामू को जेल भेज दिया गया जबकि गढ़वा निवासी ताहिर अंसारी पिता नामालूम फरार है। फिलहाल जब्त किए गए पशुओं को ग्रामीणों में जिम्मेनामा पर सौंपने की तैयारी चल रही है।

# सरस्वती शिशु मंदिर के संस्थापक श्रद्धेय मनमोहन लाल अग्रवाल के प्रतिमा का हुआ अनावरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय मनमोहन लाल अग्रवाल जी के प्रतिमा का अनावरण उत्तर पूर्वी क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री शाह प्रदेश मंत्री विद्या विकास समिति झारखंड श्री राम अवतार नरसरिया की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ साथ ही साथ स्वर्गीय मनमोहन लाल अग्रवाल की धर्मपत्नी प्रभावती देवी एवं मनोहर लाल अग्रवाल की धर्मपत्नी शीला अग्रवाल के कर कमलों द्वारा प्रतिमा का अनावरण किया गया इस अवसर पर स्व मनमोहन लाल अग्रवाल के समस्त परिवार के पुत्र पौत्र पुत्र वधू तथा स्व बृजमोहन लाल अग्रवाल के पुत्र श्री अनिल कुमार अग्रवाल के साथ-साथ उनके परिवार के समस्त जन उपस्थित थे। वंदना सभा में सरस्वती वंदना के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथियों का स्वागत एवं परिचय प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे जी के द्वारा अंगवस्त्र एवं श्रीफल प्रदान कर किया गया। अध्यक्ष श्री शशिधर लाल अग्रवाल जी द्वारा स्वर्गीय मनमोहन लाल अग्रवाल जी के जीवन पर वृत्त प्रस्तुत किया गया। प्राची सोनी आस्था पांडे पलक कुमारी आदित्य राज अमृता कुमारी त्रिशा जयसवाल तथा उनकी सहेलियों द्वारा स्वागत गीत नृत्य प्रस्तुत किया गया। वनवासी कल्याण केंद्र के अखिल भारतीय अधिकारी श्री कृपाशंकर सिंह ने कहा स्वर्गीय श्री मनमोहन लाल अग्रवाल जी अति विनम्र एवं सरल व्यक्तित्व के संघ के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में विभाग प्रमुख बने तथा शिक्षा के विकास के लिए अपना अमूल्य योगदान दिए। श्री अनिल कुमार अग्रवाल जी ने कहा मनमोहन लाल अग्रवाल जी का व्यक्तित्व समाज परिवार के लिए प्रेरणादाई है संघ एवं समाज के सच्चे सेवक थे। श्री सुधीर अग्रवाल जी ने कहा मनमोहन बाबू समय पालक थे समय पर सारे कार्य करते थे संघ के कार्यक्रम में समय से 5 मिनट पूर्व थे। शिशु कक्षा के भैया द्वारा रोचक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रदेश मंत्री जी श्री राम अवतार नरसरिया ने कहा आज की घड़ी अनमोल है। मनमोहन बाबू का व्यक्तित्व एवं कृतित्व अनुकरणीय है वे समाज के अनमोल कार्यकर्ता थे। आशिक कुमारी अंजली कुमारी अंशु भगत एवं उनकी सहेलियों द्वारा सुंदर गीत नृत्य प्रस्तुत किया गया। संरक्षक श्री कृष्ण प्रसाद जी द्वारा आशीर्वचन प्रदान किया गया। आज के इस कार्यक्रम में अजय प्रसाद, कीनेश्वर महतो, विपिन दास, उत्तम मुखर्जी, अजय पंकज, सुधीर अग्रवाल, अजय मित्तल, अमर कांत शुक्ला, राजीव, गोरखनाथ पांडे, पुष्कर महतो, शिव शंकर सिंह, कमलावती सिंह, सरिता जयसवाल, राजकुमार दीक्षित, उमाकांत लाल अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, डॉ रोहित कुमार, विनोद राय, चंद्रशेखर लाल अग्रवाल, सुरेश चंद्र पांडे, कृपा शंकर, अभिभावक बंधु भगिनी एवं समस्त आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

## राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सिमडेगा में खुला कॉमन सर्विस सेवा केन्द्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पॉलिटेक्निक कॉलेज सिमडेगा में कॉमन सर्विस सेवा केंद्र का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संदीप शर्मा के द्वारा किया गया। कॉलेज के प्राचार्य ने कॉलेज परिसर में सीएससी केंद्र खुलने पर हर्ष व्यक्त किया एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र के खुलने से विधार्थियों को सभी प्रकार की डिजिटल सेवाएँ जैसे परीक्षा आवेदन पत्र, एड्मिट कार्ड, फीस पेमेंट इत्यादि सुविधाएं के लिए कहीं और जाने की जरूरत नही पड़ेगी। सीएससी के जिला प्रबंधक के द्वारा बताया गया कि कॉलेज परिसर में खुले स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर से ग्लोबल सर्टिफिकेशन कोर्स एवं रोजगार उन्मुख शॉर्ट टर्म कोर्स , वोकेशनल कोर्स आदि की शिक्षण संबंधी सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी। कॉमन सर्विस सेवा केंद्र के माध्यम से छात्र अब ग्लोबल सर्टिफिकेशन कोर्स जैसे माइक्रोसॉफ्ट, टैलि, औटोकेड, अडोबे फॉटोशॉप, आईटीआई, आईआईटी बॉम्बे, एनआईईएलआईटी, सरकारी परीक्षा, आईबीएम जैसे संस्थाओं के और से उपलब्ध कोर्स कर सकते हैं। साथ ही छात्रावास के छात्र अपने रोजमर्रा के सामग्री भी ऑनलाइन आर्डर करके डिस्काउंट के साथ प्राप्त कर सकते हैं।

## चलते चलते एक नजर

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने किया लिंगराज मंदिर का दर्शन



**भुवनेश्वर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ओडिशा दौरे के क्रम में आज भुवनेश्वर स्थित प्राचीन और ऐतिहासिक लिंगराज मंदिर के दर्शन किए। इस मौके पर उन्होंने अपनी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन संग पूरे विधि- विधान से भगवान त्रिभुवनेश्वर (शिव) की पूजा-अर्चना कर झारखण्ड और झारखंड वासियों के प्रगति, सुख - शांति- समृद्धि, खुशहाली और स्वस्थ जीवन की कामना की। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे ने भी मंदिर में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया।

**मुख्यमंत्री ने मंदिर में भगवान त्रिभुवनेश्वर की पूजा अर्चना कर झारखंड की उन्नति की कामना की**

### नितिन गडकरी ने शंघाई सहयोग संगठन के परिवहन मंत्रियों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली :** केंद्रीय परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के परिवहन मंत्रियों की 10वीं बैठक की अध्यक्षता की। गडकरी ने बैठक के बाद एक ट्वीट में कहा, परिवहन के क्षेत्र में एससीओ के सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष कार्य समूह की स्थापना की गई है। गडकरी ने अपने ट्वीट में कहा, यह समूह परिवहन में कार्बन उत्सर्जन को कम करने, डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने और अधिक टिकाऊ और कुशल परिवहन के लिए नवीन तकनीकों को लागू करने से संबंधित ज्ञान और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए बैठकों की सुविधा प्रदान करेगा। इस वर्ष भारत की अध्यक्षता में, एससीओ में वर्तमान में आठ सदस्य देश शामिल हैं - भारत, चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान। गडकरी ने कहा कि सभी सदस्य देशों ने अधिक दक्षता और स्थिरता प्राप्त करने के लिए परिवहन को डीकार्बोनाइज करने और डिजिटल परिवर्तन और नवीन तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए एससीओ सदस्य राज्यों के सहयोग की अवधारणा का समर्थन किया।

# उड़ीसा में 30 हजार आदिवासी बच्चे-बच्चियों से मिले सीएम हेमंत सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची-भुवनेश्वर :** सभी की सोच से अलग कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी और इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस के फाउंडर डॉ अच्युत सामंता ने हजारों गरीब और आदिवासी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का काम किया है, उनका यह प्रयास सराहनीय है। हमारे राज्य में भी सामंता जी आएं और झारखण्ड के नौनिहालों को मार्गदर्शन दें। यहां के आदिवासी बच्चों के लिए कैसे विकास की पटरी पर चलने का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। किसी भी समाज का विकास तभी संभव है। जब वह पढ़- लिखकर अपने परिवार और समाज तक शिक्षा का विस्तार कर सके। इसके लिए कार्य करना होगा। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी और इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस के समारोह में बच्चों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में हम कैसे बेहतर कर सकें। यह जानने और हजारों की संख्या में बैठे बच्चों से सीखने आज मैं यहां आया हूं। इसके साथ अच्छी चीजों को अपनाना चाहिए। आज संस्था के लिए कुछ तो मैं ला नहीं सका। लेकिन, मैं अपने एक माह का वेतन इस संस्थान को दूंगा।

**आदिवासी बच्चे विदेशों में उच्च शिक्षा ले रहें हैं:** मुख्यमंत्री ने कहा आज यह मंच हमें बहुत कुछ सोचने पर विवश करता है। बड़ी मुश्किल से आदिवासी समाज से आने वाला एक आदिवासी राज्य के सिर्फ पद पर पहुंचता है। 2019 दिसंबर से राज्य के विकास के लिए कार्य करने का अवसर मिला। लेकिन कोरोना संक्रमण काल में विकास की गति को कुछ समय के लिए रोक दिया। इसके बाद जब जीवन सामान्य हुआ तो झारखण्ड के आदिवासी क्षेत्रों में काम करने का मौका मिला। कई चीजों को हम लोगों ने बड़ी तेजी से आगे बढ़ाया है। देश में झारखण्ड पहला राज्य है, जहां आदिवासी के बच्चों को विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए शत प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान किया जाता है। मन में तसल्ली होती है कि जो समाज स्कूल से शिक्षा पाने के लिए तरसता है। उसे विदेशों में उच्च शिक्षा मिल रही है।



**झारखण्ड में नई यात्रा की शुरुआत होगी:** मुख्य सचिव श्री सुखदेव सिंह ने कहा कि भुवनेश्वर के इस यूनिवर्सिटी का नाम हम लोग वर्षों से सुनते आए थे। हमें लगता था कि यह संस्थान छोटे से जगह में बच्चों को शिक्षा दे रहे होंगे। लेकिन यहां आकर पता चला। यह तो साम्राज्य है। जिन्होंने इस यूनिवर्सिटी की स्थापना की उस पर जरूर भगवान की कृपा रही होगी। मुख्यमंत्री का काफी प्रयास है कि इस तरह की संस्थान का निर्माण झारखंड में भी हो। इसके लिए हम आपके बीच आए हैं।

**सबसे बड़ा आदिवासी संस्थान:** मालूम हो कि इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस पूरे विश्व में सबसे बड़ा आदिवासी संस्थान है, जिसे 1992-93 में डॉ अच्युत सामंता द्वारा शुरू किया गया था। इस संस्थान में देश भर के वंचित आदिवासी वर्ग के बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ रोजगारपरक बनाया जाता है। वर्तमान में यहां करीब 40 हजार आदिवासी बच्चों को प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा निःशुल्क प्रदान की जाती है, जिसमें अधिकतर बालिकाएं शिक्षा ग्रहण करती हैं।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सीएम की धर्म पत्नी कल्पना सोरेन किट और किस यूनिवर्सिटी के फाउंडर डॉ अच्युत सामंता, सीएम के प्रधान आप्त सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य उपस्थित थे।

## 30 को राजकीयकृत मध्य विद्यालय पंडरा में निःशुल्क मेडिकल कैंप

**कैम्प में रांची के प्रसिद्ध डॉक्टर्स, फिजिशियन शामिल रहेंगे**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** स्वस्थ रांची समृद्ध रांची के तहत आयोजित होने वाले निःशुल्क मेडिकल कैंप की सफलता को लेकर झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने शाम 4:00 बजे अपनी टीम के साथ पंडरा, अपर पंडरा बस्ती, लोअर पंडरा बस्ती, आम बगीचा क्षेत्र का डोर टू डोर भ्रमण कर आमजनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर कैंप में आने के लिए आमंत्रित किया।

झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान आमजनता से अपील करते हुए कहा कि प्रोफेशनल्स कांग्रेस की ओर से आगामी 30 अप्रैल को राजकीयकृत मध्य विद्यालय पंडरा में निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है, जिसमें रांची के प्रसिद्ध डॉक्टर्स, फिजिशियन शामिल रहेंगे। वार्ड 32 के पार्षद प्रतिनिधि संजय कुमार उर्फ (पप्पू सिंह) ने कहा कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लोगों के जीवन में बहुत जरूरी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से कार्यक्रम में मुंजी सिंह, वार्ड 32 के पार्षद प्रतिनिधि संजय कुमार (उर्फ पप्पू सिंह), सुमित साहू, राजीव चौरसिया, अमरजीत सिंह, सूरज झा, प्रेम कुमार, सोनू सिंह ,आकाश कुमार ,आशुतोष सिंह ,शिवम सिंह, रोशन शर्मा आदि कई लोग मौजूद रहे।

**जब तक चुनाव नहीं होता, हम सबों की ज्यादा जवाबदेही**

## योजनाओं की गुणवत्ता पर रहेगी पैनी नजर : महापौर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** महापौर अरुणा शंकर ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन कार्यालय में कई योजनाओं का शिलान्यास करते हुए कई चौक चौराहों के नामों का शीलापट का अनावरण एवं उद्घाटन किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि आज हम सबों का 2018-23 कार्यकाल का अंतिम दिन है। अब तक हम सब मिलकर हर योजनाओं को बनाते थे। मैं अपनी निगरानी में क्रियान्वयन कराती थी। ताकि बेहतर काम हो सके। अब मैं प्रहरी के रूप में हर योजनाओं पर पैनी नजर रखूंगी। ताकि मेरे कार्यकाल में बनाई गई हर योजनाएं धरातल पर सही ढंग से उतरे। महापौर ने कहा कि हमारे निगम कर्मियों की टीम काफी ऊर्जावान एवं संवेदनशील है।




झारखंड में शानदार प्रदर्शन करने वाला हमारा टीम रहा। तभी हम सब जीरो से 2022 में भारत सरकार स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन हो पाय। आशा है कि इन सब के देखरेख में हमारी सारी बनाई गई योजनाएं अच्छे ढंग से मूर्त रूप लेगी। महापौर ने कहा कि हमारे सारे पार्षद भाई- बहने उप महापौर मेरे छोटे भाई मंगल सिंह सभी ने अपने अपने क्षेत्र में उम्दा प्रदर्शन किए। हर क्षेत्र में काम हुआ। मैं उनका सम्मान करती हूं। हम सब मिलकर जनहित के सभी योजनाओं का क्रियान्वयन करते रहेंगे। क्योंकि हम सब हारे हुए नहीं जीते हुए प्रतिनिधि हैं। महापौर ने अपने सभी जिला एवं निगम प्रशासनिक पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज उन लोगों के मार्गदर्शन एवं साथ की वजह से निगम में ऐतिहासिक बदलाव हुआ। साथ ही समय-समय पर उनके मार्गदर्शन की वजह से मैं बेदाग रही। महापौर ने कहा कि जो योजनाएं स्वीकृत है, जिसका चंद दिनों में टेंडर होगा। उसमें वेंडर जोन,सब्जी एवं फल मार्केट, मीट मार्केट, सभी तालाबों का जीर्णोद्धार, कच्चारोवा डैम वाटर पार्क, सभी रोड का चौड़ीकरण,शहरी जलापूर्ति योजना, कोयल में बांध बनवाना प्रमुख है। आज महापौर ने शहीद चौक, जगदेव शर्मा चौक, भारत माता चौक, गांधी उद्यान का उद्घाटन भी किया साथ ही महाराजा अग्रसेन चौक, महाराजा जरासंध चौक, स्वर्गीय हवलदारी राम हलदर चौक एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश रहे बाबू बैजनाथ सिंह मार्ग के सिलापट का अनावरण कर उस मार्ग एवं चौक का नामकरण करते हुए कहा कि यह शुभ काम मेरे हाथों से करना लिखा था। जिससे कर मैं आज गौरवान्वित हूं।

# पौधरोपण कर पर्यावरणविद कौशल ने मनाया अपनी पोती का जन्मोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर शहर के बाईपास रोड स्थित पर्यावरण भवन के ऊपरी तल पर एवं दो नंबर टाउन टीवीएस शोरूम रोड के समीप निजी भूमि पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रनेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने 5 वर्षीय पोती अनुषा के नाम पर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर जन्मदिन मनाया। उन्होंने उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों की शपथ दिलाई। पर्यावरणविद ने कहा कि पर्यावरण धर्म के तहत लोग अपने जन्मदिन या जीवन के किसी भी महत्वपूर्ण अवसर को यादगार बनाने के लिए पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह बचाना चाहिए।पर्यावरण धर्मगुरु ने कहा कि अगर पलामू प्रमंडल को



प्रकृति की ब्लैक शैडो जोन से मुक्ति दिलाना है तो सभी लोगों को अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म को भी अपनाना होगा। अनुषा की दादी और संस्था के प्रधान सचिव सह डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता को अपने बच्चों को बचपन से ही उनके जन्मदिन पर पौधा लगाने और बचाने का शिक्षा और संस्कार देना चाहिए।अनुषा के पिता छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि उनके पिता को पर्यावरण की सेवा करते आज अर्द्धशतक पार कर गए। अनुषा के जन्मदिन पर उसके बड़े पिता प्रो अरुण कुमार जायसवाल, बड़ी मम्मी कोमल जायसवाल , दादा सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार, दादी गीता देवी, अल्पना देवी,बूआ शिक्षक ज्योति जायसवाल, पूर्णिमा कुमारी, फूफा रोहित जायसवाल चाचा निकू जायसवाल सुमित कुमार,अमन कुमार, भाजपा नेता डॉक्टर अजय जायसवाल मिट्ठू सिंह, पिंकी सिंह, डॉ अर्पण, डॉ शिप्रा,नेहा, अनीसा, मधु, अमृता, स्वाति, भोली, जूही , प्रतीक्षा, शिल्पा, नैंसी, श्रुति, किटो,बहन आराध्या, आशिका, आद्रिका , भाई आकाश समेत घर के सभी सदस्य और नाना नानी ने उसे बधाई देते हुए दीर्घायु जीवन की कामना किया है।

### हमें एकजुट होकर आतंकवाद से लड़ना चाहिए : राजनाथ

**नई दिल्ली :** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में शुरू हुई शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में सोशल मीडिया और क्राउडफंडिंग जैसे नए तरीकों का उपयोग करके आतंकवादियों के आलोक में एकजुट होकर आतंकवाद से लड़ने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।सिंह ने कहा, हमें एकजुट होकर आतंकवाद से लड़ना चाहिए। अगर एससीओ को मजबूत बनकर उभरना है, तो हमें एक साथ लड़ना होगा। आतंकी समूह सोशल मीडिया और क्राउडफंडिंग जैसे नए तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि भारत एससीओ को मजबूत बनाने, एससीओ के शासनादेश के कार्यान्वयन में योगदान देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सिंह ने कहा, भारत एससीओ को मजबूत बनाने, एससीओ के शासनादेश के कार्यान्वयन में योगदान देने और हमारी आम चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# जदयू छोड़ भाजपा में शामिल हुए अजय आलोक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** जद (यू) के पूर्व नेता अजय आलोक शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए, और कहा कि अगर उन्हें मोदी मिशन में 1 प्रतिशत का भी योगदान करने का मौका मिलता है तो यह उनके लिए सौभाग्य की बात होगी। दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की मौजूदगी में अजय आलोक बीजेपी में शामिल हुए। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, अजय ने कहा, अगर मुझे मोदी मिशन में 1 प्रतिशत भी योगदान करने का मौका मिलता है तो यह मेरे लिए सौभाग्य की बात होगी। अजय ने यह भी कहा कि आज का दिन खास है और बीजेपी उनके लिए एक राजनीतिक पार्टी से ज्यादा एक परिवार की तरह है। अजय आलोक ने कहा, आज का दिन विशेष है। मैं आज एक ऐसे परिवार में शामिल हुआ हूं, जिसके मुखिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। देश उनके



विचारों और नीतियों से प्रभावित है। अजय आलोक को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पिछले साल जून में जद (यू) की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया गया था। अजय आलोक के अलावा, जद (यू) ने भी राज्य महासचिव अनिल कुमार और विपिन कुमार यादव को प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया। पार्टी के प्रदेश महासचिव अनिल कुमार व विपिन यादव और प्रवक्ता अजय आलोक को उनके पद से मुक्त कर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित किया जाता है। पार्टी नेता जितेंद्र नीरज को भी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित किया जा रहा है।पार्टी को मजबूत करने के लिए यह फैसला लिया गया है, और अनुशासन बनाए रखें, बिहार जद (यू) प्रमुख उमेश सिंह कुशवाहा ने संवाददाताओं से कहा। बयान में कहा गया, पिछले कुछ महीनों से पार्टी के हितों के खिलाफ कार्यक्रम चलाने और कार्यकर्ताओं को गुमराह करने की शिकायतें मिल रही थीं। अपने निष्कासन के बाद, अजय आलोक ने पार्टी को उन्हें मुक्त करने के लिए धन्यवाद दिया और पार्टी को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा था, बड़ी देर कर दी मेहरबान आते आते।

**पलामू से निकला आम आदमी पार्टी का सदस्यता रथ**

## 90 दिनों के अंदर पलामू में 10 हजार सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य : राकेश तिवारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आम आदमी पार्टी ने अपने सदस्यता रथ को तमाम पार्टी पदाधिकारियों और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.जीएलए कॉलेज के पास एक समारोह में आम आदमी पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता और पलामू के संगठन विस्तार प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव ने जिला संयोजक चंद्रबली चौबे और कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी तथा जिला कार्यकारी सचिव सुधीर कुमार, जिला संगठन मंत्री अरुण कुमार और अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी के सदस्यता रथ को रवाना किया.इस अवसर पर पलामू के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी की अगुवाई में आप वारियर्स का एक आप स्क्वायड भी गठित किया गया जिसमें लगभग 25 युवाओं को आने वाले 90 दिनों के भीतर 100 स्थानों पर सदस्यता शिविर लगाकर इस रथ के माध्यम से 10000 लोगों को जुड़ने का एक कार्यक्रम तय किया गया.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव ने कहा की पलामू हमेशा से संगठनात्मक दृष्टि से मजबूत रहा है। संयोजक श्री चंद्रबली चौबे ने कहा कि पलामू के लोग ही पलामू के जन समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि अब पलामू में जिस प्रकार से पार्टी को आम लोगों और युवाओं का समर्थन मिल रहा है, वह दिन दूर नहीं जब यहां से आम आदमी पार्टी का विधायक होगा और जनता की सारे समस्याओं पर सकारात्मकता से हल निकालने का प्रयास किया जाएगा.

कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी के कई पदाधिकारी, पलामू के विभिन्न प्रखंडों से आए हुए आम आदमी पार्टी के कई कार्यकर्ता और विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और आम आदमी पार्टी के समर्थकों ने शिरकत की.

### विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय जनसंवाद कार्यक्रम है मन की बात : दीपक प्रकाश

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से जनता से सीधा संवाद विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय गैर राजनीतिक संवाद कार्यक्रम है। वे शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के प्रभावशाली व्यक्तित्व, विचार, संस्कृति, संस्कार, प्रगति को संवाद के माध्यम से दुनिया के सामने लाने का अनूठा कार्यक्रम प्रधानमंत्री ने 30 अक्टूबर, 2014 को विजयादशमी के अवसर पर प्रारंभ किया। निर्विघ्न रूप से प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आगे बढ़ता यह कार्यक्रम 100वें संस्करण में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 3.50 लाख बूथों पर 3.50 करोड़ लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 100 स्थान के हिसाब से 81 विधानसभाओं में 8100 स्थानों के अतिरिक्त 900 विशेष स्थान भी निर्धारित हैं।

# आदिवासियों की जमीन लूटने का किया जा रहा प्रयास : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग के मंत्री और झारखण्ड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा है कि, भुईहर मुंडा को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के लिये राज्य सरकार पूरी तरीके से सहमत है। इस संबंध में सरकार ने अपनी अनुशंसा केंद्र सरकार को भेज दी है और केंद्र की सहमति मिलने के बाद भुईहर मुंडा को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दे दिया जायेगा। रांची में भुईहर मुंडा अनुसूचित जनजाति के लोगों के सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए आलम ने स्वीकार किया कि ना केवल आरक्षण में बल्कि अनेक सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में भुईहर मुंडा जनजाति समुदाय के सदस्य असमर्थ हैं क्योंकि अधिकारिक रूप से उन्हें अनुसूचित



जनजाति का दर्जा प्राप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की पूरी जानकारी है कि भुईहर मुंडा, मुंडा जनजाति की पहली उपजाति है लेकिन झारखण्ड गठन के बाद प्रशासनिक स्तर पर हुई त्रुटियों के कारण उन्हें अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) का दर्जा दिया गया जबकि बाद में भारत सरकार के जनजातीय मामलों से संबंधित मंत्रालय द्वारा इस जनजाति को सामान्य बताया गया जिससे भुईहर मुंडा जाति के लोगों की परेशानी बहुत अधिक बढ़ गयी है।

आलम ने कहा कि, मांडर कि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने इस मामले को झारखण्ड विधानसभा में उठाया था और उन्हें इस मुद्दे की गंभीरता की पूरी जानकारी है। समारोह में बोलते हुए कांग्रेस के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि, उनकी पार्टी हर स्तर पर भुईहर मुंडा के न्यायोचित अधिकार के लिये उनके आंदोलन को न केवल लड़ेगी बल्कि उसे उसके अंजाम तक भी पहुंचायेगी। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि एक साजिश के तहत अनुसूचित जनजाति की आबादी को सांख्यिकी रूप से कम करके दिखाने के लिए इस तरह की गड़बड़ियां की जाती है जिसमें ऊपर से तो लगता है कि यह प्रशासनिक स्तर पर त्रुटि है या लिपिकीय भूल है लेकिन वास्तव में इसकी पृष्ठभूमि में गहरी साजिश होती है और प्रयास जमीन लूटने का भी होता है। तिर्की ने कहा कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और अन्य अनेक राज्यों में भुईहर मुंडा को आधिकारिक रूप से अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त है। सम्मेलन में मुख्य रूप से सत्यप्रकाश मुंडा, शिरील टोप्पो, सोहरई मुंडा, मनीराम भुईहर, रामसकल भुईहर, सागर पाहन, जॉनसन मुंडा, बासीर मुंडा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।